RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 272
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पूर्वी लद्दाख में विवाद हल करने का हो रहा प्रयास
राष्ट्रीय-11

# दिल्ली सेवा बिल राज्यसभा से भी पास

● संसद ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक को दी मंजूरी, पक्ष में 131 और विपक्ष में पड़े 102 वोट

● चर्चा का जवाब देते गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- विधेयक का मकसद लोगों के हितों की रक्षा करना है, आप सरकार के हक छीनना नहीं

● इंडिया गठबंधन ने कानून को बताया अलोकतांत्रिक और संघवाद की भावना के खिलाफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** ने सोमवार को विवादास्पद दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023 को मतविभाजन के बाद मंजूरी दे दी। यह विधेयक दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लागू अध्यादेश का स्थान लेगा। राज्यसभा में विधेयक के पक्ष में 131, जबकि इसके खिलाफ 102 मत पड़े। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। उच्च सदन में सात घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। गृह मंत्री के जवाब के बाद सदन ने इस संबंध में पहले लागू अध्यादेश को अस्वीकार करने के कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों के सांविधिक संकल्प को नामंजूर कर दिया। इसके साथ विपक्ष द्वारा पेश संशोधनों को भी नामंजूर कर दिया गया।

चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में अधिकारियों के तबादले एवं तैनाती से जुड़े अध्यादेश के स्थान पर लाए गए विधेयक का मकसद राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के हितों की रक्षा करना है, आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के अधिकार छीनना नहीं। गृह मंत्री शाह ने कहा है कि विधेयक का उद्देश्य दिल्ली में भ्रष्टाचार विहीन और लोकाभिमुख शासन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में जो व्यवस्था थी, उसमें इस विधेयक के माध्यम से किंचित मात्र भी परिवर्तन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कई मायनों में सभी राज्यों से अलग प्रदेश है, क्योंकि यहां संसद, कई संस्थाएं, उच्चतम न्यायालय हैं वहीं कई राष्ट्राध्यक्ष यहां चर्चा करने आते हैं, इसीलिए इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा के साथ सीमित अधिकार वाला केंद्र शासित प्रदेश है।गृह मंत्री ने कहा कि 1991 से 2015 तक दिल्ली में विभिन्न दलों की सरकारें रहीं और इस दौरान अधिकारियों के तबादले एवं पदोन्नति इसी तरह होते रहे। उन्होंने कहा कि उस दौरान केंद्र एवं राज्य में कभी भाजपा की सरकार थी और कभी कांग्रेस की, किंतु कभी इनके बीच टकराव नहीं हुआ। (शेष पेज 9)



राज्य सभा में सोमवार को दिल्ली सेवा बिल पर बोलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## बोले केजरीवाल, लोकतंत्र के लिए आज काला दिन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सेवा विधेयक राज्यसभा में पास होने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के लिए आज काला दिन है। उन्होंने कहा कि लोगों को गुलाम बनाने वाला गैर-संवैधानिक कानून पास कराकर दिल्ली के लोगों के वोट और अधिकारों का अपमान किया गया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि देश के गृहमंत्री ने संसद में कहा है कि हमारे पास कानून पारित करने की शक्ति है, तो मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि आपको लोगों के लिए काम करने की शक्ति दी गई है, उनके अधिकार छीनने की नहीं। प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं मानते। जनता ने उन्हें हराकर साफ संदेश दिया था कि केंद्र सरकार दिल्ली में दखल न दे, लेकिन प्रधानमंत्री जनता की आवाज सुनना ही नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आप के खिलाफ चार चुनाव हार चुकी है, अगले लोकसभा चुनाव में दिल्ली में भगवा दल को एक भी सीट नहीं मिलेगी, इसलिए वे बैकडोर से सत्ता हथियाना चाहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने तीन पूर्व महिला जजों की कमेटी बनाई

**मणिपुर हिंसा**

● राहत और पुनर्वास कार्य की निगरानी करेंगी, कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस प्रमुख दत्तात्रेय पडसालगिकर से आपराधिक मामलों की जांच की निगरानी करने को भी कहा

● 11 प्राथमिकी सीबीआई को स्थानांतरित की जाएंगी, 42 राज्य एसआईटी उन मामलों को देखेगी, जिन्हें सीबीआई को स्थानांतरित नहीं करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मणिपुर हिंसा में प्रभावित लोगों के राहत और पुनर्वास कार्यों की निगरानी तथा मुआवजे के लिए विभिन्न उच्च न्यायालयों की तीन पूर्व महिला न्यायाधीशों की एक समिति गठित करने की सोमवार को घोषणा की। इसके अलावा न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस प्रमुख दत्तात्रेय पडसालगिकर से आपराधिक मामलों की जांच की निगरानी करने को भी कहा। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत का प्रयास राज्य में कानून के शासन में विश्वास की भावना बहाल करना है। शीर्ष अदालत ने वहां (मणिपुर में) समग्र स्थिति की निगरानी करने का भी फैसला किया। न्यायालय ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति उसे सीधे रिपोर्ट सौंपेगी। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल तीन-सदस्यीय समिति की अध्यक्ष होंगी। पीठ ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) शालिनी पी. जोशी और दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) आशा मेनन समिति की दो अन्य सदस्य होंगी। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।



सीमावर्ती राज्य के और अधिक अराजकता में डूबने, और लोगों के मारे जाने तथा आगजनी व तबाही की खबरों के संज्ञान में होने का उल्लेख करते हुए पीठ ने महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के वीडियो को बेहद परेशान करने वाला करार देते हुए कहा कि वह प्रभावित लोगों के राहत और पुनर्वास की निगरानी के लिए उच्च न्यायालय के तीन पूर्व न्यायाधीशों की एक समिति नियुक्त करेगी। उसने कहा कि समिति राहत, उपचारात्मक उपायों एवं पुनर्वास कार्यों, मुआवजा, घरों व पूजास्थलों की मरम्मत के साथ-साथ अन्य चीजों की निगरानी करेगी। पीठ ने कहा कि न्यायाधीशों की समिति राहत शिविरों का दौरा करेगी और वहां स्थिति का आकलन करेगी। मामलों की जांच पर न्यायालय ने कहा कि 11 प्राथमिकी सीबीआई को स्थानांतरित की जाएंगी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि भरोसे की भावना बहाल हो, वह निर्देश देगी कि जांच की निगरानी के लिए कम से कम वैसे पांच अधिकारी विभिन्न राज्यों से प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई में लाए जाएं, जो पुलिस उपाधीक्षक के पद से नीचे के न हों। इसमें कहा गया है कि ये अधिकारी सीबीआई के प्रशासनिक ढांचे के भीतर काम करेंगे और केंद्रीय एजेंसी में संयुक्त निदेशक रैंक के एक अधिकारी द्वारा उनकी निगरानी की जा सकती है। पीठ ने कहा, हम जांच की एक और परत जोड़ने जा रहे हैं। हमने अधिकारी की पहचान पहले ही कर ली है। न्यायालय ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक दत्तात्रय पडसालगिकर समग्र जांच की निगरानी करेंगे और हमें घटनाक्रम से अवगत कराते रहेंगे। इसमें कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा उसके सामने रखी गई रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 42 राज्य एसआईटी उन मामलों को देखेगी, जिन्हें सीबीआई को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। पीठ ने कहा कि इनमें से प्रत्येक एसआईटी के लिए दूसरे राज्य से कम से कम एक निरीक्षक को मणिपुर पुलिस में प्रतिनियुक्ति पर लाया जाए। इसमें कहा गया है कि इन 42 एसआईटी की निगरानी छह उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रैंक के अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए जो मणिपुर राज्य के बाहर से आएंगे। पीठ ने कहा कि विस्तृत आदेश शाम को शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। सुनवाई के दौरान मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी और राज्य के डीजीपी राजीव सिंह पीठ के समक्ष पेश हुए। शीर्ष विधि अधिकारियों ने मामलों के पृथक्करण सहित उन मुद्दों पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। (शेष पेज 9)

# कोर्ट ने नूंह में ध्वस्तीकरण पर लगाई रोक

● गुरुग्राम अज्ञात लोगों ने धार्मिक स्थल को निशाना बनाने की कोशिश की

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/चंडीगढ़

**पंजाब** और हरियाणा उच्च न्यायालय ने नूंह में ध्वस्तीकरण अभियान पर सोमवार को रोक लगा दी, जहां पिछले सप्ताह सांप्रदायिक झड़पों के बाद प्रशासन अवैध रूप से निर्मित इमारतों पर बुलडोजर चला रहा था। वहीं, अज्ञात लोगों ने गुरुग्राम में एक मजार में इबादत से संबंधित सामग्री में कथित तौर पर आग लगा दी। न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया की अदालत ने नूंह में तोड़फोड़ कार्रवाई का स्वतः संज्ञान लिया और हरियाणा सरकार को ध्वस्तीकरण अभियान रोकने का निर्देश दिया। जब 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की यात्रा को पथराव करने वाली भीड़ ने निशाना बनाया था तो कुछ इमारतों का इस्तेमाल दंगाइयों द्वारा किया गया था।



नूंह में सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन द्वारा चलाए गए अभियान के बाद मलबे को देखते दुकान मालिक।

इसके बाद सांप्रदायिक झड़पें हुईं जो गुरुग्राम तक फैल गईं। हिंसा में होम गार्ड के दो जवान और एक मौलवी समेत छह लोग मारे गए। गुरुग्राम के एक गांव में स्थित मजार में अज्ञात लोगों के एक समूह ने सोमवार तड़के इबादत से संबंधित सामग्री में कथित तौर पर आग लगा दी।

मजार की देखरेख करने वाले व्यक्ति ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पाए जाने तक इबादत से जुड़ी कुछ सामग्री आग में जल गई। मजार में मुस्लिम और हिंदू, दोनों समुदायों के लोग पहुंचते हैं। मजार की देखरेख करने वाले घसीटा राम द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, रविवार रात साढ़े आठ बजे जब वह खांडसा गांव स्थित मजार से फिरोज गांधी कॉलोनी स्थित अपने घर के लिए निकले तो सब कुछ सामान्य था। उन्होंने सेक्टर-37 पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा रात लगभग एक बजकर 30 मिनट पर मुझे मजार के पास रहने वाले किसी व्यक्ति का फोन आया कि कुछ अज्ञात लोगों ने इसमें आग लगा दी है। राम ने कहा कि लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। (शेष पेज 9)

# संसद में राहुल पर भाजपा हमलावर

● सांसद निशिकांत दुबे ने न्यूजक्लिक के बहाने कांग्रेस पर लगाया भारत विरोधी तत्वों से साठगांठ का आरोप ● अनुराग ठाकुर ने कहा- राहुल की मुहब्बत की दुकान पर बिक रहा चीनी सामान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मानहानि** मामले में अदालत से राहत मिलने के बाद अपनी संसद सदस्यता बहाल होने पर सोमवार को लोकसभा में लौटे राहुल गांधी पर भाजपा ने तीखा हमला बोला। सत्ताधारी पार्टी ने न्यूजक्लिक वेबसाइट के संबंध में अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी एक खबर के हवाले से विपक्षी दल को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस भारत विरोधी कार्यों में लिप्त है। सदन के बाहर भी भाजपा ने राहुल गांधी को निशाने पर लिया और उनकी मुहब्बत की दुकान पर चीनी सामान बेचे जाने का तंज कसा। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि राहुल सहित कांग्रेस नेताओं और समाचार समूह न्यूजक्लिक को भारत विरोधी माहौल बनाने के लिए चीन से धन मिला था। यह रिपोर्ट बीते 5 अगस्त को प्रकाशित हुई थी। दुबे ने सदन में कहा कि रिपोर्ट में 2021 में न्यूजक्लिक पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी का भी जिक्र किया गया है।

फरवरी 2021 में ईडी ने न्यूजक्लिक से जुड़े कई अधिकारियों और पत्रकारों के आवासों पर छापे मारे थे, जिनमें इसके मालिक प्रबीर पुरकायस्थ और संपादक प्रांजल पांडे भी शामिल थे। दुबे ने कहा कि न्यूजक्लिक भारत विरोधी गिरोह, टुकड़े-टुकड़े गैंग का हिस्सा है, जो भारत को तोड़ना चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूजक्लिक और उसके मालिक देश विरोधी ताकतों की मदद कर रहे हैं और भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए नक्सलियों और रोहिणी सिंह और स्वाति चतुर्वेदी जैसे पत्रकारों को पैसा दिया गया है। (शेष पेज 9)

# राहुल की वापसी से विपक्ष का बढ़ा हौसला

● अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग ले सकते हैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी, साढ़े चार महीने बाद संसद पहुंचे, विपक्षी सदस्यों ने किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी उपनाम वाली टिप्पणी से संबंधित मानहानि के मामले में उच्चतम न्यायालय से राहत मिलने के तीन दिन बाद उनकी लोकसभा सदस्यता सोमवार को बहाल कर दी गई।लोकसभा में सरकार के खिलाफ लाए गए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर आरंभ हो रही चर्चा से पहले राहुल गांधी की सदस्यता की बहाली विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के हौसले को बढ़ाने वाली है। राहुल गांधी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग ले सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या मंगलवार को राहुल गांधी सदन में बोलेंगे, तो कांग्रेस



अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, जरूर बोलेंगे। करीब साढ़े चार महीने तक संसद से दूर रहने के बाद राहुल गांधी लोकसभा सचिवालय की अधिसूचना जारी होने के कुछ घंटों के भीतर ही संसद भवन पहुंचे, जहां विपक्षी सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। लोकसभा सचिवालय ने अधिसूचना में कहा कि उच्चतम न्यायालय के चार अगस्त के फैसले के मद्देनजर गांधी की अयोग्यता संबंधी गत 24 मार्च की अधिसूचना का क्रियान्वयन आगामी फैसले तक रोका जाता है।

24 मार्च, 2023 की अधिसूचना की निरंतरता में उच्चतम न्यायालय ने चार अगस्त, 2023 को विशेष अनुमति याचिका (आपराधिक) संख्या 8644/2023 को लेकर एक आदेश पारित किया है, जिसमें केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य श्री राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी गई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सूरत) की अदालत द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2023 को दोषसिद्धि का आदेश पारित किया गया था। इसमें यह भी कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय के दिनांक चार अगस्त, 2023 के आदेश के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 102(1)(ई) के प्रावधानों के संदर्भ में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-आठ के आलोक में श्री राहुल गांधी की (बतौर सदस्य) अयोग्यता पर रोक लगा दी गई, जो आगे न्यायिक आदेशों पर निर्भर करेगी। सदस्यता बहाल होने के बाद राहुल करीब 12 बजे संसद भवन पहुंचे और लोकसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। संसद भवन पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने सबसे पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन किया और फिर सदन में गए। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में पार्टी के उप नेता प्रमोद तिवारी, सपा के रामगोपाल यादव, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन और कई अन्य विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के प्रवेश द्वार पर राहुल गांधी का स्वागत किया। (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### लोस से डिजिटल वैयक्तिक डाटा संरक्षण बिल पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को शोर-शराबे के बीच डिजिटल वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2023 को मंजूरी दे दी जिसमें डिजिटल व्यक्तिगत डाटा के संरक्षण तथा व्यक्तिगत डाटा का संवर्द्धन करने वाले निकायों पर साधारण और कुछ मामलों में विशेष बाध्यता लागू करने का उपबंध किया गया है। निचले सदन में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विधेयक देश के 140 करोड़ लोगों के डिजिटल वैयक्तिक डाटा की सुरक्षा से संबंधित है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में डिजिटल इंडिया की चर्चा चल रही है और दुनिया के कई देश इसे अपनाना चाहते है, चाहे डिजिटल भुगतान प्रणाली हो, आधार की व्यवस्था हो या डिजिटल लॉकर हो। वैष्णव ने कहा कि 90 करोड़ भारतीय इंटरनेट से जुड़ गए है और 4जी, 5जी और भारतनेट के माध्यम से छोटे-छोटे गांव तक डिजिटल सुविधा पहुंच गई है। विधेयक का उल्लेख करते हुए वैष्णव ने कहा कि पिछले कई वर्षों में संसद की स्थाई समिति सहित अनेक मंचों पर कई घंटों तक इस पर चर्चा हुई है।

## घुसपैठ की कोशिश नाकाम, हिज्ब कमांडर समेत दो आतंकवादी ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** पुंछ/जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी घुसपैठ और क्षेत्र में हिज्बुल मुजाहिदीन की गतिविधियों को फिर शुरू करने की कोशिशों को नाकाम करते हुए सोमवार तड़के प्रतिबंधित संगठन के एक स्वयंभू डिविजनल कमांडर और उसके अंगरक्षक को मार गिराया। हिज्बुल कमांडर मुनेसर हुसैन का शव बरामद कर लिया गया है, उसके अंगरक्षक की लाश अब भी देगवार सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास पड़ी हुई है। देगवार सेक्टर में जवानों ने अंधेरे का फायदा उठाकर सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को देखा, दोनों पक्षों में मुठभेड़ शुरू हो गई। लेफ्टिनेंट ने बताया कि रविवार को देर रात करीब दो बजे गढ़ी बटालियन इलाके में सेना और पुलिस के संयुक्त दल ने दो आतंकवादियों को घुसपैठ की कोशिश करते हुए देखा। (शेष पेज 9)

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में विपक्ष बाधा: मोदी

● कहा, भारत एक सुर में भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण को भारत छोड़ो के लिए बोल रहा है

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** ने खुद को इंडिया नाम देने वाले विपक्षी गठबंधन पर हमला तेज करते हुए कहा कि यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में बाधा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत एक सुर में भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण को भारत छोड़ो के लिए बोल रहा है। अपनी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा से एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने देश का वर्णन करने के लिए भारत शब्द का इस्तेमाल किया और विपक्ष के गठबंधन इंडिया पर हमला करते हुए इसे देश के लिए गंभीर खतरा बताया। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भारत मंडप में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार भारत के हथकरघा, खादी, कपड़ा क्षेत्र को विश्व गुरु बनाने की कोशिश कर रही है। मोदी ने बुनकरों और हथकरघा क्षेत्र के लिए 2014 से उनकी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल अब एक जन अभियान बन गया है। प्रधानमंत्री ने कपड़ा क्षेत्र व फैशन उद्योग से अपना दायरा बढ़ाने और भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में नव-मध्यम वर्ग का उदय हो रहा है, जो कपड़ा कंपनियों को बड़ा अवसर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को लेकर देश में एक नई क्रांति आई है और उन्होंने लोगों से रक्षा बंधन, गणेश चतुर्थी, दशहरा और दिवाली सहित आने वाले त्योहारों पर इसे बढ़ावा देने का आग्रह किया।



राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में लगी प्रदर्शनी देखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

मोदी ने नौ अगस्त की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि यह तारीख महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत के सबसे बड़े आंदोलन की गवाह रही है, जिन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ो का संदेश दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस नारे का इस्तेमाल अब ऐसे तत्वों को दूर करने के लिए किया जा सकता है जो विकसित भारत के निर्माण की राह में बाधा बन गए हैं। मोदी ने कहा, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना हमारा सपना है और हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन कुछ बुरे तत्व हैं जो बाधा बन गए हैं... पूरा भारत एक सुर में बोल रहा है...भ्रष्टाचार, वंशवाद, तुष्टिकरण भारत छोड़ो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में ए बुराइयां देश के लिए एक बड़ी चुनौती हैं और विश्वास जताया कि देश इनको मात देगा। प्रधानमंत्री ने कहा, देश की जीत होगी। भारत की जनता की जीत होगी।

भारत के हथकरघा उद्योग के योगदान को रेखांकित करने हुए मोदी ने कहा कि पुराने और नए का संगम आज के नए भारत को परिभाषित करता है। उन्होंने कहा, आज का भारत सिर्फ वोकल फॉर लोकल ही नहीं बल्कि इसे दुनियाभर तक ले जाने के लिए एक वैश्विक मंच भी प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नौ साल पहले खादी व ग्रामोद्योग का कारोबार केवल 25,000-30,000 करोड़ रुपए था, लेकिन आज यह 1.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा, हर जिले के, हर राज्य के हस्तशिल्प, हथकरघे से बनी चीज़ों को बढ़ावा देने के लिए सरकार एकता मॉल भी बना रही है। एकता मॉल में उस राज्य के हस्तकला उत्पाद एक छत के नीचे होंगे। इसका भी बहुत बड़ा फायदा हमारे हथकरघा क्षेत्र से जुड़े भाई-बहनों को मिलेगा। (शेष पेज 9)

## गुजरात में आप और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**आम** आदमी पार्टी की गुजरात इकाई के प्रमुख इसुदान गढ़वी ने सोमवार को यह बयान दे कर खलबली मचा दी कि आगामी लोकसभा चुनाव उनकी पार्टी और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे, क्योंकि दोनों दल विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्य हैं। गढ़वी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने कहा कि पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन करेगी। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि आप और कांग्रेस के बीच संभावित गठबंधन से सत्तारूढ़ पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही सत्तारूढ़ दल ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस की बी टीम करार दिया। गढ़वी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आप और कांग्रेस दोनों इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। यह चुनावी गठबंधन गुजरात में भी लागू किया जाएगा। (शेष पेज 9)

# कृषि भूमि के सर्किल रेट में 10 गुना तक बढ़ोतरी

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अधिकतम पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ किए जाने को मंजूरी दी

● जिलेवार तय सर्कल दरों में बढ़ोतरी की अधिसूचना एलजी की मंजूरी के बाद जारी की जाएगी : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजस्व मंत्री आतिशी सोमवार को एक प्रेसवार्ता में कृषि भूमि के सर्किल रेट में बढ़ोतरी की जानकारी देते हुए।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कृषि भूमि एवं यमुना नदी के निकट जमीन की सर्कल दर बढ़ा कर अधिकतम पांच करोड़ रुपए प्रति एकड़ किए जाने को मंजूरी दे दी। अब ये 2.25 से 5 करोड़ प्रति एकड़ हो जाएगा, साउथ व नई दिल्ली में सबसे अधिक 5 करोड प्रति एकड़ होगा।

राजस्व मंत्री आतिशी ने कृषि भूमि और यमुना बांध से सटी कृषि भूमि के सर्किल रेट बढ़ाने का प्रस्ताव सीएम के समक्ष रखा था, जिसे उन्होंने स्वीकृति दे दी। आतिशी ने सोमवार को कहा कि जिलेवार तय सर्कल दरों में बढ़ोतरी की अधिसूचना उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मंजूरी के बाद जारी की जाएगी। दिल्ली में कृषि भूमि का सर्कल रेट करीब 15 साल बाद बढा, वर्ष 2008 के बाद से नहीं बढ़ाया गया था सर्किल रेट। अभी सर्किल रेट 53 लाख रुपए प्रति एकड़ है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कृषि भूमि के रेट बढ़ाने की लंबे समय से मांग थी। कुछ वर्ष पहले उन्होंने बढ़ाए भी थे पर कुछ कारणों से वो लागू नहीं हो पाए। आज उन्हें दिल्ली के सभी किसानों को बताते हुए खुशी हो रही है कि उनकी यह मांग पूरी हुई। आपका बेटा आपके हित के लिए हमेशा काम करता रहेगा। अब किसान वाजिब कीमत पर अपनी जमीन बेच सकेंगे, सरकार भी विकास कार्य के लिए अधिग्रहित भूमि पर उचित मुआवजा दे सकेगी। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि अभी तक पूरी दिल्ली में जमीन का सर्किल रेट एक समान था। अब मार्केट रेट के अनुसार जिलावार सर्किल रेट तय किया गया है।

### दिल्ली सरकार का प्रस्तावित सर्कल रेट

| – जिला | ग्रीन बेल्ट विलेज | अर्बनाइज्ड विलेज | रूरल विलेज |
|---|---|---|---|
| – साउथ | 5.00 | 5.00 | 5.00 |
| – नॉर्थ | 3.00 | 3.00 | 3.00 |
| – वेस्ट | 3.00 | 3.00 | 3.00 |
| – नॉर्थ–वेस्ट | 3.00 | 3.00 | 3.00 |
| – साउथ–वेस्ट | 3.00 | 4.00 | 3.00 |
| – नई दिल्ली | 5.00 | 5.00 | 5.00 |
| – सेंट्रल | कोई नहीं | 2.50 | 2.50 |
| – साउथ–ईस्ट | कोई नहीं | 4.00 | 2.50 |
| – शहादरा | 2.25 | 2.25 | 2.25 |
| – नार्थ–ईस्ट | कोई नहीं | 2.25 | 2.25 |
| – ईस्ट | कोई नहीं | 2.25 | 2.25 |

नोट : सर्कल रेट प्रति एकड़ करोड में है।

आतिशी ने कहा कि दक्षिण दिल्ली एवं नई दिल्ली में कृषि भूमि की नई सर्कल दर पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ होगी। उत्तरी दिल्ली और दक्षिण पश्चिम दिल्ली जिलों में तीन करोड़ रुपये प्रति एकड़ और मध्य दिल्ली में दो करोड़ रुपए प्रति एकड़ होगी। दिल्ली में वर्ष 2008 से किसानों की जमीन की सर्कल दर 53 लाख रुपये प्रति एकड़ थी।

अब केजरीवाल सरकार ने कृषि भूमि के रेट नए सिरे से तय कर दिया है। पहले पूरी दिल्ली में कृषि भूमि का सर्किल रेट एक सामान होता था, लेकिन अब जिलेवार तय किया गया है। साथ ही, इसे ग्रीन बेल्ट विलेज, अर्बनाइज्ड विलेज और रूरल विलेज कटेगरी में बांटा गया है।

# राघव चड्ढा ने राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक का किया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● आप सांसद ने विधेयक को राजनीतिक धोखाधड़ी और संवैधानिक पाप बताया

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए दिल्ली सेवा विधेयक का विरोध किया। उन्होंने बिल को राजनीतिक धोखाधड़ी और संवैधानिक पाप करार दिया। चड्ढा ने विधेयक को सदन में अब तक प्रस्तुत किया गया सबसे अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक और अवैध कानून बताया।

सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का जिक्र करते हुए राघव चड्ढा ने इस बात पर जोर दिया कि 11 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला दिया था कि एनसीटी दिल्ली सरकार में सिविल सेवक मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली निर्वाचित मंत्रिपरिषद के प्रति जवाबदेह हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह जवाबदेही सरकार के लोकतांत्रिक और जवाबदेह स्वरूप के लिए आवश्यक है।

इस सिद्धांत के विपरीत यह अध्यादेश दिल्ली की निर्वाचित सरकार से नियंत्रण को अनिर्वाचित एलजी को स्थानांतरित कर इस जवाबदेह संरचना को कमजोर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यादेश का उद्देश्य दिल्ली सरकार की शक्ति और लोगों के जनादेश को कम करना है।

इस दौरान सांसद राघव चड्ढा ने पांच प्रमुख बिंदुओं को रेखांकित किया जो विधेयक को असंवैधानिक बताते हैं।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक अध्यादेश बनाने की शक्तियों का दुरुपयोग है। साथ ही यह सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को सीधी चुनौती, संघवाद का क्षरण और जवाबदेही की ट्रिपल श्रृंखला को खत्म करता है। उन्होंने तर्क दिया कि विधेयक एक निर्वाचित सरकार से उसके अधिकार छीन लेता है और इसे एलजी के अधीन नौकरशाहों के हाथों में सौंपता है। यह विधेयक निर्वाचित अधिकारियों पर अनिर्वाचित अधिकारियों के प्रभुत्व का प्रतीक है।

# एलएनजेपी में लीनियर एक्सीलेटर और सीटी सिम्युलेटर मशीनों से होगा इलाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में कैंसर मरीजों के उपचार के लिए नई मशीनों के संबंध में जानकारी लेते उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में अब अब कैंसर पीड़ित मरीजों को अपना उपचार करवाने के लिए निजी अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। कैंसर मरीजों के लिए अस्पताल में लीनियर एक्सीलेटर व सीटी सिम्युलेटर मशीनें लगाई गईं हैं।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को एलएनजेपी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और वहां हाल ही में कैंसर मरीजों के इलाज के लिए स्थापित आधुनिक लीनियर एक्सेलेरेटर और सीटी सिम्युलेटर मशीन का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के निदेशक को एक से अधिक शिफ्ट के जरिए मशीन का पूरा उपयोग करने के निर्देश दिए।

एलआईएनएसी मशीन को हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा आवंटित 38.7 करोड़ रुपये की लागत से खरीदा गया है, जिसका मकसद कैंसर के मरीजों को आधुनिक तकनीक से रेडियोथेरेपी की सुविधा प्रदान करना है। इसके संचालन में शुरु में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें वोल्टेज में उतार–चढ़ाव शामिल है जिसके कारण कई बार मशीन खराब हुई और इसकी मरम्मत के लिए तकनीशियनों को अमेरिका से बुलाना पड़ा।

इसके अलावा मशीन को संचालित करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित तकनीशियनों की कमी भी है। इस वजह से मशीन स्थापित किए जाने के बाद से पिछले एक महीने में इसका उपयोग केवल 18 रोगियों के इलाज के लिए किया जा रहा है, जबकि इसकी क्षमता प्रति शिफ्ट 10–15 रोगियों का उपचार करने की है।

उपराज्यपाल ने अस्पताल के निदेशक को रेडियोथेरेपी का इंतजार कर रहे कैंसर मरीजों के तुरंत उपचार के लिए मशीन को उसकी अधिकतम क्षमता तक चलाने का निर्देश दिया। यह मशीन टार्गेट लेजर–गाइडेड बीम रेडियोथेरेपी के जरिये केवल कैंसर कोशिकाओं को टार्गेट करती है और आसपास के स्वस्थ ऊतकों को नष्ट नहीं करती है।

360 डिग्री में घूमने वाली इस रेडियोथेरेपी मशीन का उपयोग किसी भी प्रकार के कैंसर के इलाज में किया जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा फंडेड यह मशीन पिछले महीने ही अस्पताल में स्थापित की गई थी। वर्तमान में यह मशीन आठ घंटे की एक पाली में चार प्रशिक्षित तकनीशियनों द्वारा चलाई जा रही है, जिसका लाभ 10–15 मरीजों को मिल सकता है।

## उत्तराखंड महापंचायत कर रही निगम बोध घाट की सफाई

**नई दिल्ली।** निगम बोध घाट की गिनती दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाटों में होती है। घाट पर अंतिम संस्कार के लिए 136 प्लेटफॉर्म हैं। अब बाढ़ का पानी उतरने के बाद इसकी साफ–सफाई के लिए उत्तराखंड महापंचायत के लोग आगे आए।

उत्तराखंड के लोगों ने अभियान चलाकर सफाई सुनिश्चित की। इससे पहले उत्तराखंड महापंचायत की पाँचवी बैठक सोमवार को सेक्टर 2 वैशाली गाजियाबाद में सम्पन्न हुई।

## डीयू दाखिला : स्नातक दाखिले के पहले चरण में 87 फीसदी सीटें भरीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में 87 फीसदी से ज्यादा सीटें दाखिले के पहले चरण में ही भर गईं हैं। सबसे ज्यादा दाखिले हंसराज कॉलेज, रामजस कॉलेज व दयाल सिंह कॉलेज में हुए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस साल ज्यादातर छात्रों ने बी.कॉम (ऑनर्स), बी.कॉम, बी.ए. (ऑनर्स) राजनीतिक विज्ञान, बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र और बी.ए. (ऑनर्स) अंग्रेजी पाठ्यक्रमों को चुना है।

# एम्स के एंडोस्कोपी कक्ष में लगी आग, कोई हताहत नहीं

● कक्ष में मौजूद सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, कुछ मरीजों को पास के सफदरजंग अस्पताल में स्थानांतरित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



एम्स की पुरानी ओपीडी की दूसरी मंजिल पर एंडोस्कोपी कक्ष में आग लगने के बाद निकलता धुंआ। फोटो : रंजन डिमरी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की पुरानी ओपीडी की दूसरी मंजिल पर एंडोस्कोपी कक्ष में सोमवार को अचानक आग लग गई। जिससे भवन की खिड़कियों से काला धुंए का गुबार निकलने लगा था। इस घटना के बाद कक्ष में मौजूद सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

आग के कारण पुरानी ओपीडी इमारत में एंडोस्कोपी, आपातकालीन वार्ड और जांच सेवाओं को अस्थाई तौर पर बंद करना पड़ा। घटनास्थल पर खिड़कियों से काला धुंआ निकलता दिखाई दे रहा है।

एम्स के अधिकारियों ने बताया कि एम्स की मुख्य इमारत में पुरानी राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी की दूसरी मंजिल पर सुबह करीब 11 बजकर 55 मिनट पर आग लग गई। उन्होंने यह भी बताया कि घटनास्थल पर पहुंची दमकल की 13 गाड़ियों ने दोपहर करीब एक बजे आग पर काबू पा लिया।आग बुझाने के लिए अस्पताल के भूमिगत टैंक के पानी का भी इस्तेमाल किया गया। एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया, जब आग लगी उस समय एंडोस्कोपी कक्ष में दो मरीजों का इलाज चल रहा था। प्रतीक्षा क्षेत्र में लगभग 90 लोग मौजूद थे। घटना का पता लगने पर सभी को बाहर निकाल लिया गया।

हालांकि, कुल कितने मरीजों को बाहर निकाला गया इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं प्राप्त हुआ है। वरिष्ठ चिकित्सक ने यह भी बताया कि आईसीयू में भर्ती छह मरीजों सहित अन्य 30 मरीजों को एबी–2 वार्ड से स्थानांतरित कर दिया गया है। धुआं को बाहर निकालने के लिए चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों ने दूसरी मंजिल की कुछ खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए।

भूतल पर भी धुआं भर गया था, जिससे बाल और वयस्क आपातकालीन वार्ड के सभी मरीजों को भी बाहर निकालना पड़ा। कुछ मरीजों को पास के सफदरजंग अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, घटना के समय दूसरी मंजिल पर हड्डी विभाग का ऑपरेशन थिएटर चालू था और वहां से भी मरीजों को निकालना पड़ा। आग एंडोस्कोपी कक्ष के भंडारण क्षेत्र में लगी, लेकिन इसके कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नुकसान के आकलन के लिए एक सुरक्षा ऑडिट किया जाएगा।



नई दिल्ली में राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने की खुशी में कांग्रेस मुख्यालय पर तिरंगा लहराता पार्टी कार्यकर्ता।

# राहुल ने महंगाई के लिए सरकार पर निशाना साधा

● आजादपुर मंडी का वीडियो साझा कर कहा समय बदलेगा, गरीबों के आंसू पोंछे जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली की आजादपुर सब्जी मंडी के अपने हालिया दौरे का एक वीडियो साझा करते हुए सोमवार को महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह गरीबों की नहीं सुन रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समय बदलेगा और गरीबों के आंसू पोंछे जाएंगे।

राहुल गांधी ने ट्वीट किया, मंडी में मंदी क्यों, यह जानने आजादपुर मंडी में मजदूरों, व्यापारियों और किसानों से मुलाकात की जटाशंकर एक मजदूर हैं, जो इस काम के कारण एक साल से ज्यादा समय से घर नहीं जा पाए हैं, अपने परिवार से नहीं मिल पाए हैं। जाएं भी तो कैसे, काम छूटा तो पैसे कट जाएंगे और इस महंगाई में गुजारा और मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया, एक दुकानदार ने यह भी बताया कि नुकसान के कारण हफ्ते में दो से तीन रातें भूखे ही सोना पड़ता है। देश के गरीबों की समस्याओं का समाधान करना तो दूर, सरकार उन्हें सुन तक नहीं रही है।

# दिल्ली का मौजूदा जल निकासी मास्टर प्लान अपर्याप्त : केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● सरकार ने राज्यसभा में दी जानकारी, 1976 में प्लान कारगर नहीं

केंद्र सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि दिल्ली का वर्तमान जल निकासी मास्टर प्लान संकटपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए अपर्याप्त है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय राजधानी का जल निकासी मास्टर प्लान 1976 में बनाया गया था और कहा है कि वर्तमान जल निकासी मास्टर प्लान दिल्ली में संकटपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है।

पिछले माह दिल्ली में अभूतपूर्व बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति देखने को मिली थी। आठ एवं नौ जुलाई को हुई भारी बारिश के कारण बड़े पैमाने पर जलभराव हो गया था। राष्ट्रीय राजधानी में महज दो दिनों के भीतर, महीने भर होने वाली वर्षा का 125 प्रतिशत बारिश हो गई।

# फोटोग्राफर पर पिता-पुत्र ने किया चाकू से हमला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मामूली विवाद के बाद बढ़ा झगड़ा, पुलिस ने दोनों को दबोचा

उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में एक व्यक्ति और उसके नाबालिग पुत्र ने झगड़े के बाद एक फोटोग्राफर पर कथित तौर पर चाकू से हमला कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, रविवार को मल्कागंज रोड पर भीम वाली गली में हुई घटना की सूचना मिली। जहां अमित और उसके नाबालिग पुत्र ने झगड़े के दौरान नरेंद्र को चाकू घोंप दिया।

पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि पीड़ित पेशे से फोटोग्राफर है और उसके पेट के नीचले हिस्से तथा पीठ पर चाकू घोंपने से चोटें आई हैं। दोनों के बीच उस समय झगड़ा हो गया जब अमित ने नरेंद्र को आपत्तिजनक शब्द बोले। स्थानीय लोगों के दखल देने पर आरोपी खामियाजा भुगतने की धमकी देकर बेटे के साथ चला गया। उपायुक्त ने बताया कि दोनों वापस लौटे और नरेंद्र को पीटना शुरू कर दिया। नाबालिग ने फोटोग्राफर पर चाकू से हमला कर दिया।

# सराय काले खां फ्लाईओवर संचालन के लिए फिर बढ़ा इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने किया निरीक्षण, कार्य में देरी पर अधिकारियों को लगाई फटकार

● मंत्री ने दिया अल्टीमेटम 1 महीने में तैयार हो फ्लाईओवर, अगर अब हुई देरी तो नपेंगे अफसर



सराय काले खां फ्लाईओवर निर्माण का जायजा लेती लोक निर्माण मंत्री आतिशी।

रिंग रोड होते हुए आईटीओ से आश्रम की ओर जाने वाले यात्रियों को सराय काले खां बस अड्डे के पास सिग्नल फ्री ट्रैफिक के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। ट्रैफिक सिग्नल के पास जो तीन लेन चौड़ा फ्लाईओवर बनाया जा रहा है, उसका काम पूरा होने में एक महीना और लगेगा।

लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने सोमवार को सराय काले खां टी–जंक्शन पर बन रहे फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। यहाँ निर्माण कार्य में एक महीने की देरी पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और चेतावनी देते हुए कहा कि बचा हुआ काम 1 महीने में पूरा किया जाए वर्ना अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि ये फ्लाईओवर सराय काले खां जंक्शन और रिंग रोड को जाम–मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम प्रोजेक्ट है। ऐसे में इसके निर्माण में आगे कोई भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए काम को तेजी के साथ पूरा किया जाये और उन्हें रोजाना इसकी प्रगति रिपोर्ट सौंपी जाए।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि इतने अहम परियोजना में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि फ्लाईओवर निर्माण में कोई भी देरी या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए नए निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने के लिए हर जरुरी कदम उठाये जाये और समय रहते काम को पूरा किया जाए।

**फ्लाई ओवर का 90 फीसदी काम पूरा :** निरीक्षण के दौरान फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति को साझा करते हुए अधिकारीयों ने कहा कि निर्माण कार्य 90 फीसदी से ज्यादा पूरा हो चूका है। फ्लाईओवर के एक हिस्से के कारण निर्माण कार्य में देरी आई है लेकिन जल्द उस हिस्से का काम भी पूरा कर लिया जायेगा और सितम्बर में इसे ट्रैफिक के लिए खोल दिया जायेगा। आतिशी ने कहा कि सराय काले खां ट्रैफिक के हिसाब से दिल्ली के व्यस्ततम इलाकों में से एक है और आने वाले समय में यहां ट्रैफिक का लोड और ज्यादा बढ़ेगा क्योंकि यहां पहले से ही रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन व अन्तर्राज्यीय बस अड्डा मौजूद है तथा यहां रैपिडएक्स रेल ट्रांजिट सिस्टम बन रहा है। जिससे सराय काले खां एक ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित होगा।

# निरोगी हरियाणा योजना से चिरायु हुआ गुरुग्राम का अजीम

**जन्म से ही हृदय रोगी अजीम को निरोगी व चिरायु योजना से मिला नया जीवन**

**परिजनों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**चिकित्सा** के क्षेत्र में एक आम अवधारणा है कि किसी भी बीमारी को यदि शुरुआती स्तर पर ही पकड़ लिया जाए तो उसका इलाज आसानी से संभव है। निरोगी हरियाणा योजना के तहत गुरुग्राम के सोहना ब्लॉक में स्थित सांचोली कॉलोनी के रहने वाले अजीम की कहानी भी कुछ ऐसी ही है।

दिहाड़ी मजदूरी करने वाले अजीम के पिता निजाम को नहीं पता था कि उनका बेटा जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित है। उनके लिए बेटे का उपचार कराना संभव नहीं था। आर्थिक तंगी उनके आड़े आ रही थी। प्रदेश में बीपीएल परिवारों के स्वास्थ्य जांच के लिए शुरू की गई निरोगी हरियाणा योजना उसके लिए जीवनदायिनी बनी। इस योजना के तहत उसका सफल उपचार हो गया। आज वह स्वस्थ है। डीसी निशांत कुमा यादव ने कहा कि निरोगी हरियाणा योजना ऐसे अंत्योदय परिवारों के लिए रामबाण योजना है। इससे जरूरतमंद व्यक्तियों की समय पर जांच कर उनका जीवन बचाया जा रहा है। जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति के


अस्पताल में उपचाराधीन अजीम।

साथ-साथ मानसिक परेशानी भी दूर हुई है। सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने अज़ीम की स्वास्थ्य जांच व इलाज की प्रक्रिया की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम व निरोगी हरियाणा योजना के तहत जिला में चलाए जा रहे स्वास्थ्य जांच अभियान में पता चला कि 15 साल के अजीम के हृदय में जन्म से ही छेद है। जांच के समय सामने आया कि उसके हृदय के एक भाग में काफी सूजन भी है। जिससे उसे सांस लेने में तकलीफ भी हो रही थी। डॉ. यादव ने कहा कि इस प्रकार की बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति लंबा जीवन नहीं जी पाता। अगर किन्ही कारणों से वह सर्वाइव भी करता है तो उसका जीवन सामान्य नहीं रहता।

ऑक्सिजन की कमी की वजह से शरीर धीरे-धीरे नीला पड़ने लगता है। उसे कभी भी हार्ट अटैक आने की आशंका बनी रहती है। निरोगी हरियाणा में अजीम की स्वास्थ्य जांच कर उसे चिरायु हरियाणा (आयुष्मान भारत) योजना के तहत ईलाज के लिए शहर के मेदांता अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसके हार्ट की सर्जरी करने के साथ-साथ उसके हार्ट में पेस मेकर भी लगाया गया। दोनों योजनाओं के बिना ईलाज की पूरी प्रक्रिया काफी महंगी थी। जिसे वहन करना अजीम के परिवार के लिए शायद ही संभव था। आज अजीम का पूरा परिवार मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभारी है। उनकी दूरगामी व अंत्योदय उत्थान की सोच के चलते अजीम अब पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने घर पर सामान्य जीवन जी रहा है।

सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव ने बताया कि योजना के तहत जिला में अब तक एक लाख 46 हजार से अधिक लोगों का हेल्थ चेकअप किया जा चुका है। जोकि दिए गए लक्ष्य की तुलना में पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान (प्रतिशत में) पर है। नागरिक अस्पताल सेक्टर-10, सोहना व पटौदी सहित मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से जिला में प्रतिदिन 600 से 650 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंचाई विभाग द्वारा गांव घामड़ोज में बच्चों को दिए स्कूल बैग



**गुरुग्राम।** शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा सोमवार को सोहना ब्लॉक में अटल भूजल योजना के अंतर्गत स्कूल बैग वितरण किये गये। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घामड़ोज में आयोजित इस कार्यक्रम में सोहना ब्लॉक के 16 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों ने भाग लिया। नुनेरा, रिठोज, गढ़ी वाजिदपुर, घंगोला, टिकली, बादशाहपुर, हरचंदपुर, खेड़ला, दोला, घामड़ोज, खेड़ली कलां, सिलानी, गैरतपुर बास, अभयपुर, हाजीपुर, और दमदमा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। बैग वितरण के लिए कक्षा नौवीं और दसवीं के सत्र में 2022-23 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाली 95 छात्राओं को स्कूल बैग से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सिंचाई विभाग गुरुग्राम के उपमंडल अधिकारी देवेंद्र कुमार ने जीवन में जल के महत्व सहित अटल भूजल योजना के तहत जिला में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत के सात राज्यों में शुरू की गई। इस योजना के अंतर्गत हरियाणा प्रदेश के 13 जिलों की ग्राम पंचायतों में इस दिशा में काम किया जा रहा है। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घामड़ोज की प्रधानाचार्या वीनू कपूर, अटल भूजल योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई गुरुग्राम से मुकेश चौधरी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### गुरुग्राम में हालात सामान्य होने पर हटाई धारा 144




**गुरुग्राम।** नूंह हिंसा के बाद से गुरुग्राम में लगी धारा 144 सोमवार को जिलाधीश एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव के आदेशों पर हटा दी गई। धारा 144 गुरुग्राम जिला में 31 जुलाई को नूंह हिंसा वाले दिन से ही लगी हुई थी। 31 जुलाई को नूंह जिला में हुए सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर गुरुग्राम जिला में सार्वजनिक शांति, व्यवस्था और सुरक्षा के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए धारा 144 लागू करने के आदेश दिए थे। ऐसे में अब, वर्तमान स्थिति के सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के बाद और विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यह देखा गया है कि जिला गुरुग्राम में सामान्य स्थिति वापस आ गई है। सीआरपीसी की धारा 144 के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को जारी रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। जारी आदेशों में सभी नागरिकों को सलाह दी गयी है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें। प्रशासन अपने निवासियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, और शांति भंग करने के किसी भी प्रयास या सांप्रदायिक सद्भाव को खतरे में डालने वाले कृत्यों से कानून की पूरी सख्ती से निपटा जाएगा।

### समाज उत्थान न्यास संस्था करेगी प्रतिभाओं को सम्मानित

**गुरुग्राम।** समाज उत्थान न्यास संस्था द्वारा गत वर्षों की भांति इस बार भी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2023 में 10वीं और 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए संस्था की मीटिंग जिला कार्यालय में की गयी। संस्था के चेयरमैन नरेश सैनी ने बताया कि पिछली बार के प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के बाद इस बार भी बच्चों में उत्साह नजर आ रहा है। इस बार प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 20 अगस्त 2023 को नारायणी वाटिका फरुखनगर में किया जाएगा। कार्यक्रम सम्बन्धी सभी कार्यों की रूप-रेखा बना ली गयी है। समाज उत्थान न्यास के संरक्षक बीरबल सैनी ने कहा कि समाज के बच्चों का हौंसला बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम किये जाने चाहिए। समाज उत्थान न्यास संस्था का यही प्रयास है कि प्रतिभावान बच्चों को रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

### चाइनीज मांझे से एक शिक्षक का कटा माथा



**गुरुग्राम।** चाइनीज चीजें हमारे लिए जितनी सस्ती और सहूलियत भरी हैं, उतनी ही इनमें कुछ चीजें खतरनाक भी है। बात करें चाइनीज मांझा की तो एक शिक्षक का माथा इस मांझे से कटा और उसे 35 टांके लगाने पड़े। जानकारी के अनसुार मारुति कुंज निवासी शांतिकुंज भाग-2 निवासी शिक्षक आदित्य सुभाष चौक पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपने घर लौट रहे थे। वाटिका चौक पार करने के बाद वेचाइनीज मांझा की चपेट में आ गए। चाइनीज मांझे से उनका माथा कट गया और वे लहुलुहान हो गए। खून इतना बह गया कि वे बेहोश तक हो गए और मौके पर ही गिर गए। लोगों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बताया कि आदित्य के माथे पर काफी कट लगे हुए थे। उन्हें 35 टांके लगाए गए हैं। माथा पूरी तरह से कट चुका था। गनीमत रही कि चाइनीज मांझे से उनका माथा ही चपेट में आया। अगर मांझा गर्दन तक आ जाता था तो यह हादसा और बड़ा हो सकता था।

# जी-20 ग्रुप के शेरपा की बैठक की हरियाणा को मिली मेजबानी

**जी-20 ग्रुप में भारत के शेरपा अमिताभ कांत व मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बैठक की तैयारियों को लेकर वीसी से ली बैठक**


अधिकारियों की बैठक लेते जी-20 ग्रुप में भारत के शेरपा अमिताभ कांत व मुख्य सचिव संजीव कौशल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जी-20** ग्रुप के शेरपा की चौथी मीटिंग की मेजबानी हरियाणा को मिली है। यह मीटिंग सितंबर के पहले सप्ताह में गुरुग्राम की सीमा से सटे आईटीसी ग्रैंड भारत में होगी। जी-20 समूह में भारत के शेरपा अमिताभ कांत तथा हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने आगामी बैठक को लेकर गुरुग्राम तथा नूंह जिला के अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंस से बैठक ली।

डीसी निशांत कुमार यादव ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से आगामी बैठक से जुड़ी तैयारियों के बारे में मुख्य सचिव को अवगत कराया। उन्होंने सरहौल बॉर्डर से आईटीसी ग्रैंड भारत तक सड़कों की स्थिति व तैयारियों से जुड़ी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य सचिव ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता में देश भर के विभिन्न शहरों में अलग-अलग विषयों को लेकर बैठक आयोजित हो रही है। गुरुग्राम में भी इससे पहले तीन बार जी-20 के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप, स्टार्ट अप 20 तथा एनएफटी, एआई व मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा विषय पर बैठकों का सफल आयोजन हो चुका है। इस बैठक के लिए गुरुग्राम व नूंह जिला के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि सितंबर माह में शेरपा ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक होगी। यह एक राष्ट्रीय गौरव से जुड़ा विषय है। ऐसे में तैयारियों को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बैठक में जी-20 के सभी सदस्य देशों के शेरपा भागीदारी करेंगे। बैठक में आने वाले मेहमान यहां से अच्छा अनुभव लेकर लौटे। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि इस बैठक में पहुंचने वाले मेहमानों के सम्मान में हरियाणा सरकार की ओर से रात्रि भोज भी दिया जाएगा। साथ ही हरियाणा की भव्य सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए भव्य प्रस्तुति भी दी जाएगी। वीसी के उपरांत डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत व सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ शहर के सौंदर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त रोहताश बिश्नोई, नगर निगम मानेसर की संयुक्त आयुक्त अलका चौधरी, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) के अधीक्षण अभियंता प्रवीण चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र सिंह, डीआईओ विभू कपूर, एनएचएआई के परियोजना निदेशक धीरज सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीन पर फंडों से हटेगा अवैध कब्जा : प्रदीप सिंह

**सोहना।** शहर के अंदर सरकारी फंडों के ऊपर से जल्द ही अवैध कब्जा व गौरख धंधे का सफाया होगा। स्थानीय प्रशासन ने ऐसे स्थानों को निरीक्षण करने के बाद चिंहित कर लिया है। जल्द ही कार्रवाही अमल में लाई जाएगी। सड़क किनारे बनें फंड और सरकारी जमीन पर अवैध रुप से बैठकर गौरख धंधे चलाने वालों के प्रति जल्द ही प्रशासन नकेल कसने जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने अलग-अलग विभागों की टीम गठित करके चिंहित कर लिया है। सभी विभागों को अपनी-अपनी जमीन पर चल रहे गौरख धंधे को जल्द से जल्द उखाड़ फैंकने के आदेश दे दिए गए है। ताकि सरकार की जमीन पर बैठकर कैसे जनहित के अधिकार में परेशानी पैदा की जाती है। कैसे सरकारी जमीन पर बैठकर कालेकारनामें किए जाते है। इस कार्यवाही में शहर के अंदर बरसाती व गंदे पानी के नालों समेत वार्डों में स्थित सरकारी जमीन शामिल है।

> “**सड़कें** सरकारी व सार्वजनिक हैं। जिनको किराए पर दिया जाना गैर कानूनी है। जिनपर कार्यवाही करने के लिए नगरपरिषद व मार्केट कमेटी को आदेश दे दिए हैं। उक्त कार्यवाही जल्द की जाएगी।
>
> 
>
> **(प्रदीप सिंह-एसडीएम सोहना)**

**अवैध किराए की वसूली :** अपनी दुकान व प्रतिष्ठान के साथ लगती सरकारी जमीन पर किराएदार को बैठकर वसूली करने वालों से एक-एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा। ऐसे कालेकारनामा करने वालों से सरकारी विभागों को लाखों रुपये का हर माह लाखों रुपये का आर्थिक घाटा हो रहा है।

**परिषद प्रशासन हुआ फेल :** नगर परिषद प्रशासन अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और अवैध किराए की वसूली करने वालों पर शिकंजा कसने में अभी तक फेल रहा है। परिषद प्रशासन की इस निष्क्रियता के चलते शहर में अतिक्रमण को बढ़ावा मिल रहा है। जिसे हटाने को लेकर अभी तक मात्र खानापूर्ति की जाती रही है। जानकार सूत्रों के अनुसार प्रशासन ने शहर के अग्रसैन मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, अग्रसैन पार्क, मोती प्लाजा, अनाज मंडी, दमदमा चौक आदि शामिल है।

# फतेहाबाद में होगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम: बोधराज सीकरी

**कार्यक्रम के लिए हुई पंजाबी बिरादरी महा संगठन एवं पंचनद की संयुक्त बैठक**

**गुरुग्राम।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम फतेहाबाद में आयोजित किया जाएगा। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव की अगुवाई में पंजाबी बिरादरी महा संगठन एवं पंचनद स्मारक ट्रस्ट की ओर से 14 अगस्त 2023 को यह आयोजन किया जाएगा। इसी को लेकर दोनों संगठनों की बैठक हुई।

पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान एवं विभाजन विभीषिका आयोजन समिति के संयोजक बोधराज सीकरी ने जानकारी दी कि फतेहाबाद में होने वाले विभाजन विभीषिका कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। हरियाणा के 22 जिलों में इस प्रकार के आयोजन करेंगे। इसी विषय पर 12 अगस्त को कोरस बैंकेट हॉल में साढ़े 3:30 बजे संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी में प्रोफेसर जगदीश मुखी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ शिरकत करेंगी। बैठक में बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने अपने एजेंडे पर विचार-विमर्श किया। जिसमें नए वॉलेंटियर्स 75 युवा खून की उपलब्धता कराएंगे। दूसरा इसमें 12 विद्यार्थी फ्री ट्यूशन पंजाबी बिरादरी महासंगठन की ओर से ले रहे हैं। निर्णय


बैठक में स्वामी धर्मदेव से आशीर्वाद लेते बोधराज सीकरी।

लिया गया कि श्रीराम किशन गांधी की अगुवाई में एक शिष्टाचार मंडल नूंह जाकर उन पंजाबी भाइयों से मिलेगी, जिनके साथ ज्यादती हुई है। बैठक में उमेश ग्रीवर, नरेंद्र कथूरिया की एक समिति बनाई गई। कोई भी पंजाबी बिरादरी का भाई इंश्योरेंस या बैंक लोन लेना चाहता है, वे अपनी सर्विसिस फ्री मुहैया करवाएंगे। सुभाष ग्रोवर एडवोकेट को लीगल सेल का उत्तरदायित्व दिया। 20 लोगों का ग्रुप बनाया है, जो इमरजेंसी पड़ने पर किसी भी स्थान पर कम से कम समय पर पहुंच जाएंगे।

# सोमवार को स्थानीय बाजारों में दुकानों के बाहर नजर आई ग्राहकों की भीड़

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोमवार** से स्थानीय बाजारों में ग्रामीण क्षेत्र से आए नागरिकों ने जमकर खरीददारी की। स्थानीय बाजारों में ग्राहक कम होने से जाम की समस्या कही भी नजर नहीं आई। सोमवार को स्थानीय बाजारों में ग्राहको की चहल कदमी से कुछ हद तक रौनक नजर आई।

सोमवार को सोहना से लगते गांव लोहटकी, सिरसका, खाईका, बालूदा, खरौदा, हरचंदपुर, लाखूवास, खेड़ला, दमदमा, सोहना ढाणी, रायपुर, हरियाहेड़ा, गढ़ीबाजीदपुर समेत आस पास लगते करीब 20 गांवों से ग्रामीण खरीददारी के लिए बाजारों में पहुंचे। जिससे दुकान व गोदामों के आगे ग्राहक नजर आए। लेकिन सोमवार को स्थानीय बाजारों में जाम जैसे हालत कही भी नजर नहीं आए।


सोहना के बाजार में सोमवार को दुकानों के बाहर ग्राहक खड़े होकर खरीददारी करते हुए।

**प्रवासी मजदूरों नागरिकों का इंतजार :** स्थानीय बाजारों में रेहड़ी-ठेला लगाने से लेकर बाजारों में दुकान, गोदाम, अपना कारोबार करने वाला प्रवासी मजदूर 31 जुलाई को हुआ शहर में दंगा से आतंकित होकर अपने हमवतन लौट गया था। जिससे बाजार में खरीददारी करने वाले ग्राहकों की संख्या 60 फीसदी कम हो गई है। अब उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड व अन्य राज्यों से रोजी रोटी कमाने के लिए आए हुए नागरिकों के वापस आने का दुकानदारों को इंतजार हो रहा है।

**प्रवासियों से चलता है कारोबार :** स्थानीय दुकानदारों का मानना है कि स्थानीय शहर और ग्रामीण क्षेत्र से 40 फीसदी ही ग्राहक आता है। किरयाना दुकानदार मुकेश का कहना है कि अन्य प्रदेशों से आने वाला नागरिक महिना भर का राशन एक साथ खरीदता है। यहा का बाजार 60 फीसदी अन्य राज्यों से आए नागरिको से चलता है। जब तब प्रदेश नागरिक यहा आकर रहना शुरु नहीं करता है। तब तक यहा के बाजारों में बैठें दुकानदारों की रोजीरोटी प्रभावित रहेगी।

## रविवार की रात को फिरोजगांधी कॉलोनी में धार्मिक स्थल पर हुई आगजनी

**गुरुग्राम।** शहर की फिरोजगांधी कॉलोनी में रविवार को रात को शरारती तत्वों ने एक धार्मिक स्थल को निशाना बनाते हुए वहां पर आगजनी की। वहां की देखरेख कर रहे व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

रविवार की आधी रात के बाद शरारती तत्व फिरोजगांधी कालोनी के धार्मिक स्थल में पहुंचे। उन्होंने वहां पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया। वहां की देखरेख करने वाले घसीटे राम ने पुलिस को जानकारी दी कि वह धार्मिक स्थल से अपने घर रात को साढ़े आठ बजे चला गया था। रात डेढ़ बजे उसके पास किसी ने फोन करके जानकारी दी कि धार्मिक स्थल पर किसी ने आग लगा दी है। लोगों ने किसी तरह से आग बुझाई। आनन-फानन में वह मौके पर पहुंचा।


सांकेतिक तस्वीर

जब वह पहुंचा तब अंदर रखा सामान जल चुका था। पता चला है कि रात को करीब आधा दर्जन युवक वहां पर आए थे।

उन्होंने इस आगजनी की घटना को अंजाम दिया। घसीटे राम के मुताबिक करीब 10 साल पहले इस धार्मिक स्थल का निर्माण किया गया था। वह पिछले साल से इसकी देखरेख कर रहा है। उनसे कहा कि जिस किसी ने भी इस घटना को अंजाम दिया है, उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए। धार्मिक भावनाएं भड़काने का यह प्रयास है।

## पटेल नगर से जल्द ही बाकी बची 66केवी लाइनें भी हटेंगी: नवीन गोयल

**एक्सईएन से नवीन गोयल ने लिया फॉलोअप**

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**पटेल** नगर में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की बड़ी लाइनों को हटवाने के लिए प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल शेष बची दो 66केवी की लाइनों को भी हटवाने के लिए प्रयासरत हैं। सोमवार को इस काम का उन्होंने एक्सईएन से फॉलोअप लिया। उन्हें बताया गया कि इसके लिए टेंडर खोल दिये गये हैं। इस लाइन के जल्द ही हटाए जाने की उम्मीद जगी है। इस लाइन के हटने से सिर्फ पटेल नगर ही नहीं, बल्कि शीतला कालोनी और राजीव नगर के हजारों घरों से टेंशन खत्म होगी।


गुरुग्राम के पटेल नगर से 66केवी की लाइन हटाने के लिए लोगों के साथ एक्सईएन से मुलाकात करते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

नवीन गोयल ने एक महीने पहले इस कार्य के लिए बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात की थी। उन्होंने चीफ इंजीनियर को यह लाइन जल्द हटाने के आदेश दिए थे। नवीन गोयल ने सोमवार को एक्सईएन अनिल मलिक से 66केवी लाइन को हटवाने के लिए मुलाकात की। नवीन गोयल ने कहा कि पटेल नगर में घरों के ऊपर से हैवी विद्युत लाइनें गुजर रही थी। कुछ लाइन तो उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से आग्रह करके हटवाई हैं। इससे लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। पहले जिन घरों से ये बिजली की लाइनें थी, वे लोग डर के साये में रहते थे। नवीन गोयल ने कहा कि अब यहां 66केवी की लाइन भी बची हुई है। इसके लिए टेंडर खोल दिए गए हैं। एक्सईएन अनिल मलिक ने नवीन गोयल को आश्वस्त किया है। इस अवसर पर बीर सिंह यादव, रामपाल शर्मा, राकेश गुप्ता, उमेश सिंह, अशोक कुमार, विजय तिवारी, अनिल व अन्य जन मौजूद रहे।

## तावडू व नूंह मार्ग पर बस सेवा हुई शुरू, जल्द अन्य रूटों पर दौड़ेंगी बसें

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोमवार** को सोहना से तावडू व नूंह मार्ग पर हरियाणा रोडवेज की कुछ बसें चलाकर ट्रायल लिया गया। रोडवेज विभाग जल्द ही दोनों ही मांर्गों पर अपनी पूरी बस सुविधा देने का मूड बना चुका है।

एक अगस्त को सोहना से तावडू, नूंह, बल्लभगढ़ समेत अन्य सभी मार्गों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों को नूंह में हुई हिंसात्मक कार्रवाई के बाद रोक लगा दी थी। लेकिन शुक्रवार को सोहना से पलवल, गुरुग्राम के बीच हरियाणा रोडवेज बसों को फिर से मार्गों पर उतार दिया था। जिनकी शुरुआत कम बसें ही उतारकर की गई थी। लेकिन सोमवार से तावडू व नूंह मार्ग पर दोपहर पहले तक दो से तीन बसें चलाई गई। जिसमें लंबे मार्ग पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसें थे।

**बल्लभगढ़-सोहना रुट पर भी चली बसें :** जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह से बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर हरियाणा रोडवेज की फरीदाबाद डिपो से बस सेवा शुरू कर दी। लेकिन एक दिन में 10 से 12 चक्कर ही बसें लगा रही है। इससे पहले एक दिन में 22 ये 24 चक्कर रोडवेज बसें लगाती थी। लेकिन अभी बल्लभगढ़ मार्ग पर भी धीरे-धीरे बस सेवा बहाली की और चल रही है।


सोहना के बस स्टैंड पर बस आने का इंतजार करते हुए यात्री।

> “**नूंह,** तावडू और बल्लभगढ़ मार्ग पर बस सेवाएं शुरू हो गई है। मंगलवार से बसों की संख्या में बढ़ोत्तरी किए जाने की संभावना है। जिससे यात्रियों को आने वाले एक दो दिन के बाद बसों की कमी नहीं रहेगी।
>
> **(राजेन्द्र सिंह-प्रभारी बस स्टैंड सोहना)**

**यात्रियों को करना पड़ा लंबा इंतजार :** सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर यात्रियों को तावडू, नूंह और बल्लभगढ़ जाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। बसों के इंतजार में घंटा तक बैठकर पसीना बहाना पड़ा। युवाओं ने बस आने के इंतजार को मोबाइल में गेम खेलकर पूराते हुए नजर आए। मासूम बच्चों से लेकर महिला व वृद्ध यात्रियों को काफी परेशानियां हुई।

# हरियाणा में विकास के मामले में सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा पृथला : नयनपाल रावत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पृथला** विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र के सभी गांवों में समान विकास करवाकर इस क्षेत्र को प्रदेश का सबसे विकसित क्षेत्र बनाना उनका लक्ष्य है और इसी लक्ष्य को लेकर वह प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वर्ष में क्षेत्र में इतना विकास किया जाएगा कि अगली-पिछली सभी कसर पूरी कर दी जाएगी।

श्री रावत गांव नवादा में 39 लाख की लागत से बनने वाली सड़क व नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक रावत ने

### विधायक ने गांव नवादा में किया 39 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

गांव के बुजुर्गों के हाथों से नारियल फुड़वाकर विधिवत रूप से विकास कार्यो का शिलान्यास करवाया। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का फूल मालाओं से स्वागत किया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गो का समान विकास कर रही है, चाहे गांव हो या शहर सभी जगह समान



विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पृथला क्षेत्र में भी युद्धस्तर पर विकास कार्य चल रहे है, टूटी सड़कें, पीने के पानी, बिजली के खंभे जैसी बुनियादी सुविधाएं लोगों को उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे रहे और चुनाव से पूर्व सभी विकास कार्य पूरे करवाकर क्षेत्र को विकास की दौड़ में सबसे आगे रखा जाएगा। विधायक नयनपाल रावत ने नूंह हिंसा की निंदा करते हुए कहा कि हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है, इसलिए सभी भाईचारे से रहे और शांति बनाए रखें।

किसी के बहकावे में आकर भाईचारा न बिगाड़ें। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत के समक्ष गांव समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा, जिस पर विधायक ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा।

वहीं उन्होंने बताया कि गांव नवादा के विकास के लिए नगर निगम में पांच करोड़ की राशि मंजूरी करवा दी गई है, जिसके टेंडर जल्द होने वाले हैं। इस राशि से लोगों को टूटी सड़कों व जलभराव की समस्स्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर तेजपाल सरपंच, अभय नागर, प्रेम राज नागर, लेखराज सरपंच, राजपाल नागर, सिंहराज, रामनिवास प्रधान, चरण, राज नागर, चंद्रपाल चेयरमैन ब्लॉक समिति, एक्सईएन ओमदत्त सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पलवल में शुरू हुए स्कूल व बाजार, इंटरनेट सेवा अभी बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**नूंह** में हुए दंगों के बाद एक सप्ताह तक बंद रहे पलवल में जनजीवन अब पटरी पर लौटने लगा है। शहर के बाजार पूर तरह से खुल चुके हैं। हालांकि ग्राहकों की संख्या फिलहाल कम है। वहीं एक सप्ताह बाद सोमवार को सरकारी व निजी स्कूलों में भी रौनक लौट आई। स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है। पलवल में हिंसा की कोई नई वारदात सामने नहीं आयी है। इंटरनेट अभी बंद हैं, लेकिन लोगों को उम्मीद है कि एक-दो दिन में ये शुरू हो जाएगी।

पलवल, होडल व हथीन के बाजार, स्कूल पिछले सप्ताह जहां पुलिस की सुरक्षा में खाली दिखाई दे रहे थे वहीं, सोमवार को स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल फिर से शुरू हो गई है। बाजार में दुकानदारों ने दुकानें तो खोल दीं, लेकिन ग्राहकों की संख्या बहुत कम नजर आई। दुकानदारों का कहना था आम दिनों की अपेक्षा अभी शहर में 40 से 50 प्रतिशत ही ग्राहक नजर आ रहे हैं।



जिसके चलते दुकानदार दुकानों पर बैठकर समय व्यतीत कर रहे है। शहर में वीरान पड़ी सड़कों पर अब पूरी तरह चहल-पहल नजर आने लगी है। अर्ध सैनिक बल और स्थानीय पुलिस के जवानों ने आक्रामक तरीके से काम करते हुए दोबारा दंगा होने की संभावना को वापस धकेल दिया है। पिछले सप्ताह जहां शहर में कर्फ्यू जैसे हालात थे, वहीं सोमवार को लग रहा था कि यहां कुछ हुआ ही नहीं है। जिले में वैसे तो शनिवार को भी कुछ स्कूल खुल गए थे, लेकिन सोमवार को जिले के सभी स्कूल पूरी तरह खुल गए और बच्चे भी पूरी संख्या में स्कूलों में पहुंचे। बच्चों में भी खुशी देखते ही बनती थी, क्योंकि कोरोना काल के बाद अब बच्चे घरों की बजाय स्कूलों में खुश रहते हैं। सोमवार को माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। पलवल जिले में कोई दंगा न हो जाए इसके लिए जिला पलवल, फरीदाबाद व अर्ध सैनिक बल की पांच टुकड़ियां लगाई हुई हैं। जिसके चलते पिछले तीन दिन से शहर में कोई दंगा नहीं हुआ। दंगा न होने की वजह से सोमवार को जिले में सब कुछ सामान दिखाई दिया।

## दुकानदार से मारपीट कर 15 हजार लूटे, बाइक तोड़ी

**पलवल।** बाइकर्स ने दुकानदार का रास्ता रोककर पहले मारपीट कर बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया, फिर उसकी जेब से नकदी निकाल ली। लोगों को आता देख आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

शहर थाना पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार पीड़ित ने दी शिकायत में कहा है कि वह गांव में परचून की दुकान करता है। छह अगस्त को वह अपनी बाइक पर शहर से दुकान का सामान लेने के लिए जा रहा था। उसी दौरान पलवल-हथीन मार्ग पर रतिपुर गांव के निकट उसके पीछे से एक बाइक पर दो युवक आए और उसकी बाइक को रुकवा लिया।

आरोप है कि युवकों ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर उसकी बाइक को भी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। उसने दोनों आरोपियों को पहचान लिया। उनके नाम पता गैलपुर गांव निवासी विष्णु व रोहित है। उसने शोर मचाया तो वहां लोग एकत्रित होने लगे, जिसके बाद आरोपी रोहित उसकी जेब से 14 हजार 500 रुपए को लूटकर ले गया।

# आईटीआई में नौ अगस्त से होगा अब ऑन द स्पॉट दाखिला

**पायनयिर समाचार सेवा।** पलवल



**कौशल** विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने अब आईटीआई में दाखिले के लिए फिर से मौका दिया है। जिसके आधार पर आवेदकों को ऑन द स्पॉट दाखिला दिया जाएगा। इस बारे में नए सिरे से भी आवेदन किए जाएंगे। इसके लिए नौ से 25 अगस्त तक का समय निर्धारित किया गया है। प्रधानाचार्य भगत सिंह ने बताया कि आईटीआई में दाखिले की प्रक्रिया आठ जून से चल रही है।

इस दौरान कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा चार मेरिट लिस्ट जारी की जा चुकी है। जो छात्र फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे, उनके लिए विभाग ने अंतिम मौका दिया है। वह नौ अगस्त से ऑनलाइन आवेदन करके जिस आईटीआई में दाखिला लेना चाहते हैं, वहां रिक्त सीटों पर ऑन द स्पॉट दाखिला ले सकते हैं।आईटीआई पलवल में 23 ट्रेड में 728 सीट हैं, जिनमें से 371 सीटें भर चुकी हैं।

जो छात्र- छात्राएं फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे, वह नौ अगस्त से 25 अगस्त तक फॉर्म भरकर आईटीआई में पलवल में रिक्त सीटों पर दाखिला ले सकते हैं।

> “ **विभाग** ने ऑन द स्पॉट काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। नौ अगस्त से विद्यार्थी रिक्त सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उसके बाद उसी दिन से ऑन द स्पॉट राउंड के तहत मेरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी। यह प्रक्रिया 25 अगस्त तक चलेगी और 26 अगस्त तक विद्यार्थी फीस जमा करवा सकेंगे।
>
> **-भगत सिंह, प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल**

# विवाहिता पर जानलेवा हमला, अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**दहेज** में विवाहिता 50 हजार रुपए नहीं ला पाई तो विवाहिता से ससुरालजनों ने मारपीट की। पति द्वारा अप्राकृतिक यौन शौषण करने का विरोध किया तो गर्दन पर पैर रखकर जान से मारने की कोशिश भी की गई है। चांदहट थाना पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, विवाहिता ने शिकायत दी कि उसकी शादी वर्ष 2019 में गाजियाबाद में हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर पति, देवर और सास छोटी-छोटी बातों पर ताने देने लगे और मारपीट करके परेशान करने लगे, लेकिन पीड़िता घर बसाने के चक्कर में आरोपियों के जुल्म सहती रही। पीड़िता के अनुसार, उसने एक बेटी को जन्म दिया। बेटी होते ही आरोपियों के जुल्म और बढ़ गए। आरोपी न अच्छा खाना देते और न ही कपड़े देते। शिकायत में कहा है कि उसका पति दिनभर खाली घूमता है और कभी-कभी सट्टे का काम करता है। ऐसा करने से मना करने पर उसके साथ मारपीट करता था।

आरोपी कहते हैं कि अपने माता-पिता से 50 हजार रुपए लेकर आ। पीड़िता के अनुसार, उसने दहेज लाने में असमर्थता जताई तो आरोपी पति 23 दिसंबर 2022 को कमरे में आया और उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने लगा। विरोध करने पर पति ने गर्दन पर लात रखकर जान से मारने की कोशिश की। शोर सुनकर देवर व सास आ गए तो उन्होंने कहा कि आज तो इस को मार ही दो, कुछ नहीं होगा। ये बातें पीड़िता ने फोन कर अपने मामा को बताई, जिसके बाद पीड़िता को उसके मायके वाले आकर ले गए तो उसकी जान बच गई।

# कैलाश नगर के टूटे रास्ते को ठीक करवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**आम** आदमी पार्टी जिला इकाई पलवल द्वारा जिला अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर रावत की अध्यक्षता में जिला उपायुक्त पलवल को कैलाश नगर वार्ड नंबर-4 में टूटे हुए रास्ते नालियों से परेशान लोगों की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर चंद्रशेखर रावत ने कहा कि वार्ड नंबर-4 में रास्ते व नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास मार्च 2023 में किया गया था। जिसके बोर्ड पर सांसद, विधायक, नगर परिषद चेयरमैन और पार्षद का नाम अंकित है। इसी समय वार्ड के रास्तों को जेसीबी मशीन से खोद दिया गया था, परंतु मार्च से लेकर आज तक कार्य आरंभ नहीं हुआ। खुदे हुए गड्ढों में गंदा पानी व कीचड़ जमा हो गया है। जिससे लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। यदि कोई व्यक्ति बीमार हो जाए तो एंबुलेंस भी वहां नहीं पहुंच



सकती है। गड्ढों में भरे गंदे पानी में मच्छर व दुर्गंध पैदा हो गए हैं। जिससे वहां रहने वाले लोगों का जीना दुश्वार हो गया है और डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। इस विषय पर जिला उपायुक्त ने कहा कि क्या वहां के लोग टैक्स देते हैं, जो नगर परिषद वहां विकास कार्य कराए। जिस पर आपत्ति जताते हुए चंद्रशेखर रावत ने कहा कि टैक्स वसूलना नगर परिषद का कार्य है और लोग टैक्स देते भी हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, सीवर यह मूलभूत सुविधाएं हैं, जिन्हें देना प्रशासन का दायित्व है। उसके बाद उपायुक्त नेहा सिंह ने आश्वासन दिया कि वह इस समस्या का जल्द समाधान कराएंगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महावीर बडगुर्जर, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र डागर, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट सुंदर लाल गौतम, एडवोकेट कय्यूम कुरेशी, किसान विंग के जिला सह सचिव मेहरचंद दलाल, मनोज रावत, एडवोकेट नरेंद्र तंवर, प्रेमचंद, डालचंद व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे से गिरा लोहे का एंगल, महिला की मौत

**फरीदाबाद।** बाईपास रोड पर निर्माणाधीन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से लोहे का एंगल गिरने से शनिवार देर शाम सड़क पार कर रही मुरादाबाद निवासी महिला ममता की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एतमादपुर गांव के पास से एलिवेटेड रोड बनाया जा रहा है। शनिवार शाम को ममता फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी, तभी काम कर रहे मजदूरों के हाथ से एंगल फिसल कर उसके ऊपर गिर पड़ा। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सेक्टर-31 थाना पुलिस मौके पर पंहुची और आनन-फानन अवैध कट बंद करा दिए। ममता यहां ननद और बेटे के साथ किराये के मकान में रहती थी। शनिवार शाम कंपनी से ड्यूटी खत्म कर घर जा रही थी। थाना सेक्टर-31 प्रभारी इंस्पेक्टर योगेश कटारिया ने बताया कि एतमादपुर गांव के ठीक सामने चल रहे निर्माण कार्य में हाइड्रा मशीन पर चढ़ कर मजदूर एंगल की स्टरिंग खोल रहे थे।

# धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन से समाज में आती है सुख-समृद्धि : उदयभान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को परमपिता परमात्मा की अराधना के लिए अवश्य समय निकालना चाहिए, क्योंकि धार्मिक आयोजनों से मन और आत्मा दोनों को शांति मिलती है।

उदयभान सोमवार को कांग्रेसी नेता लखन सिंगला व समाजसेवी अनिल सिंगला के संयोजन में ओल्ड फरीदाबाद के प्रसिद्ध पथवारी मंदिर में शुरू हुई रामकथा के प्रथम दिन निकाली गई 151 कलशों की शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर लखन सिंगला व उनकी टीम ने उदयभान का शॉल ओढ़ाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। उदयभान ने कहा कि नूंह हिंसा के बाद समाज में जो माहौल कायम हुआ है, उसे

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने रामकथा के आयोजन पर 151 कलशों की यात्रा को दिखाई झंडी

धार्मिक आयोजनों से ही बेहतर बनाया जा सकता है और भगवान रामकथा का आयोजन करके सिंगला परिवार ने जो पहल की है, वह सराहनीय है और समाज के सभी वर्गों को इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

उदयभान ने नूंह हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि उपद्रवी किसी जाति या धर्म का नहीं होता बल्कि उपद्रवी, उपद्रवी ही होता है और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वह किसी जाति धर्म से ताल्लुक रखता हो। उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए, जिससे कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वह शांति और



भाईचारा बनाए रखें और किसी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट न डालें, बल्कि अपने आसपास सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखें। इससे पूर्व 151 कलशों की यात्रा में महिला श्रद्धालुओं के साथ पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

यह शोभायात्रा माता पथवारी मंदिर से आरंभ हुई और ढोल नगाड़ों के साथ अग्रसेन बाजार, मुख्य बाजार से होते हुए पथवारी मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं व पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा कि समाज में भाईचारे व सुख-समृद्धि कायम हो, इसके लिए इस भव्य रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंगला परिवार हमेशा धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता आया है और आगे भी निभाता रहेगा।

सावन माह में रामकथा का आयोजन से लोगों को समृद्धि मिलेगी और समाज में भी भाईचारे की भावना को बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि आज से आरंभ हुई इस रामकथा में श्री अयोध्या धाम के धर्माचार्य राघवेंद्र जी महाराज कथा करेंगे। इस अवसर पर पृथला क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, बड़खल क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह, वेदपाल दायमा, रेनू चौहान, डालचंद डागर, अनिल शर्मा, रोहित सिंगला, लाला शर्मा, गुलशन बग्गा, नितिन सिंगला, जयवीर भड़ाना, शिव शंकर भारद्वाज, विनय भाटी, मुकेश शास्त्री पूर्व चेयरमैन, सुगमचंद जैन, आरडी वर्मा, खुशबू खान, रचना भसीन, कुंवर बालू सिंह, कर्मवीर खटाना, सुरेंद्र अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, टीटू सिंगला, ओपी भाटी, विजय कुमार, अनिल सिंगला, कैलाश सिंगला, सुरेंद्र यादव, संदीप गुप्ता, बालकिशन वशिष्ठ चेयरमैन, कमल कंसल, संतलाल रावत, गुलाब सिंह गुड्डू, ललित शर्मा, राजू शर्मा, कपूरचंद भारद्वाज, संजय शर्मा, बंटी ठाकुर, बबलू बाबानगर, हाजी इरफान, चौधरी मनसा, तुलसी प्रधान, योगेश तंवर, नजर मोहम्मद, राजेश दहिया, गिर्राज प्रधान, आकाश सैनी, हरविंद गोयल, निशांत ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजदू थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रेजा सवार आरोपी को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार



**पलवल।** शहर थाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार देसी पिस्टल व 10 कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी उप निरीक्षक तेजपाल सिंह ने बताया कि थाना के अंतर्गत चौकी भवन कुंड प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चंद के नेतृत्व में गठित टीम ने देवेंद्र निवासी पातली खुर्द को महाराणा प्रताप चौक पुल के पास से गिरफ्तार किया है। उससे बरामद अवैध हथियार व गाड़ी को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिससे अवैध हथियार के स्रोत के बारे में गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाले तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बदरपुर बॉर्डर टोल पर वाहन चालकों से वसूली करने के आरोप में यूपी के गोरखपुर के गांव डिंगलपुरा निवासी राजेंद्र, इटावा के गांव डिंबोली निवासी मंगल सिंह और बागपत निवासी प्रवीन उर्फ बब्बर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एक वाहन चालक ने पांच अगस्त को थाना सराय में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया आरोपी अब तक उससे 15 से 20 हजार की वसूल चुके हैं। आरोपी उससे प्रतिदिन 200 रुपये वसूल रहे थे। क्राइम ब्रांच टीम ने तीनों आरोपियों को बदरपुर बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी प्रवीन की बदरपुर बॉर्डर पर ट्रेवल एंड टूर की एजेंसी है। अन्य दोनों आरोपी प्रवीन के पास दो-तीन साल से काम कर रहे हैं। प्रवीन से पुलिस ने 5500 रुपये बरामद किए गए हैं। प्रवीन पर दिल्ली में एक अन्य मामला दर्ज है। तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### वसुधा से व्योम तक काव्य संग्रह का मॉरीशस में भव्य लोकार्पण



**फरीदाबाद।** विश्व हिंदी सचिवालय तथा आईपी फाउंडेशन द्वारा मॉरीशस में अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कला एवं सांस्कृतिक धरोहर मंत्री अविनाश तिलक तथा विश्व हिंदी सचिवालय की महासचिव माधुरी रामधारी व महामहोपाध्याय आचार्य इंदु प्रकाश मिश्रा अन्य गणमानयजन द्वारा शारदा मित्तल की चौथी पुस्तक वसुधा से व्योम तक का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर मॉरीशस के वरिष्ठ लेखक रामदेवधुरंधर, रिटायर्ड भारत से वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर सविता चड्ढा, रिटायर्ड कमिश्नर एक्साइज व टैक्सेशन मुकेश गंभीर भी साक्षी रहे। इस अवसर पर मॉरीशस, भारत, जॉर्डन, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा के साहित्यकार उपस्थित थे। समीति को मॉरीशस के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया।

### ब्रह्माकुमारी आश्रम में वाटर कूलर व व्हील चेयर दी



**पलवल।** इनर व्हील क्लब तेजस्वनी द्वारा ब्रह्माकुमारी शांति सदन पलवल में जरूरतमंद दिव्यांगों निशुल्क व्हील चेयर वितरीत की गई व पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधरोपण किया गया। इसके अलावा जनसामान्य के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था के लिये वाटर कूलर लगाया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब पलवल तेजस्वनी की पूर्व अध्यक्ष मनीषा मंगला ने बताया कि समाज मे कुछ ऐसे दिव्यांग जन भी हैं, जो समाज की तरफ से उपेक्षित रहते हैं। परंतु तेजस्वनि क्लब द्वारा उन्हीं उपेक्षित दिव्यांगजन के लिए व्हील चेयर वितरित की गई। समाज में ऐसे कार्यों में क्लब आगे बढ़ चढ़कर कार्यक्रम हिस्सा लेता रहेगा। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मनीषा सुमित मंगला, उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, महासचिव सीमा गर्ग, कोषाध्यक्ष पूजा गुप्ता एवं सुमन गर्ग, कुसुम गौर, शिखा गर्ग व अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### जानलेवा बीमारियों से बचाव को टीकाकरण अभियान



**पलवल।** नागरिक अस्पताल में बच्चों को छह जानलेवा संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर-4 में हेल्थ वर्कर कामिनी और शारदा रानी ने बच्चों का टीकाकरण किया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. योगेश मलिक ने बताया कि बच्चों के शरीर में रोग प्रतिरक्षण हेतु टीके लगाए जाते हैं, जिससे बच्चों के शरीर की रोग से लड़ने की शक्ति बढ़ती है। टीकाकरण से बच्चों में कई संक्रामक बीमारियों की रोकथाम होती है तथा समुदाय के स्वास्थ्य के स्तर में सुधार होता है। टीकाकरण से बच्चों में खसरा, टेटनस (धनुष बाय), पोलियो, क्षय रोग, गलघोंटू, काली खांसी, हेपेटाइटिस बीमारियों से बचाव होता है। इसके अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं को टिटनेस के टीके लगाकर उन्हें व उनके नवजात शिशुओं को टिटनेस से बचाया जाता है। डॉ. योगेश मलिक ने कहा कि छह जानलेवा संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए अपने बच्चों को सही समय पर टीके अवश्य लगवाएं। हेल्थ वर्कर शारदा रानी ने बताया कि नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर-4 में टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों में बीसीजी का टीका, डीपीटी के टीके की तीन खुराक, पोलियो की तीन खुराक व खसरे का टीका उनकी पहली वर्षगांठ से पहले अवश्य लगवा लेना चाहिए।

### 4.30 ग्राम स्मैक सहिता आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना पल्ला प्रबंधक की टीम पुलिस चौकी नवीन नगर ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम गुरमीत है, आरोपी मूल रूप से जिला फतेहबाद का रहने वाला है। आरोपी वर्तमान में इस्माइल पुर में रह राह है। उसको पुलिस चौकी नवीन नगर प्रभारी हर्षवर्धन की टीम ने सूचना से इस्माईलपुर में गुरुद्वारे के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर 4.30 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक को किसी अंजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी एक पुडिया 400/-रु में खरीद लाया था और 500/-रु में बेचता है। वह मजदूरी करता है और नशा करने का आदि है।

# राहुल को राहत

## विपक्ष में उत्साह

**राहुल गांधी** को अविश्वास प्रस्ताव के ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहत मिलने से विपक्ष में उत्साह है। गुजरात की निचली अदालत द्वारा मानहानि मामले में दोषी पाए जाने के बाद राहुल गांधी को गुजरात उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली थी, पर अब अंततः उनको सर्वोच्च न्यायालय ने राहत दे दी है। हालांकि, यह मामला जारी रहेगा, पर अदालत ने उनकी सजा स्थगित कर दी है। राहुल गांधी ने कहा था कि 'सारे चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है?' इस टिप्पणी पर 'मोदी' सरनेम वाले भाजपा के एक नेता ने आहत अनुभव किया था और वे अदालत चले गए थे। हालांकि, निचली अदालत ने दो साल की अधिकतम सजा देने का कोई कारण नहीं बताया था और उच्च न्यायालय ने भी इस बिंदु पर गौर नहीं किया था, लेकिन इसके चलते राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता से हाथ धोने पड़े थे। हालांकि, अब सर्वोच्च न्यायालय ने सजा स्थगित कर उनको समुचित राहत प्रदान की है जिससे वे महत्वपूर्ण अविश्वास प्रस्ताव के पहले संसद में संसद सदस्य के रूप में प्रवेश कर सकते हैं। यह घटनाक्रम भारतीय जनता पार्टी-भाजपा तथा विपक्ष, दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। इस मामले के स्पष्ट रूप से दो आयाम हैं-राजनीतिक और कानूनी। कांग्रेस का कहना है कि संसद में सरकार राहुल गांधी द्वारा 'अडानीगेट स्कैंडल' जैसे कठिन सवाल पूछने से असहज अनुभव कर रही थी और इसी कारण दोषसिद्ध होने के 24 घंटे के भीतर ही उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर उनको आबंटित सरकारी बंगला खाली करने के लिए कहा गया। कांग्रेस भले ही इसे भाजपा द्वारा राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास बताए, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि राहुल गांधी इससे पहले भी कई बार



'अपमानजनक' शब्दों का प्रयोग करते रहे हैं जिससे उनके भीतर का अहंकार स्पष्ट होता है।

हालांकि, राहुल गांधी की सजा स्थगित होने के अनेक आयाम हैं। इससे विपक्ष व खासकर कांग्रेस में उत्साह बढ़ा है। कांग्रेस अब तक विपक्षी दलों के गठबंधन 'आई.एन.डी.आई.ए' में 'लो-प्रोफाइल' रखते हुए शायद राहुल गांधी को 'राहत' की प्रतीक्षा कर रही थी। लेकिन अब इस गठबंधन में वह अपनी केन्द्रीयता और वर्चस्व पर जोर देते हुए अधिकाधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहेगी। इससे क्षेत्रीय दलों व कांग्रेस में टकराव बढ़ सकता है जिसका प्रभाव गठबंधन के भविष्य पर पड़ सकता है। वैसे भी कई प्रदेशों में बीजू जनता दल व वाईएसआर कांग्रेस जैसे महत्वपूर्ण दलों ने विपक्षी गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर दिया है। यदि राहुल गांधी का 'अहंकार' बना रहा तो भविष्य में कांग्रेस से दूरी बनाए रखने वाले दलों और नेताओं की संख्या और बढ़ सकती है। उल्लेखनीय है कि अनेक विपक्षी नेताओं की 'सलाह' के बावजूद महाराष्ट्र व राष्ट्रीय राजनीति के कद्दावर नेता शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 'तिलक सम्मान' देने के लिए मंच साझा किया। मंच पर पवार की शरीर-भाषा अनेक विपक्षी नेताओं को आश्चर्यचकित करने वाली थी। संभवतः स्व. मुलायम सिंह यादव की तरह वे भी समझ गए हैं कि 2024 में मोदी की सत्ता में वापसी होगी। इस समय सारी जनता की नजरें अविश्वास प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री मोदी के जवाब पर टिकी हैं। भले ही राहुल गांधी, कांग्रेस या विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव पर जो कुछ कहें, अधिकांश लोगों को उम्मीद है कि 2018 की तरह इस बार भी मोदी का भाषण 'सौ सुनार की, एक लुहार की' तरह होगा और विपक्ष के सारे मंसूबे ध्वस्त कर देगा।

# बैंकों के एनपीए में कमी

### सरकारी प्रयासों के बावजूद डूबे कर्जों की वसूली कम होने का कारण न्यायिक अति-सक्रियता है जिसने इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी को लगभग निरर्थक बना दिया है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



संसद में वित्त मंत्रालय-एमओएफ द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले नौ साल में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों-एससीबी ने लगभग 10,16,617 करोड़ रुपये के ऐसे कर्ज वसूल किए हैं जो बैंकिंग की परिभाषा में बुरे या नान पर्फामिंग असेट-एनपीए में बदल गए थे। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में वित्त राज्यमंत्री भगवत कराड ने सूचना दी कि 'सरकार व आरबीआई ने एनपीए कम करने व उनकी वसूली के लिए समग्र उपाय किए हैं। इनमें कार्पोरेट कंपनियों को दिए कर्ज भी शामिल हैं।' इनमें अन्य उपायों के साथ 2016 में इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी तथा नेशनल असेट रिकांस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड-एनएआरसीएल की स्थापना शामिल है। बैंकों के स्तर पर किए प्रयासों में सभी दबाव वाली परिसंपत्तियों की पहचान और रिपोर्टिंग, समाधान योजना-आरपी पर त्वरित कार्रवाई, कठोरता से वसूली के लिए दबाव वाली परिसंपत्तियों संबंधी प्रबंधन व्यवस्था तथा बड़े कर्जदारों के डेटाबेस पर सूचना के केन्द्रीय भंडार-क्रिलेक में उपलब्ध डेटा का व्यापक प्रयोग शामिल हैं।

जानबूझ कर कर्ज अदा न करने वालों को बैंकों या वित्तीय संस्थानों द्वारा अतिरिक्त सुविधायें देने पर प्रतिबंध के साथ ही उनकी इकाइयों द्वारा पांच साल में कोई नया उद्यम न शुरू करने देने जैसे कदम उठाए गए। इसके साथ ही ऐसे व्यक्तियों या उनकी कंपनियों को पैसा एकत्र करने के लिए शेयर बाजार में प्रमोटरों-डाइरेक्टरों के रूप में काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया। इसके साथ ही आईबीसी के अंतर्गत ऐसे प्रमोटरों को किसी उद्यम पर नियंत्रण रखने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

एनपीए में कमी की मात्रा को देखते हुए कोई भी अनुमान लगा सकता है कि यह उपलब्धि प्रशंसनीय है। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि पिछले पांच साल में बैंकों ने लगभग 10,57,000 करोड़ रुपये के डूबे कर्ज बट्टे खाते में डाले, 10,16,617 रुपये की कर्ज वसूली महत्वपूर्ण है। लेकिन यहां एक समस्या है। 2016-2021 के बीच केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी का पूंजीकरण बढ़ाने के लिए लगभग 300,000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता दी। इसके साथ ही 2021-22 के बजट में इसने एनएआरसीएल द्वारा जारी सिक्यूरिटी प्राप्तियों की सुरक्षा संप्रभु गारंटियों के लिए 200,000 करोड़ रुपये देने का वादा किया, जहां बहुसंख्य शेयर पीएसबी में निहित थे। निश्चित रूप से यह 500,000 करोड़ रुपये एनपीए घटाने पर खर्च किया जा सकता था। इस धनराशि को घटाने के बाद केवल 516,617 करोड़ की प्राप्ति होगी। एसोचैम तथा क्रिसिल रेटिंग की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च, 2023 को बैंकों का एनपीए लगभग 5 प्रतिशत था।

इस तिथि तक सभी एससीबी के कुल बकाया 143,00,000 करोड़ कर्ज को देखते हुए सकल एनपीए लगभग 715,000 करोड़ होते हैं। यदि पीएसबी को बजट सहायता तथा एनएआरसीएल के एसआर पर संप्रभु गारंटी के रूप में 500,000 करोड़ रुपये न मिले होते तो एनपीए 1215,000 करोड़ रुपये होता। यह 31 मार्च, 2018 को एनपीए 1036,000 करोड़ से अधिक होता। स्पष्ट रूप से बुरे कर्जों की वसूली प्रभावित हुई है। इसे दूसरे दृष्टिकोण से भी देखा जा सकता है। इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी बोर्ड आफ इंडियां-आईबीबीआई के अनुसार आईबीसी क अंतर्गत कुल 5,636 मामलों में से 3,637 मामले बंद कर दिए गए हैं।

बंद किए लगभग आधे मामले, यानी 1,703 दीवालिया हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर-दिसंबर, 2021 में वित्तीय कर्जदारों से वसूली स्वीकृत दावों का केवल 13.4 प्रतिशत थी, जबकि जनवरी-मार्च 2022 में यह और कम केवल 10.2 प्रतिशत थी। 363 बड़े मामलों में बैंकों ने औसतन 80 प्रतिशत कमी की, जबकि वीडियोकान जैसे मामले यह 95 प्रतिशत थी।

एनएआरसीएल को बैंकों द्वारा हस्तांतरित बुरे कर्जों में भारी रियायत की उम्मीद की जाती है। इसके लिए हमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश कार्ययोजना की मोटी रूपरेखा समझनी होगी। उनकी यह घोषणा 2021-22 के बजट में एनएआरसीएल की घोषणा के बाद 16 सितंबर, 2021 को आई थी। इसके अंतर्गत एनएआरसीएल बैंकों से तथाकथित 15:85 ढांचे के अंतर्गत 200,000 करोड़ के बुरे कर्ज खरीदेगा। इसके अंतर्गत एनएआरसीएल 15 प्रतिशत भुगतान सहमति वाली कम दरों पर नकद करेगा तथा बाकी के लिए सिक्यूरिटी रिसीट-एसआर जारी करेगा।

केन्द्र सरकार एनएआरसीएल द्वारा जारी एसआर की संप्रभु गारंटी देगी जो पांच साल तक वैध रहेगी। इस गारंटी में एसआर के मूल्य तथा समाधान या समाप्ति के बाद प्राप्त वास्तविक मूल्य के अंतर के भुगतान की भी व्यवस्था थी। इसके लिए 30,600 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। ये सारी चीजें बजट प्राविधान से स्पष्ट हैं। इसका अर्थ है कि बैंको का कुल डूबा कर्ज 200,000 करोड़ रुपये एनएआरसीएल को केवल 18 प्रतिशत या 36,000 करोड़ रुपये में मिल जाता। इसमें से एनएआरसीएल बैंकों को 15 प्रतिशत या 5,400 करोड़ रुपया नकद तथा बाकी 30,600 करोड़ रुपया एसआर के रूप में मिल जाता। एसआर की वसूली के लिए एनएआरसीएल निवेशकों से कम से कम 30,600 करोड़ रुपये प्राप्त करना होगा। यदि वह यह धनराशि नहीं वसूल पाता है तो पूरी धनराशि का भुगतान केन्द्र करेगा।

जहां तक आईबीसी के पास प्रस्तुत बड़े मामलों का सवाल है, रियायतों की जिम्मेदारी बैंकों पर है जबकि एनएआरसीएल 82 प्रतिशत प्राप्त कर सकता है। मोदी सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाने के बावजूद बहुत कम वसूली का कारण न्यायिक अति-सक्रियता है जिसने आईबीसी प्रक्रिया को लगभग निरर्थक बना दिया है। यह किस प्रकार हुआ? आरबीआई द्वारा 12 फरवरी, 2018 को जारी एक सर्कुलर के अनुसार, 2,000 करोड़ से अधिक धनराशि वाले खाते इसके अंतर्गत आते थे। इनमें किसी कर्जदाता या सभी कर्जदाताओं द्वारा अकेले या संयुक्त रूप से दिए कर्ज की अदायगी में कोई कमी आते ही एक समाधान योजना-आरपी बना कर कमी दूर करने की तैयारी की जाती और इसे क्रियान्वित किया जाता। यह काम कमी आने से 180 दिन के भीतर किया जाना था।

इस समयसीमा का पालन न करने पर कर्जदाता इस खाते को आईबीसी के अंतर्गत समाधान हेतु नेशनल कंपनी ला ट्राइब्यूनल-एनसीएलटी के समक्ष पेश कर सकते थे। एनसीएलटी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 180 दिन का समय देता। लेकिन कर्जदारों की याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने 12 फरवरी, 2018 को जारी सर्कुलर को असंवैधानिक घोषित कर दिया।

इसके बाद मजबूरी में आरबीआई ने 7 जून, 2019 को एक सर्कुलर जारी किया। इसमें बैंकों को आरपी जारी करने के लिए 180 दिन का समय दिया। यदि बैंक इस समयसीमा का पालन न करते तो उनको 20 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान करना होता। यदि वे एक साल के भीतर प्रक्रिया पूरी न करते तो उनको 15 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविघान करना होता जो कुल मिला कर 35 प्रतिशत हो जाता।

यदि इसमें 15 महीने तक कर्ज अदा करने के 40 प्रतिशत के 'एजिंग' प्राविधान को शामिल किया जाए तो कुल प्राविधान 75 प्रतिशत हो जाता है। इतनी बड़ी धनराशि की रियायत के बाद बैंक के पास आईबीसी के अंतर्गत पैसा वसूल करने की कोई प्रेरणा नहीं बचती है। इससे ऐसी स्थिति बनी जब बैंक पर न कोई दबाव था और न आईबीसी समाधान के माध्यम से उनकी एनपीए घटाने में कोई दिलचस्पी थी। इस प्रकार किसी 'चिन्ताजनक' उद्यम के लिए बोली आमंत्रित करने की आईबीसी की प्रक्रिया की आत्मा मर गई। ऐसी स्थिति में अधिकतम कर्ज वसूली के लिए रियायत घटाना एकमात्र रास्ता है। लेकिन 12 फरवरी, 2018 के आरबीआई सर्कुलर को असंवैधानिक ठहरा कर सर्वोच्च न्यायालय ने बैंकों का डूबा कर्ज वसूलने या एनपीआई घटाने के सरकारी प्रयास की आत्मा मार डाली।

# आत्मविश्वासी महिलाओं की विशेषताएं

> मानसिकता की एक मजबूत स्थिति से जीवन जीना यह दर्शाता है कि व्यक्ति को अपने मानकों को ऊंचा रखना चाहिए।

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षा प्रदाता हैं)



आज के परिदृश्य में, कोई भी व्यक्ति जो जीवंत स्वास्थ्य से चमकता है, सम्मान का पात्र है क्योंकि यह प्रतिबद्धता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। स्वाभिमान स्वार्थी नहीं, प्रशंसनीय है। मानसिकता की एक मजबूत स्थिति से जीवन जीना यह दर्शाता है कि व्यक्ति को अपने मानकों को ऊंचा रखना चाहिए।

यह निश्चित रूप से मानसिकता और आदतों में बदलाव लाता है, लेकिन यह एक ऐसा गुण है जिसे कोई भी व्यक्ति जीवन के किसी भी चरण में पूरी तरह से विकसित कर सकता है। समान आधार पर बात करें तो हर महिला के जीवन में एक समय ऐसा आता है, जब उसे दो विकल्पों में से एक को चुनना होता है, या तो पुरुषों से तिरस्कार स्वीकार करना या यह निर्णय लेना कि वह उससे अधिक की हकदार है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोई भी महिला जिसे आत्मनिर्भर बनाया गया है वह निश्चित रूप से पहले की तुलना में दूसरा विकल्प चुनेगी।

मजबूत महिलाओं में कोई दृष्टिकोण नहीं होता... उनके पास मानक और सीमाएं होती हैं जो अपने मूल्य में दृढ़ होती हैं और अपनी कृपा में अजेय होती हैं। एक महिला के रूप में, किसी को भी क्षमाप्रार्थी रूप से स्वयं वह होनी चाहिए।

उसे अपनी ताकत पर गर्व होना चाहिए, अपने मानकों पर कायम रहना चाहिए और अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऊंचा उठाना चाहिए। जैसा कि कहा जाता है कि बंद मुंह से कुछ नहीं मिलता, उसी तरह एक महिला जो कभी भी अपने विचार का विस्तार नहीं करेगी कि क्या संभव है, वह हमेशा ऐसा करती रहेगी। वह जितनी योग्य है उससे कम प्राप्त करती है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि महानतम चीजें विनम्र शुरुआत से आती हैं। हालांकि, किसी को जो चाहिए वह मांगने का साहस होना चाहिए, लोगों की अपेक्षा से अधिक मांगने का साहस होना चाहिए। इन सबसे ऊपर, आज की महिला आत्म-सम्मान की मांग करती है क्योंकि यह आत्म-सम्मान ही है जो किसी व्यक्ति को सभी प्रकार के गंदे लोगों और परिस्थितियों से बचाता है।



आज की सफल महिलाएं जैसे हमारे भारत की माननीय राष्ट्रपति सुश्री द्रौपदी मुर्मू, सुश्री मैरी कॉम, सुश्री इंद्रा नूयी, सुश्री निर्मला सीतारमण, सुश्री सुधा मूर्ति, डॉ. किरण बेदी, सुश्री किरण मजूमदार शॉ, स्वर्गीय कल्पना चावला और मलाला यूसुफजई, ओपरा विन्फ्रे, टेलर स्विफ्ट या एलेन डीजेनरेस जैसी शख्सियतों की सूची अंतहीन है और यह दिखाती है कि उन्होंने अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, वह केवल इसलिए है क्योंकि वे ही हैं जिन्होंने इसे मांगने का साहस किया और वे भी हैं जिन्होंने ऐसा करने का साहस किया। यह विश्वास करने के लिए कि वे इसके लिए योग्य थे। आज की रूढ़िवादी दुनिया में, कई पुरुष यह भी नहीं जानते हैं कि एक महिला को उसकी सीमाओं, उसके शेड्यूल और व्यस्त जीवन के साथ कैसे संभालना है। वे अभी भी अपने पुराने स्कूल के विश्वास पर कायम हैं, कि एक महिला को उनके हर इशारे और कॉल के लिए तैयार रहना होगा।

याद रखें, जो महिला यह निर्णय लेती है कि वह अपने सपनों के लायक है, चाहे उसकी परिस्थितियां कैसी भी हों, वह सशक्त जीवन जीने की राह पर है। यदि तृप्ति, परिष्कार और संतुष्टि ही जीवन का अंतिम लक्ष्य है तो किसी को भी टुकड़ों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। संतुष्टि किसी दूसरे व्यक्ति से नहीं आती. यह तभी आता है जब व्यक्ति यह समझता है कि वे केवल प्रेम के इरादे से बने हैं।

इसी आधार पर, कोई भी स्वस्थ, धनी और गुणवान पुरुष कभी भी ऐसी महिला का सम्मान नहीं करेगा या उसके प्रति आकर्षित नहीं होगा जिसमें आत्म-सम्मान नहीं है। वे हमेशा एक ऐसी महिला चाहते हैं जिसका व्यक्तित्व और ऊर्जा उनमें से सबसे सक्षम और आत्मविश्वासी संस्करण को सामने लाए, न कि वह महिला जो उनके साथ खड़ी हो और भावनात्मक, आर्थिक या अन्य रूप से आगे बढ़े।

एक आत्मविश्वासी महिला अपनी कीमत जानती है और एक ऐसे पुरुष को आकर्षित करेगी जो उसे शीर्ष स्तर के व्यक्ति के रूप में महत्व देगा। यदि कोई व्यक्ति स्वयं का सम्मान नहीं करता तो कोई भी उसका सम्मान नहीं कर सकता।

## आप की बात

### योगी की स्वीकार्यता

**उत्तर प्रदेश** में योगी आदित्यनाथ की दूसरी पारी चल रही है। उनके दूसरे कार्यकाल को हर वर्ग द्वारा सराहना मिल रही है। उनकी शासन व्यवस्था को अब हर वर्ग ने न केवल स्वीकार किया है बल्कि उनकी हां में हां मिलाने वालों की संख्या भी काफी तेजी से बढ़ रही है। पूरे देश में आज उनकी शासन की कार्यप्रणाली को सराहना मिल रही है। कई नेता तो उनकी कार्यशैली को अपने प्रदेश में लागू करने के लिए प्रयास भी कर रहे हैं। पिछले दिनों ज्ञानवापी मसले पर काफी सोच विचार कर योगी आदित्यनाथ ने जो कहा, उस पर सबको अवश्य गौर करना चाहिए। योगी ने साफ कहा, मुझे लगता है भगवान ने जिसे दृष्टि दी है वह देखे न, त्रिशूल मस्जिद के अंदर क्या कर रहा है? यह हमने तो नहीं रखा। वहां ज्योतिर्लिंग है, देव प्रतिमाएं हैं, पूरी दीवारें चीख-चीख कर क्या कह रही हैं? यह आज सबको को समझना चाहिए। योगी जी चाहते हैं कि मुस्लिम समाज मस्जिद में व उसके आसपास मिले प्रमाणों को देखकर इसे हिंदू समाज को सौंप देने की बात करें एवं अपना बड़ा दिल दिखाएं। आज चाहे कोई वर्ग उनके इस बयान की निंदा करे, पर वह सच है। अनेक मुस्लिम भी आज योगी का बयान स्वीकार रहे हैं। देखना होगा कि यह स्वीकार्यता कहां तक जाती है।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### भारत-विरोधी षडयंत्र

**मणिपुर** के अलावा देश के अन्य राज्यों में भी हिंसा की घटनाएं हुई है। महिलाओं के साथ ज्यादतियो के भी समाचार लगभग रोज सुनने को मिलते हैं। प्रारंभिक जांच से लगता है कि यह एक सोची-समझी योजनाबद्ध साजिश है जिसमें विदेशी शक्तियां भी शामिल हैं। भारत के विरुद्ध चीन व पाकिस्तान जैसे देश खुलकर तो दुश्मनी निभा ही रहे हैं। पीठ पीछे वार भी कर रहे हैं। इन हिंसक घटनाओं के साथ जातिवाद का जहर फैलाकर अतिवादी खुद और उनके बहकावे में आए युवा देशभर में हिंसा फैलाने के प्रयास कर रहे हैं। मगर विडंबना है कि अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए विपक्षी दल जाने-अनजाने इनका साथ दे रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा लगभग पूरे समय तक ही स्थगित रखना, हुड़दंग मचाना और विषैले बयान देना विपक्ष का शगल बन गया है। यह क्रियाकलाप ऐसे हिंसक दंगों में आग में घी का काम कर रहे है। विपक्षी दल इसे गंभीरता नहीं दे रहे हैं। अब देश की जनता को ही अपनी सुरक्षा की व्यवस्था करनी होगी। नागरिक समितियां बनाकर क्षेत्र की अवांछित गतिविधियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने के साथ आत्मरक्षा की व्यवस्था करनी होगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### सऊदी अरब की पहल

**सऊदी अरब** सरकार को लगने लगा है कि अब उन्हें तमाशबीन बनकर बैठने के बजाय दुनिया भर में फैली अशांति दूर करने के लिए कुछ करना चाहिए। उसने 40 देशो को आमंत्रित कर यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर शांतिपूर्ण समाधान तलाशने हेतु विचार-विमर्श का आयोजन किया। इस बैठक से क्या निकलकर आया या आएगा यह तो पता नहीं, पर रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने के लिए ऐसी अंतराष्ट्रीय पहल जरूरी है। इन 40 देशों की बैठक में अनेक देश भारत और चीन भी शामिल हैं जिन्होंने अब तक रूसी आक्रमण की कठोर शब्दों में निन्दा नहीं की है। ये दोनों देश रूस और यूक्रेन को अंतराष्ट्रीय नियमों का पालन करना चाहिए जैसी बातें कर रहे हैं। लगता नहीं है की रूस-यूक्रेन के बीच जारी तनातनी इतनी जल्दी खत्म हो जाएगी। लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध समाप्त कराने की कोशिश जारी रहनी चाहिए। सऊदी अरब के प्रयास के बाद किसी पश्चिमी शक्ति को इस तरह का प्रयास करने में जरा भी संकोच नहीं करना चाहिए। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया के विकासशील व गरीब देश सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### शतरंज के खिलाड़ी

**अजरबैजान** की राजधानी बाकू में चल रहे शतरंज विश्व कप के दौरान गुरुवार को 17 वर्षीय डी. गुकेश लाइव रेटिंग में विश्वनाथन आनंद की जगह भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी बन गए। 6 अगस्त को लाइव रेटिंग के अनुसार गुकेश के 2756 अंक हैं और वह आनंद 2754 से एक स्थान आगे विश्व में 9वें स्थान पर है। इस प्रकार विश्व के शीर्ष 10 में भारत के दो खिलाड़ी हैं। गुकेश की आश्चर्यजनक उपलब्धि निश्चित रूप से भारत की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा होगी। अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रगनानंद व निहाल सरीन जैसे खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहे हैं और भारतीय शतरंज की स्वर्णिम पीढ़ी का हिस्सा हैं। गुकेश खिलाड़ियों के इस रोमांचक समूह का नेतृत्व कर रहे हैं। कुछ वर्षों के भीतर वे विश्व खिताब के लिए एक गंभीर चुनौती पेश कर सकते हैं। आनंद के गुरु होने के कारण उनको सही मार्गदर्शन मिलता रहेगा। अगर अखिल भारतीय शतरंज महासंघ गुकेश जैसे खिलाड़ियों के लिए देश में कुछ विशिष्ट टूर्नामेंट ला सकता है तो इससे शतरंज का और तेजी से विकास होगा।

–**तौकीर रहमानी,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# दोनों सदनों में भारी हंगामे के बीच निपटाए गए विधायी कार्य

**● महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर निंदा प्रस्ताव पास करने की मांग को लेकर उच्च सदन में सपा सदस्य वेल में धरने पर बैठे**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मानसून** सत्र के पहले दिन ही विधानमंडल के दोनों सदनों में जमकर हंगामा और शोर-शराबा हुआ। जिसके चलते उच्च सदन में प्रश्नकाल हंगामे की भेंट चढ़ गया और सदन की कार्यवाही स्थगति करनी पड़ी। विधानसभा सदन में भी हंगामें के चलते प्रश्नकाल नहीं चल पाया और सभी प्रश्नों को उत्तरित मान लिया गया। दोनों ही सदनों में भारी हंगामे के बीच विधायी कार्यों को निपटाया गया।

विधान परिषद में सोमवार को पहले दिन मणिपुर में हुए महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर सपा के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। कार्यवाही शुरू होते ही सपा सदस्य महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर काम रोककर निंदा प्रस्ताव रखने की मांग कर रहे थे। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने मांग अस्वीकार कर कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन की मेज पर रखा। इस पर सपा सदस्य वेल में पहुंच कर नारेबारी करने लगे। हंगामा और नारेबाजी के बीच मात्र आठ मिनट बाद ही सभापति ने 11 बजकर 8 मिनट पर सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। नाराज सपा सदस्य वेल में ही धरने पर बैठ गए। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पहले से वेल में बैठे सपा सदस्य फिर से नारेबाजी और हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही सभापति ने एक पूर्व सदस्य सुभाष चन्द्र माहेश्वरी के निधन पर शोक व्यक्त किया।सदन ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए कुछ क्षण मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सपा सदस्यों का फिर से हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के बीच ही सभापति ने शून्यकाल की कार्यवाही शुरू करा दी और भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक व डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त के वर्ष-2021 के गांधी शान्ति पुरस्कार के लिए गीता प्रेस गोरखपुर के चयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के संबंध में सूचना दी। सभापति ने बधाई संदेश स्वीकार कर उसे कार्यवाही के लिए सरकार को संदर्भित कर दिया। भाजपा के ही देवेन्द्र प्रताप सिंह ने भी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में वैश्विक क्षितिज पर भारत एवं सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित होने के फलस्वरूप विश्व के कई देशों द्वारा सर्वोच्च सम्मान प्रदान करने पर धन्यवाद ज्ञापित करने के संबंध में सूचना दी। सपाइयों का हंगामा जारी रहा। इस पर सभापति ने दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। 12 बजकर 45 मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा सदस्यों का फिर से हंगामा शुरू कर दिया।

सपा सदस्य वेल में ही नारेबाजी और हंगामा कर रहे थे जबकि सभापति ने सदन की कार्यवाही को एजेंडे के अनुसार निपटाना जारी रखा। हंगामे के बीच सदन में आज के एजेंडे के अनुसार विधायी कार्यों को निपटवाने के बाद सभापति मानवेंद्र सिंह ने 12 बजकर 56 मिनट पर विधान परिषद की कार्यवाही को 8 अगस्त की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।













## टमाटर की माला पहनकर सपा विधायकों ने जताया विरोध



**लखनऊ।** विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सत्ता पक्ष भाजपा पर विपक्ष हमलावर दिखा। समाजवादी पार्टी के कई विधायकों ने मंहगाई के विरोध स्वरूप टमाटर की माला पहनकर अपना रोष प्रकट किया। तो कई सपा विधायकों ने तख्ती लेकर विधानभवन परिसर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इतना ही नही सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने महंगाई का विरोध जताने के लिए टमाटर की माला पहनकर साइकिल से ही विधानभवन सदन में शामिल होने पहुंच गए।

विपक्ष की रणनीति के तहत समाजवादी पार्टी ने विधानसभा की कार्रवाई शुरू होते ही हंगामा मचाना शुरू कर दिया। टमाटर की माला पहनकर कई विधायक सदन पहुंचे। विरोध स्वरूप सबसे अनोखे अंदाज में एमएलसी आशुतोष सिन्हा दिखाई पड़े। आशुतोष सिन्हा का विरोध करने का अंदाज का निराला ही था। वे साइकिल पर सवार होकर टमाटर की माला पहने विधानभवन पहुंच गए। मुख्य द्वार पर ही सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोका। इस दौरान सपा एमएलसी आशुतोष ने पत्रकारो से वार्ता करते हुए कहा कि मंहगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इससे आम लोगों को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि इस समय टमाटर का दाम करीब 200 रुपए किलो है। जो सरकार की नाकामी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि माजूदा समय में महंगाई चरम पर है जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। सरकार पर इसका कोई असर नही पड़ रहा है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के विधायकों ने विरोध स्वरूप चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। इस दौरान अमेठी विधायक राकेश प्रताप सिंह समेत कई विधायकों ने टमाटर की माला पहनकर व हाथों में तख्ती लेकर विरोध जताया।

## भाजपा राज में महिलाओं को रोज अपमानित किया जा रहा:अखिलेश

**विधानसभा और विधान परिषद सदन का सामूहिक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर भेजे जाने की समाजवादी पार्टी ने मांग की**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** प्रमुख एवं नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में सोमवार को समाजवादी पार्टी के विधान सभा एवं विधान परिषद के सदस्यों ने मणिपुर का मामला उठाया और इस पर तुरन्त चर्चा की मांग की। अखिलेश यादव ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में महिलाओं को रोज अपमानित किया जा रहा है। मणिपुर की घटना से दुनिया भर में भारत की बदनामी हुई है। विधानसभा में महिला विधायकों ने भाजपा सरकार की हठधर्मी के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया।

समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्यों ने भी सदन के सभापति को नोटिस देकर मणिपुर प्रदेश में महिलाओं के साथ घटित नग्नता की घटना के सम्बंध में निंदा प्रस्ताव पारित करने, घटना में पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने तथा तथ्यों की जानकारी के लिए विधान परिषद के सदस्यों का प्रतिनिधिमण्डल मणिपुर भेजने की मांग की है। मणिपुर की घटना के सम्बंध में निंदा प्रस्ताव और पीड़ित परिवारों के सांत्वना देने की मांग करने वाले विधान परिषद सदस्यों में लाल बिहारी यादव, नरेश उत्तम पटेल, राजेन्द्र चौधरी, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मान सिंह यादव, शाहनवाज, आशुतोष सिन्हा, मुकल, जासमीर अंसारी द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में कहा गया है कि मणिपुर में कुकी समुदाय की महिलाओं के साथ मानवता को शर्मसार करने वाली नग्नता की घटना से सम्पूर्ण विश्व में भारत की छवि खराब हुई है। नोटिस में कहा गया है कि देश की प्रत्येक महिलाएं भयाक्रांत है। मणिपुर की सरकार और पुलिस प्रशासन की विफ्लता के कारण केन्द्र की भाजपा सरकार के हस्तक्षेप की आवश्कता है। समाज में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सामूहिक रूप से सदन में निंदा की जानी चाहिए। मणिपुर की घटना से देश भर की महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है।

## मणिपुर घटना के विरोध में आराधना मिश्रा ने जोर-शोर से दर्ज कराया अपना विरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि आज उत्तर प्रदेश विधानसभा के 'मानसून सत्र' के प्रथम दिन संयुक्त विपक्ष ने मणिपुर में घटित हुई दुखद एवं शर्मनाक घटना पर अपना विरोध दर्ज कराया। संपूर्ण विपक्ष ने संयुक्त रूप से सदन के पटल पर निंदा प्रस्ताव पास करने का अनुरोध किया किन्तु सदन ने उसे स्वीकार नहीं किया। नेता कांग्रेस विधानमंडल दल की तरफ से इस प्रकरण को लेकर जोर शोर से अपना विरोध सदन में दर्ज कराया गया। सदन में अपनी बात रखने का वे लगातार प्रयास करती रहीं और अनुरोध करती रहीं किन्तु मणिपुर की घटना पर सदन ने निंदा प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया और उन्हें बोलने का अवसर भी नहीं दिया।

नेता कांग्रेस विधानमंडल दल ने कहा है कि आजाद भारत के इतिहास में ऐसी वीभत्स और निंदनीय घटना पहले कभी नहीं हुई जैसी घृणित घटना मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई हैए इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। मणिपुर की निंदनीय और मानवता को शर्मिन्दा करने वाली घटना से मात्र मणिपुर ही नहीं बल्कि पूरे देश की महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं और उनमें भय और रोष व्याप्त है तथा डरी सहमी हुई है। अतः पुनः देश के किसी भी अंचल में ऐसी शर्मनाक घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो इसके लिये आवश्यक है कि मणिपुर घटना की निन्दा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। नेता कांग्रेस विधान मण्डल दल ने कहा है कि मणिपुर की बेटियों-स्त्रियों के अस्तित्व के सम्मान को प्रदेश की सीमाओं तक मानना उचित नहीं है, इस घटना से केवल मणिपुर की दो बेटियों का अपमान नहीं हुआ है बल्कि देश की हर बेटी के सम्मान का हनन हुआ हैए उत्तर प्रदेश का सदन जो देश का सबसे बड़ा सदन है यदि वहां पर इस घटना का निन्दा प्रस्ताव पास होता तो उसका अपना अलग महत्व होता यह घटना असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। मणिपुर, भारत देश का अंग है वहां की घटना की चर्चा देश की धरती पर होनी ही चाहिए। आराधना मिश्रा ने कहा कि सदन में संपूर्ण विपक्ष की यह भी मांग थी कि मणिपुर में घटित हुई घटना की वास्तविकता की जांच करने एवं वहां की सही जानकारी के लिए उत्तर प्रदेश विधान सभा का एक प्रतिनिधि मंडल मणिपुर भेजा जाए जो तथ्यात्मक और वास्तविक जानकारी से अवगत कराए किन्तु सदन ने विपक्ष की इस मांग को भी अस्वीकार कर दिया।

## जल्द ही बनाई जाएगी एक स्टेट लेवल एसओपी: विजय किरण आनंद

**अनएडेड स्कूल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव को सौंपा ज्ञापन**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महानिदेशक** स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि आजमगढ़ में हुई घटना के संदर्भ में अनएडेड स्कूल एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने आजमगढ़ में हुई घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथी पदाधिकारियों के साथ बैठक में यह तय किया गया है कि सरकार जल्द ही ऐसे मामलों को किस तरह से हल किया जाए इसके लिए एक राज्यस्तरीय गाइडलाइन बनाएगी। उन्होंने बताया कि जिस पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सहमति दे दी है। अब सरकार व एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक कमेटी बनाकर जल्दी एक गाइडलाइन तैयार किया जाएगा। अनएडेड स्कूल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चार सदस्यीय दल जिसमें बृजेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉक्टर माला मेहरा सचिव, रचित मानस कोषाध्यक्ष व अनिल अग्रवाल अध्यक्ष सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सचिव सूचना एवं गृह विभाग संजय प्रसाद से लोक भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र भी प्रमुख सचिव को सौंपा गया।

बैठक के दौरान कई मुद्दों पर वार्ता की गई, जिसमें प्रमुख सचिव संजय प्रसाद द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि निकट भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर सीधे कोई भी कार्यवाही प्रबंध तंत्र से जुड़े हुए लोगों, विद्यालय की प्रधानाचार्य या शिक्षक-शिक्षिका के खिलाफ नहीं होगी।

## प्रदेश भर में कल 'पंच प्रण' की शपथ दिलाएगी योगी सरकार

**● शपथ दिलाकर उत्तर प्रदेश में 'मेरी माटी, मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा अभियान की होगी शुरुआत**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन का आगाज वृहद स्तर पर करने की तैयारी पूरी कर ली है। भारत के सभी राज्यों में फिलहाल आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, ऐसे मेंए केंद्र सरकार की 'मेरी माटी, मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा' अभियान को उत्तर प्रदेश में भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा तय कर रखी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप] स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इन कार्य्रमों की शुरुआत 9 अगस्त से वृहद स्तर पर होगी और पहले चरण में 'पंच प्रण' के जरिए स्वाधीनता की अलख पूरे प्रदेश में जगाई जाएगी। यह आयोजन कितना वृहद होगा इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के सभी गांवों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, छावनी, परिषदों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, निगमों समेत औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी सभी लोग 'पंच प्रण' से संबंधित शपथ लेंगे और देश व प्रदेश की उन्नति के लिए प्रतिबद्धता दर्शाने के साथ ही देश की स्वतंत्रता के अब तक के सफर को लेकर गर्व के भाव की अनुभूति कर सकेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा सभी सरकारी विभागों समेत हर स्तर पर निर्देश दिए जा चुके हैं। साथ ही सभी सरकारी विभागों को भारत सरकार की वेबसाइट पर संबंधित सेल्फी अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आयोजन किस प्रकार होना है इसके लेकर भी पहले ही विस्तृत कार्ययोजना व निर्देश मुख्य सचिव द्वारा दिए जा चुके हैं। केंद्र सरकार की ओर से पंच प्रण की जो अवधारणा तय की गई है उसके अनुसार कुल 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया है।

### दिल्ली ले जाई जाएगी हर गांव की मिट्टी

**कार्ययोजना** के अनुसार 9 से 15 अगस्त के बीच अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विद्यालयों, शहीद स्थलों, अमृत वाटिकाओं, सामुदायिक केन्द्रों में से किसी भी चयनित स्थान पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामों/पंचायतों से मिट्टी-कलश अमृत यात्रा का शुभारंभ करते हुए ब्लॉक स्तर पर 16 से 20 अगस्त 2023 तक पहुंचाए जाएंगे। एकत्रित कलशों में से एक-एक कलश प्रति ग्राम पंचायत प्रदेश की राजधानी लखनऊ तथा देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों तक चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों के माध्यम से पहुंचाया जाएगा।

### इस तरह होगा शपथ का प्रारूप

**'मैं** शपथ लेता हूं कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। मैं शपथ लेता हूं कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयास करता रहूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों व दायित्वों का का पालन करूंगा। मैं शपथ लेता हूं कि मैं देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूंगा।

# ताजा चायपत्ती की नकली पैकिंग कर बाजार में सप्लाई का खेल

● 360.8 किलो नकली चायपत्ती व नकली गुटखा मसाला बरामद



**शाहजहांपुर।** पुलिस ने नकली उत्पादों के खेल का पर्दाफाश करते हुए ताजा चायपत्ती की नकली पैकिंग कर बाजार में सप्लाई करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। खाद्य विभाग व पुलिस विभाग के सयुक्त आपरेशन में 360.8 किलो चायपत्ती ताजा 16 कट्टों में, खुली चाय पत्ती 633.9 किग्रा 21 कट्टो में, 30 किलोग्राम पौलीथीन पारदर्शी सफेद रंग बरामद की पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना कोतवाली पुलिस की टीम, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारीयों की टीम ने चाँदापुर चौराहे के पास वर्मा अस्पताल के पीछे गोदाम छापमारकर गोदाम में मौजूद जितेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र व नन्हे लाला को गिरफ्तार किया पकडे गए आरोपी देश में मौजूद चायपत्ती ताजा के मशहूर ब्रॉन्ड ताजा चाय की नकली पैकिंग कर बाजार में सप्लाई करते थे टीम को गगन गुटखा का नकली मसाला भी बरामद हुआ। टीम को 360.8 किलो चायपत्ती ताजा 16 कट्टों में, खुली चाय पत्ती 633.9 किलोग्राम 21 कट्टो में, 10.4 किग्रा पान मसाला (गगन) के पैकट, पान मसाला खुला 2.5 किग्रा, पैकिंग रोल चाय पत्ती (ताजा) 69 किग्रा, पैकिंग रोल पान मसाला गगन 48 किग्रा सील सर्वे मोहर नमूना मोहर व बतौर नमूना 04 प्लास्टिक के डिब्बों मे खुला पान मसाला वजन 01 किग्रा, 04 बंड्लों मे पान मसाला के पैक कुल वजन 400 ग्राम, 04 बंड्लो मे चाय पत्ती वजन 800 ग्राम व 04 प्लास्टिक के डिब्बो मे खुली चाय पत्ती मय नमूना मोहर मय 03 अदद पैकिंग मशीन चाय पत्ती व पान मसाला को पैक करने वाली व एक अदद मशीन कट्टो को सिलने वाली चिट बन्दी व दो अदद मोबाइल मय 50 रुपये चिट बन्दी, एक अदद इलेक्ट्रोनिक कांटा मशीन (वजन वाली मशीन), 30 किग्रा पौलीथीन पारदर्शी सफेद रंग बरामद की पुलिस ने इनके एक साथी की तलाश में दबिश दी।

# सरयू की लहरें देख सहमी करीब 25 हजार की आबादी

● लगातार बैराजों से छोड़ा जा रहा लाखों क्यूसेक पानी

● रामपुर मथुरा इलाके दो दर्जन गांवों पर खतरा

**सीतापुर।** सीतापुर जिले के गांजरी इलाके में रहने वाले लाखों ग्रामीण बरसात के मौसम में बाढ़ और कटान की मार झेलते रहते है। कभी नदियों का बढ़ता जलस्तर उनके आशियाने डुबो जाता है, तो कभी घटती नदी घर और खेत को अपने पेट में समा जाती है। महमूदाबाद के रामपुर मथुरा इलाके में मौजूदा वक्त सरयू नदी का बढ़ता जलस्तर दो दर्जन से ज्यादा गांव के लिए खतरें की घंटी बजा रहा है। सरयू ने खतरे के निशान को चूम लिया है। पहाड़ो पर लगातार बारिश होने के कारण बैराज से लाखों क्यूसेक पानी लगातार छोड़ा जा रहा है। बढ़ता जलस्तर बड़ी तबाही का सबब बनने की ओर बढ़ रहा है। फत्तेपुरवा के मीटर गेज पर खतरे का निशान 119 मीटर है सरयू ने सोमवार को इसे छू लिया है। इसके बाद भी नदी का जलस्तर लगभग 20 सेंमी की दर से लगातार बढ़ रहा है। पानी शाम तक असर दिखाएगा तब नदी कितना तांडव करेगी यह आने वाला समय बताएगा। जलस्तर बढ़ने से अखरी, अंगरौरा, शंकरपुरवा, फतुल्लापुर, फत्तेपुरवा, बाबाकुटी, नवीन मनेरा, पंडित पुरवा, लिलईपुर, बलेशर पुरवा, अटौरा और केवड़ा सहित दो दर्जन से ज्यादा गांवों में रहने वाली 25 हजार से ज्यादा की आबादी नदी के बढ़ने से दहशत में है। सरयू का जलस्तर इसी तरह से बढ़ता रहा तो अगले एक दो दिन में यह सभी गांव या तो बाढ़ के पानी में डूबेगें या फिर इनमें से कुछ नदी में समा जाएगें।

# कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न का वितरण न हो: जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिलापूर्ति कार्यालय से संबंधित आवश्यक वस्तुओं के उठान एवं वितरण के सम्बन्ध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आवश्यक वस्तुओं का वितरण कार्डधारकों के मध्य समुचित रूप से उचित दर विक्रेताओं के द्वारा किया जाए। किसी भी दशा में कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न का वितरण न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि घाटतोली की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि वितरण के समय आपूर्ति विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी निरन्तर निरीक्षण करते रहें और दोषी विक्रेताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि वितरण के समय




कार्डधारकों से वितरण के सम्बन्ध में व्यापक पूछताछ कर ली जाए, जिससे कि वितरण सुचारू रूप से नियमानुसार कराया जा सके। निरीक्षण के समय ग्रामों में पंचायत घर एवं स्कूल आदि में कार्डधारकों को एकत्र कर उनसे वितरण के सम्बन्ध में पूछताछ की जाए तथा गांवों में बूढ़े, बुजुर्ग, विकलांग, मन्दिर आदि में निवास करने वाले साधू-संतों जो कि राशनकार्ड से वंचित हैं, उनके तत्काल राशनकार्ड बनवाये जाने हेतु ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच के समय अपात्र राशनकार्डो की भी जांच की जाए और उनको तत्काल निरस्त किया जाए। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को भी पत्र लिखने हेतु निर्देशित किया जिससे कि वह अपात्र एवं मृतक कार्डधारकों को तुरन्त चिन्हित कर उनके स्थान पर पात्र परिवारों को राशनकार्ड जारी किए जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी दशा में कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी लापरवाही न बरतें। उन्होंने उप जिलाधिकारी तिलहर को निर्देशित किया कि वह तत्काल 12 उचित दर की दुकानों में प्रस्ताव सम्बन्धी कार्यवाही दस दिवस में संपन्न कराए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निलम्बित दुकानों के सम्बन्ध में तुरन्त निर्णय लेने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन ठेकेदारों को भी निर्देशित किया कि वह उचित दर की दुकानों तक ही खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

# जन पंचायत लगा जनता की समस्याएं सुनें सपा पदाधिकारी

**शाहजहांपुर।** बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देश पर 9 अगस्त 2023 को प्रदेश की समस्त विधानसभाओं में सेक्टर स्तर पर जन पंचायत आयोजित की जाएगी जन पंचायतों में समाजवादी पार्टी की सरकार में मुख्यमंत्री रहते अखिलेश यादव के विकास कार्य व ब्यौरा एकत्रित्र करना तथा जनता को अवगत कराने व 10 अगस्त को खिरनी बाग रामलीला मैदान में पूर्व सांसद स्व. फूलन देवी जी की जयंती के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा की गईकृ।

इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद शाहजहांपुर की विधानसभाओं में सेक्टर स्तर पर जन पंचायत लगाने से और क्षेत्रीय जनता की समस्याएं एवं शिकायतें सुनने से समाजवादी पार्टी को एक बड़ी मजबूती मिलेगी जिससे आने वाले लोकसभा के चुनाव में पार्टी को बड़ा लाभ मिलेगा उन्होंने कहा कि इन सेक्टरों की महा पंचायत में सेक्टर प्रभारी बूथ प्रभारी, जोनल प्रभारी, प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारी और विधानसभा पदाधिकारी व समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारणी पदाधिकारी भी शामिल होकर अपनी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निभाने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि 10 अगस्त को खिरनी बाग रामलीला जी.आई.सी मैदान में पूर्व सांसद स्व.फूलन देवी की जयंती समारोह में पार्टी के सभी नेता गण व पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण मेहनत से लगकर कार्यक्रम को सफल बनाएं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव रहेंगे।

# सभी विभाग अपना डेटा वेबसाइट पर डालें

**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। परियोजनाओं के पूर्ण होने के उपरान्त कार्यों की गुणवत्ता जांच करते हुये हस्तांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। डीएम ने विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने विभाग से संबंधित डेटा को वेबसाइट पर फीड कराना सुनिश्चित करें। डेटा फीडिंग कार्य को गंभीरता सें लें, डेटा फीडिंग में किसी प्रकार त्रृटि न हो यह सुनिश्चित किया जाये।

बैठक के दौरान उप्र प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि. के प्रोजेक्ट मैनेजर एचपी सिंह द्वारा लगातार निर्माण कार्यों की बैठकों में अनुपस्थित रहने पर डीएम ने शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। जनपद में लिपुलेक भिण्ड मार्ग (राज्य मार्ग सं.-29) के मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुद्सड़क निर्माण कार्य में वृक्षो के पातन हेतु अनापत्ति फाइल पर अग्रिम कार्यवाही न किये जाने पर वन विभाग के संबंधित पटल सहायक तेजपाल को कार्यालय में तलब करने के निर्देश दिये। उप्र राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि. (सीएलडीएफ) द्वारा निर्माण किये गये कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटरा खुदागंज एवं पुवायां में हास्टल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। तीन दिनों में जांच कर हस्तान्तरण की कार्यवाही सुर्निनिश्चत की जाये। डीएम ने निर्देशित करते हुये कहा कि जांच के दौरान गंभीरता बरते निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाये। सिमरा वीरान में बने वृहद गौसंरक्षण केन्द्र की वाउण्ड्रीवाल आदि कार्यो को 01 सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संसथा को दिये। डीएम ने राजकीय इंटर कॉलेज कलान में स्वच्छ पाइप पेयजल, बालक/बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष प्रयोगशाला एवं मल्टीपरपज हॉल के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सराय कईयां चुंगी चौकी, पुलिस चौकी, बहुउद्देशीय सामूहिक केंद्र के निर्माण की धीमी गति को लेकर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुये निर्देशित किया कि 15 दिनों के भीतर कार्य शुरू करते हुये, कार्य की गति में तेजी लाई जाए। डीएम ने तहसील तिलहर के अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य को 15 दिन में पूर्ण कर हस्तांतरण की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। खुटार स्थित नवनिर्मित आईटीआई में आदेशानुसार प्रशिक्षण शुरू न किये जाने तथा बिल्डिंग को अप्रयोज्य छोड़ देने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये 1 सप्ताह में हस्तानान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। ब्लाक जलालाबाद में मेन मार्ग से कटरिया गांव की ओर इण्टरलॉकिंग कार्य, कैन्ट बाईपास मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य की गुणवत्ता जांच करने हेतु भी डीएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

## सांप की काटी हुई, जगह पर न लगाएं चीरा

**सीतापुर।** कभी भयंकर उमस भरी गर्मी तो कभी बरसात के इस बदलते मौसम के बीच गावों से लेकर शहरों तक सभी जगह छोटे कीड़े मकोड़ो व जहरीले जीव जन्तुओ का खतरा बना रहता है, आधुनिकता के इस युग में भी कभी कभी कुछ जगहों पर अंध विश्वास व अन्य कारणो के चलते किसी जहरीले सापो जैसे कोबरा व करैत के काटने पर व्यक्ति की मौत हो जाती है, ऐसा भी हमे आये दिन देखने व सुनने को मिलता है, ग्रामीण क्षेत्रो में जानकारी के आभाव में खेतो में मजदूरी करने जाने वाला मजदूर वर्ग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, जिसके कारण उसकी घर पर ही मृत्यु हो जाती है। सांप के काटने से लेकर अस्पताल पहुंचने तक तथा अस्पताल में होने वाले उपचार की जानकारी इस बरसात के मौसम में होना प्रत्येक व्यक्ति के लिए अति आवश्यक है। बरसात में सबसे ज्यादा खतरा इन्ही सापो के काटने का होता है किसी भी जहरीले साप के काटने पर बिना किसी घबराहट व चिंता के कुछ एहितहयात व उपचार के माध्यम से कैसे किसी व्यक्ति को बचाया जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### तेज रफ्तार बस की ठोकर से कांवड़िये की मौत

**ओयल.खीरी।** आज सुबह लगभग 7रू00 बजे थाना हरगांव जनपद सीतापुर मे पड़ने वाले गांव बेनी माधव पुर के पास एक तेज रफ्तार बस द्वारा एक कांवरिये को ठोकर मार दी गई जिससे मौके पर उसकी मृत्यु हो गई! मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम खागी ओ यल से कांवरियों का एक जत्था जिसमें लगभग 350 कांवरिया थे राजघाट कन्नौज से कांवर भरने के लिए गया था आज सुबह जब कंवर भर के लौट रहे थे तब एक तेज रफ्तार बस द्वारा अनूप मिश्रा पुत्र त्रिवेणी प्रसाद मिश्रा की मृत्यु हो गई ! गुस्साए कांवरियों ने पूरा हाईवे जाम कर दिया! ओयल क्षेत्र के जिस व्यक्ति को सूचना मिली वह तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया! जिससे हाईवे पर हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी हो गए! घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हरगांव पुलिस के ऊपर गंभीर आरोप



लगाए कांवरियों ने कहा हरगांव पुलिस सरकार के आदेशों का पालन नहीं कर रही है अगर वह कांवरियों को रास्ता पाल करवा देती तो ऐसी घटना नहीं होती ! बात बिगड़ते देख कर सीतापुर अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमारए एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदीए क्षेत्राधिकारी राजू कुमारए थानाध्यक्ष हर गांव भानु प्रताप भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे! लखीमपुर खीरी से सदर विधायक योगेश वर्माए एसडीएम सदर श्रद्धा सिंहए सीओ सदर संदीप सिंहए थाना खीरी प्रभारी निरीक्षक राजू रावए चौकी ओ यल प्रभारी ओमप्रकाश सरोज भारी पुलिस बल के साथ में पहुंचे! विश्व हिंदू परिषद के आचार्य संजय मिश्रा जो ग्राम खागी ओयल के रहने वाले है हरगांव पुलिस और एसडीम सदर पर आग बबूला हो गए! स्थित बिगड़ते देख सदर विधायक योगेश वर्मा के समझाने के बाद तथा मुआवजे के लिए और राजी होने के बाद कांवरियों ने हाइवे खोला तथा एक अन्य मांग पीएम तुरंत कराए जाने और डेड बॉडी को जल्द से जल्द परिजन को सौंपने को कहा!

### तेंदुए के हमले में एक लड़की घायल, मवेशी को बनाया निवाला

**सीतापुर।** सीतापुर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कहीं बाघ तो कहीं तेंदुआ खौफका सबब बने हुए है। प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त है। आए दिन इन जंगली जानवरों के हमले बढ़ते जा रहे है। बावजूद इसके वन विभाग आम जन को राहत देने के लिए कोई ठोस योजना नहीं बना पा रहा। फिलहाल देखा जाए तो वन विभाग केवल लाठी पटकने यानी कहीं बाघ या तेंदुआ के पगचिन्ह दिखने या हमला होने के बाद मौके पर पहुंचकर काम्बिंग तक सीमित है। सीतापुर की गांजरी इलाके के साण्डा सकरन क्षेत्र में बीती रात तेंदुए ने हमला कर एक लड़की को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था, वह तो ग्रामीणों की हिम्मत थी कि तेंदुए के चंगुल से लड़की की जान बच सकी। वहीं 20-22 घंटे बाद इसी क्षेत्र के लल्लापुर कुटी में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे तेंदुए ने हमला कर एक मवेशी को निवाला बना लिया। इन घटनाओं से बड़ी आबादी दहशत में रहने को मजबूर है। वन विभाग या प्रशासन अब तक इन जानवरों पर काबू पाने से कोसों दूर है। वन विभाग की भूमिका बस सूचना मिलने पर मौका मुआयना तक सीमित नजर आ रही है।

### खस्ताहाल मकान की दीवार गिरी, दो बच्चों की मौत

**बरेली।** रात में हो रही बरसात के दौरान कच्चे मकान की दीवार अचानक धराशाई हो गई जिससे पड़ोस में रहने वाला पूरा परिवार उसके मलबे के नीचे दब गया गांव के लोगों ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला और इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पहुंचते ही दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया तीन अन्य लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां महिला की हालत नाजुक बनी हुई है पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजें। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव खल्लपुर निवासी उमेश कश्यप के पांच वर्षीय बेटे विवेक और दो वर्षीय बेटी प्रियल की बीती रात पड़ोसी राजवीर सिंह के मकान की खस्ताहाल दीवार के मलबे में दबने से मौत हो गई जबकि उनकी मां सुमन, 7 वर्षीय भाई गौरव और पिता उमेश गंभीर रूप से घायल हो गए जिला अस्पताल में भर्ती उमेश के परिजनों ने बताया कि बीती रात हो रही रिमझिम बरसात के दौरान उमेश के पड़ोस में रहने वाले ठाकुर राजवीर सिंह के मकान की दीवार अचानक धराशाई होगी और उसका मलवा उमेश के मकान पर गिर पड़ा जिससे खपरैल के नीचे सो रहा उसका पूरा परिवार मलबे में दब गया दीवार गिरने की आवाज पास में रहने बाले संदीप की नींद खुल गई और वह अपने घर से बाहर निकला उसने देखा कि उमेश का पूरा परिवार मलबे में दबा हुआ है उसने शोर मचाकर लोगों को मौके पर बुला लिया और सबने मिलकर किसी तरह मलबे में दबे पूरे परिवार को बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले गए घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही 5 वर्षीय विवेक और 2 वर्षीय प्रियल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया तीन अन्य घायलों की हालत नाजुक देखकर उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां सुमन की हालत नाजुक बनी हुई है पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजें ।

## छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** अश्लील फोटो वायरल होने के डर से छात्रा ने राशि लगाकर आत्महत्या कर ली शोहदे लगातार उसे ब्लैकमेल कर प्रताड़ित कर रहे थे एक आरोपी ने छात्रा पर वीडियो कॉल पर बात करने का दबाव बनाया यह छात्रा ने पिता ने देख लिया इसके बाद घबराई छात्रा ने आत्महत्या कर ली। आंवला थाना क्षेत्र के गांव मे रहने वाले ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी कक्षा 10 की छात्रा थी दो-तीन साल से उसे कुछ लड़के उनकी बेटी के फोटो एडिटिंग कर ब्लैकमेल करते थे आरोपी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे रहे थे बेटी को ब्लैकमेल कर आरोपियों ने लॉकडाउन के समय में नकदी व जेवरात भी ले लिए थे। छात्रा के पास एक आरोपी का फोन आया और उसने उससे वीडियो कॉल करने की बात कही उसके पिता ने देख लिया उसके बाद लड़की ने कमरे में जाकर छत की कुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो पिता और घर के लोग उसे देखने के लिए कमरे में पहुंचे जहां उसकी लाश फांसी पर लटक रही थी।

# तीन वर्ष में अनिवार्य रूप से सेप्टिक टैंक की सफाई कराएं



**शाहजहाँपुर।** नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने नगर निगम, को साफ एवं स्वच्छ वातावरण देने की दिशा में नगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के माध्यम से नगर क्षेत्र के सेप्टिक टैंक की सफाई के उपरान्त निकलने वाले दूषित मल को एफएसटीपी पर लाकर ठोस निस्तारण कराया जायेगा। दूशित मल को मशीनों के माध्यम से फिल्टर किया जायेगा। इससे जहॉ मल से खाद् बनाने में आसानी होगी, तो वहीं दूसरी ओर मल से षुद्व हुये पानी को उपयोग में लाया जा सकेगा। इसके दृश्टिगत नगर आयुक्त ने सभी महानगरवासियों से अपील की गई कि अपने-अपने घरों पर बने सेप्टिक टैंक की सफाई अनिवार्य रुप से 03 वर्ष अथवा आवश्यकतानुसार अवश्य करायें। नगर आयुक्त ने महानगरवासियों से सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु नगर निगम के एफएसटीपी प्लांट पर कार्यरत् देवेश वर्मा, मो. नम्बर-6306324609 पर समन्वय स्थापित कर रुपये 1,000 प्रति ट्रिप सुविधा शुल्क देकर साफ कराये जाने की अपील की।

# नगर विकास विभाग ने की सिटीजन फीडबैक की शुरूआत

● सिटीजन फीडबैक में नगर निकाय के निवासी दे सकते हैं फीडबैक ● आपका कीमती फीडबैक आपके शहर को बना सकता है नम्बर वन ● लिंक पर जाकर दे सकते हैं फीडबैक ● जितना अच्छा होगा फीडबैक उतने अच्छे नगर निकाय को मिलेंगे नम्बर ● बेहतर रैंकिंग से नगर को मिलेंगी बेहतरीन सुविधाएं ● सेफसिटी या स्मार्ट सिटी भी बन सकता है अपना सीतापुर ● सीतापुर पालिकाध्यक्ष व ईओ ने नगरवासियों से की अपील

**सीतापुर।** क्या आपको अपने शहर को सेफसिटी या स्मार्ट सिटी बनते देखना है, अगर हां तो आपके पास यह बेहतरीन मौका है, बस आपको अपने मोबाइल पर एक मिनट ही खर्च करना है। अपने शहर को नम्बर वन बनाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत सिटीजन फीडबैक 2023 की शुरूआत प्रदेश के नगर विकास विभाग द्वारा की गयी है। इस अभियान के तहत आपको कोई मेहनत या खर्च करने जरूरत नहीं बस मोबाइल पर आपको चंद सवालों के जवाब देने होंगे और आपका शहर स्वच्छता रेटिंग में नंबर वन बन जायेगा। आपका कीमती फीडबैक आपके शहर के भव्य का भी निर्धारण कर सकता है क्योंकि जितनी अच्छी रेटिंग आपके शहर की होगी सरकार द्वारा उसी के अनुसार आपको बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। नपाप सीतापुर की अध्यक्ष नेहा अवस्थी और ईओ वैभव त्रिपाठी ने आई इंडिया के माध्यम से नगर पालिका सीतापुर सहित जिले की सभी नगर निकायों के निवासियों से अपील की है कि सीतापुर को नंबर वन बनाने के लिए अपना फीडबैक जरूर दें। सिटीजन फीडबैक में आपको किस तरह से अपना फीडबैक देना है इसके लिए सबसे पहले आपको एसबीएम अर्बनडाटओ आरजी/ फीडबैक लिंक पर जाना होगा। इसके बाद सबसे पहले आपको अपना मोबाइल नम्बर डालना होगा जिसके बाद आपके नम्बर पर एक ओटीपी आयेगा जिसे भरने के बाद आपको कुछ डिटेल भरनी होंगी। सबसे पहले राज्य का नाम उसके बाद जिला और नगर निकाय का नाम फिर उस मोहल्ले का नाम जहां आप रहते हैं साथ ही आपकी उम्र क्या है इसे भी भरना होगा। फिर इसके बाद आपको अपने शहर की स्वच्छता पर कुछ सवाल के जवाब देने होंगे। कुछ सवालों के जवाब हां या न में और कुछ सवालो में बहुत संतुष्ट हैं, संतुष्ट हैं आदि ऑप्शन होंगे जिन्हें भरकर आप अपना कीमती फीडबैक दे सकते हैं। सिटीजन फीडबैक में दो से तीन दिनो में नगर निकायों को 15 हजार लोगों के फीडबैक का टार्गेट दिया गया है तो देर किस बात की उठाइये अपना मोबाइल और कीमती फीडबैक देकर अपने शहर को बेहतरीन सुविधाएं देने के उद्देश्य से अपना फीडबैक दीजिए।

# सघन मिशन इन्द्रधनुष का पहला चरण शुरू

● दो साल के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए



**शाहजहाँपुर।** सघन मिशन इन्द्रधनुष का पहला चरण सोमवार से शुरू हुआ जिसके तहत जिले में दो साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए। अभियान का शुभारम्भं मोहल्ला बहादुरपुरा आंगनबाड़ी केंद्र में सीडीओ महोदय एस.बी.सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान बच्चो और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। डॉ. आर के गौतम मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण से वंचित रह रहे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सम्बंधित टीके निरूशुल्क लगायें जायेगे द्य उन्होंने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 का प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दित्तीय चरण 11 से 16 सितंबर और तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर के मध्य चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले में कुल 6904 ड्यू गर्भवती महिलाओँ और कुल ड्यू 26459 बच्चों को सम्बंधित टीके लगाकर प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पी.पी.श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित टीकाकरण अत्यधिक महत्वपूर्ण है, इससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है वही दूसरी तरफ 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए सुरक्षा कवच तैयार होता है द्य गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करने से महिला और उसके गर्भ में पल रहा बच्चा स्वस्थ और सेहतमंद रहता है जिससे मातृ और शिशु म्रत्यु दर कम करने में भी मदद मिलती है।

डॉ. गौतम ने कहा समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों का समाज में अधिक महत्व है। उन्होंनें सभी से अपील करते हुए कहा कि अभियान को सफल बनाने में अधिक से अधिक सहयोग करे। उदघाटन के अवसर डीएमसी यूनिसेफहुदा जेहरा , कोर ग्रुप डीएमसी मनोज कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सुचना अधिकारी वीरेन्द्र कुमार शर्मा और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

## व्हाट्सएप मैसेज और फोन कॉल से तंग आकर छात्रा ने की आत्महत्या

**बरेली।** एक शोहदे द्वारा एक छात्रा को अलग-अलग नंबर से व्हाट्सएप मैसेज फोन कॉल करके परेशान करने से तंग आकर एक छात्रा ने अपने घर में ही आत्महत्या कर ली। संजय सिंह निवासी ग्राम बिलोरी थाना आंवला का है और उसकी 16 वर्षीय बेटी रूपाली होली फैमिली स्कूल संग्रामपुर में कक्षा 10 की छात्रा है पिछले कई दिनों से कोई लड़का अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप मैसेज और कॉल करके परेशान करता था 6 अगस्त की शाम 4.00 बजे रूपाली अपने घर में बैठी थी तो इस व्यक्ति द्वारा उसको कॉल करके परेशान किया गया जब उसकी मां ने फोन कॉल के बारे में से पूछा तो उसने बताया कि एक लड़का मुझे इस नंबरों से परेशान करता है मां उसकी फटकार लगाई इसी बात से वह तनावग्रस्त हो गई, बाथरूम में जाकर चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली काफी देर हो जाने के बाद परिजनों ने जब रूपाली को खोजा तो घर में नहीं मिली बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया।

# जिलाधिकारी ने की कर करेत्तर की बैठक, दिए निर्देश

● डीएम ने दिए राजस्व बढ़ाने के लिए निर्देश, राजस्व वसूल कर लक्ष्य को कराए पूरा ● बैठक में भाग न लेने वाले एआरएम गोला को कारण बताओ नोटिस जारी



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में कर.करेत्तर के तहत प्रास्तियो की विभागवारए बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित होने पर डीएम ने एआरएम गोला को कारण बताओ नोटिस जारी करने व लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पर विद्युत महकमे के अफसरों से खफा हुए और कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब करने के निर्देश जारी दिए।

डीएम ने सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रतिमाह की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति खराब हैए लक्ष्य पूरा नहीं किया हैए वह उन्हें लिखित रूप में स्पष्ट करें कि वह लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे।

डीएम ने विद्युत, परिवहनए वाणिज्यकर, स्टांप एवं निबंधनए आबकारी, खनन लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बेहतर ना होने पर नाराजगी जताईए कारण जाना। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। नगर पालिका परिषद मोहम्मदी, धौराहरा की ईओ से लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति कम होने का कारण जाना, राजस्व प्राप्ति करने के निर्देश दिए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

डीएम ने विद्युत विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बेहतर ना होने पर नाराजगी जताते हुए दोनों अधीक्षण अभियंता एवं सभी अधिशासी अभियंताओ को नोटिस जारी करके जवाब तलब करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा अपने.अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाए और उसे अंतिम रूप प्रदान किया जाएए ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

डीएम ने वाणिज्य करए स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, खनन, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर व गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंहए सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

# चित्रकूट में सघन मिशन इंद्रधनुष का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

- 12 तक चलेगा अभियान का पहला चरण
- गर्भवती महिलाओं व बच्चों को लगाए जाएंगे टीके



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिले** के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जानकीपुरी वार्ड 12 में सघन मिशन इंद्रधनुष के पहले चरण का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे व कॉआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल तथा डॉ मुकेश पहाड़ी ने किया। सोमवार को वार्ड 12 में नियमित टीकाकरण सत्र में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने बच्चों को पोलियो दवा पिलाई। एएनएम ने मीजिल्स-रूबेला की दूसरी डोज दी। सभी पांच ब्लॉक स्तरीय सीएचसी-पीएचसी में भी अभियान शुरु हुआ। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण में किसी कारण से छूटे पांच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीका लगाने का अभियान सोमवार से शुरू हुआ। ये चरण 12 अगस्त तक चलेगा।

जिलाध्यक्ष ने परिजनों से अपील की कि अपने घर के आसपास के बच्चों का टीकाकरण कराने को पीएचसी-सीएचसी जाने को प्रेरित करें। कोई भी बच्चा छूटा हो तो टीकाकरण करायें। टीका लगने के बाद सामान्य बुखार में घबराने की जरूरत नहीं है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि आईएमआई 5.0 के पहले चरण को जिले के छूटे पांच वर्ष तक के 6300 बच्चों एवं 1500 गर्भवती को टीकाकरण का लक्ष्य है। सोमवार को 113 टीकाकरण सत्र हुए। अभियान में बच्चों को खासतौर से मीजिल्स-रूबेला का टीका लगाया जाएगा। गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया का टीका लगाया जाएगा। ये टीका गर्भवती को देने से उसका व गर्भस्थ शिशु को टिटनेस व डिप्थीरिया से बचाव करता है।

# छात्रा की मौत दुःखद, प्रधानाचार्या व शिक्षक की गिरफ्तारी गलत

- आजमगढ़ की घटना पर सीबीएसई प्रबंध तंत्र डीएम को सौंपेगा ज्ञापन

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**मंगलवार** को सीबीएसई मैनेजर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड अनएडिड स्कूल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, इंडिपेंडेड स्कूल एसोसिशन उत्तर प्रदेश के आवाहन पर 8 अगस्त 2023 को जिला जालौन के सीबीएसई बोर्ड के स्कूल चिल्ड्रन गर्ल्स स्कूल आजमगढ़ की छात्रा के निधन पर सभी विद्यालय दिवंगत आत्मा एवं उसके परिवार को दु:खद समय में सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करेंगे।

प्रशासन ने बिना जांच के चिल्ड्रन गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य, टीचर को अरेस्ट करने पर विरोध में विद्यालय में शिक्षण कार्य बन्द रखकर 'जागरुकता दिवस' के रूप में एक दिवसीय सांकेतिक बंदी रखेंगे। इसका सामूहिक निर्णय बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, मार्निंग स्टार चिल्ड्रन सीनियर से एव मार्निंग स्टार चिल्ड्रन गर्ल्स हाई स्कूल, राम श्री पब्लिक स्कूल, एस आर पब्लिक स्कूल, विनायक एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, मिजपा क्रिश्चियन स्कूल, वीएसबी एजुकेशन सेंटर, डीपीएस वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल उरई कन्हैया लाल मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जालौन एमएल कन्बेंट पब्लिक स्कूल में स्कूल जालौन, सूरज ज्ञान पब्लिक स्कूल कोंच ने बंद रखकर जागरुकता दिवस में लिया।

सभी स्कूल प्रबन्धन प्रधानाचार्य अध्यापक, स्टाफ अपने स्कूल में दिवंगत छात्रा की आत्मा एव परिवार दु:ख सहने की शक्ति के लिए के ईश्वर से प्रार्थना करेंगे। फिर एसोसिएशन के निर्देश पर चिल्ड्रन गर्ल्स स्कूल के समर्थन एवं सम्मान के लिए काली पट्टी बांधकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

# धार्मिक समस्याओं को लेकर हिंदू संगठनों ने निकाला जुलूस

- जिलाधिकारी के न मिलने पर जताई नाराजगी
- सुनवाई न हुई तो सात अगस्त को होगा बड़ा आंदोलन



**संवाददाता।** फतेहपुर

**धार्मिक** समस्याओं को लेकर पूर्व में दिये गये ज्ञापनों पर कार्रवाई न होने से नाराज विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारियों ने जुलूस निकालकर जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां डीएम श्रुति के न मिलने पर नाराजगी का इजहार करते हुए सात अगस्त को बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय की अगुवाई में पदाधिकारियों ने एक जुलूस निकाला। विभिन्न मार्गों पर नारेबाजी करते हुए हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां जिलाधिकारी को ज्ञापन लेने के लिए बुलाया गया।

लेकिन डीएम के कलेक्ट्रेट में मौजूद न होने पर पदाधिकारियों ने नाराजगी का इजहार किया। प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि जिलाधिकारी कभी भी ज्ञापन लेने नहीं आती हैं। पूर्व में चार माह पहले फिर 27 जुलाई और 4 अगस्त को धार्मिक समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया था लेकिन किसी भी मांग पर विचार नहीं किया गया। जिस पर पदाधिकारियों में बेहद नाराजगी है। उन्होने कहा कि संगठन द्वारा दिये गये मांग पत्र पर यदि कार्रवाई नहीं होती तो सात अगस्त को बड़ा आंदोलन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

उन्होंने कहा कि यदि फिर भी मांगे पूरी न हुई तो गांव-गांव कस्बा कस्बा जिला प्रशासन के विरूद्ध आंदोलन करके पुतला दहन भी किया जायेगा। इस मौके पर डा. विजय शंकर, शानू सिंह, राहुल अग्निहोत्री, विष्णुकांत, राजेश द्विवेदी, आकाश तिवारी, अंशुमान बाजपेयी, उमाशंकर त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# 21 माताओं को कन्या गौरव सम्मान से सम्मानित कर मनाया जन्मदिन




**उरई,** जालौन। शासन की मंशानुसार तथा जिलाधिकारी चांदनी सिंह के निर्देश पर जिला महिला चिकित्सालय में महिला कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत इस सप्ताह जन्मी 21 नवजात कन्याओं का धूमधाम से कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने नवजात कन्याओं के माता-पिता को भेंट की बेबी किट, मिठाइयां तथा कन्या बधाई पत्र वितरित किये गये।

बेटियों के जन्म पर अब जश्न होगा हर जगह। अब हमारी बेटियों से हो रहा रोशन जहां। उक्त पंक्तियों को चरितार्थ करता हुआ महिला कल्याण विभाग बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय सोमवार को कन्या जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम से कर रहा है तथा नवजात जन्मी कन्याओं के माता पिता को बेबी किट, मिठाईयां व बधाई पत्र देकर किया जा रहा है सम्मानित। अब बेटियां बोझ नहीं है तथा बेटियों को भी सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है जिसके लिए सरकार व समाज प्रयासरत है। गिरते हुए लिंगानुपात को संतुलित करने के उद्देश्य से तथा बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा लगातार कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# बांदा में अनियंत्रित रूप से जारी घटतौली से उपभोक्ता परेशान

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम मंडल के मुख्यालय बांदा में घट तौली की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। मुख्यमंत्री के इतने सख्त निर्देश होने के बावजूद घटतौली माफिया, सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में कोटेदारों द्वारा कांटे को सेट करके कम अनाज दिया जा रहा है। इसमें बांट माप अधिकारी की मिलीभगत से यह कार्य चल रहा है, तथा किराना की दुकानों में वा सोने के आभूषण दुकानों में भी जबरदस्त गड़बड़झाला चल रहा है। उपभोक्ता परेशान है संबंधित अधिकारी अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं पर मंथ वसूली करते हैं। कई समाजसेवियों ने प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री को ट्वीट करते हुए शिकायत की है। बांदा जनपद में सस्ते गल्ले की सरकारी दुकान 744 में कुल प्रतिमाह गेहूं 2992115 किलोग्राम, कम रेट में तथा फ्री बांटा जाता है। साथ में चावल 448 8172 किलोग्राम भी बांटा जाता है। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि कोटेदार द्वारा घटतौली की जाती है जबकि सरकार और शासन ने सख्त आदेश और निर्देश जारी करते हुए एक भी ग्राम खाद्यान्न कम न तौलने की बात कही है लेकिन अंधेर गर्दी बाट माप अधिकारी सो रहे उनका ध्यान कहीं और लग रहा है। इस बारे में जिला कलेक्टर दुर्गा शक्ति नागपाल से बात की गई तो उन्होंने कहा की मैं इसे अपने स्तर से दिखवाऊंगी। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और शासन को अवगत कराया जाएगा।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं राजापुर तहसील के ग्राम मलवारा के निवासी

- ग्रामीणों की समस्याओं से अनभिज्ञ हैं अधिकारी और जनप्रतिनिधि

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट



**एक** ओर उत्तर प्रदेश सरकार ग्राम की सड़कों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का ढिंढोरा पीट रही है लेकिन मलवारा के ग्रामवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बरसात के दिनों में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामवासी घनश्याम पाल, वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2016-17 में लोहिया ग्राम चयनित था लेकिन विकास कार्यों के नाम पर एक ईंट नहीं रखी गई है। लम्बे समय बाद 1 किमी0 इंटरलॉकिंग के लिए लगभग 4 लाख की धनराशि स्वीकृत हुआ था लेकिन निर्माण कार्य नहीं किया गया और धनराशि का बन्दरबांट किया गया है। उन्होंने बताया कि अभिलेखों में इंटरलॉकिंग दर्ज है लेकिन जमीनी हक़ीक़त देखी जाए तो समूची सड़क गड्ढों में तब्दील है और जगह जगह कीचड़ व जलभराव वाली सड़क अपनी दास्तान बयाँ करती है। ग्राम मलवारा के मुख्य मार्ग से हजारों की तादाद में लोग कीचड़ व जलभराव के रास्ते से आवागमन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। समस्या उस समय कठिन हो जाती है जब गर्भवती महिलाएं प्रसव वेदना से तड़प रही होती हैं और उन्हें गांव से मुख्य मार्ग तक आना जाना होता है। साथ ही छात्र छात्राओं को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान व सचिव की लापरवाही व उदासीनता के चलते ग्रामीणों ने चन्दा जोड़कर सड़क पर मिट्टी डलवाई थी वह भी बरसात के दिनों में पूरी तरह बह जाती है और पूरा रास्ता गड्ढों में तब्दील हो जाता है।

## क्विक न्यूज

### विलक्षण शंखों, सीपों तथा कौड़ियों की लगाई प्रदर्शनी



**जालौन, उरई।** संस्कार भारती एवं भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के संयुक्त तत्वावधान में संध्या पुरवार व डॉ. हरीमोहन पुरवार उरई द्वारा अपने निजी संग्रह से अद्भुत और विलक्षण शंखों, सीपों तथा कौड़ियों की प्रदर्शनी का आयोजन स्थानीय जालौन बालिका इंटर कॉलेज परिसर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सीएमओ डॉ. एमपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मधु सिंहल, प्रधानाचार्या पूजा विश्वकर्मा मौजूद रहे। डॉ. हरीमोहन पुरवार ने बताया कि सन 1928 में बर्लिन विश्वविद्यालय में शंख ध्वनि के ऊपर विशेष अनुसंधान किया गया जिससे यह प्रमाणित हुआ कि शंख ध्वनि द्वारा तमाम रोग फैलाने वाले कीटाणुओं का विनाश होता है। आजकल फेफड़ों की बीमारी में चिकित्सकगण स्पाईरोमीटर का उपयोग करने की सलाह देते हैं। हजारों वर्षों से हमारी सनातन संस्कृति में शंख बजाने की क्रिया चली आ रही है जिसके परिणामस्वरूप फेफड़ों की बीमारी ही नहीं होती है।

### चोरी की घटनाएं बढ़ने पर व्यापार मंडल ने जताई नाराजगी

**फतेहपुर।** उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अगुवाई में पदाधिकारी लखनऊ बाईपास चौराहा स्थित चौकी पहुंचे। जहां चौकी इंचार्ज को एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उधन्नापुर गांव के समीप रहने वाले रामेंद्र प्रकाश शुक्ला व संजय कुमार की चार पहिया वाहन व चार ट्रक खड़े थे। रविवार की रात चोरों ने सभी चार ट्रकों की बैटरियां पार कर दी। वार्ड अध्यक्ष मो. इमरान ने घटना की जानकारी व्यापार मंडल को दी। जिस पर ज्ञापन देने आये हैं। उन्होने कहा कि इसके पूर्व लखनऊ बाईपास निवासी शरद मौर्या के यहां से 65 हजार रुपये का पैनल चोरी हुआ था। ट्रक बाड़ी मेकर शकील अहमद के यहां से एक लाख रुपये का सामान व राजकुमार फल वाले का चार हजार रुपये का गुल्लक चोरी हुआ था। जिसमे किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली सेवा...

विधेयक के उद्देश्य और कारणों में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 239 (क) (क) के उपबंधों के आशय और प्रयोजन को प्रभावी बनाने की दृष्टि से स्थानांतरण, तैनाती और सतर्कता और अन्य मुद्दों से संबंधित विषयों पर उपराज्यपाल को सिफारिश करने के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव और दिल्ली के गृह विभाग के प्रधान सचिव के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक स्थाई प्राधिकरण का गठन करने की बात है। उन्होंने इस आरोप को गलत बताया कि केंद्र सरकार अपने हाथ में पावर लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि देश की 130 करोड़ जनता ने उन्हें चुनकर भेजा है, उन्हें पावर दी है। दिल्ली सेवा विधेयक राज्यसभा में पास होने से दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को तो झटका लगा ही है, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अस्तित्व में आए विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए भी यह पहली हार की तरह है। विपक्ष ने मत विभाजन की मांग की थी। हालांकि, ऐन वक्त पर मशीन खराब हो गई और मत विभाजन स्लिप के जरिए किया गया और बिल पास हो गया। विपक्षी गुट को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के बीआरएस से भी समर्थन मिला। राज्यसभा में चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दिल्ली में नौकरशाही को नियंत्रित करने वाले इस विधेयक को लेकर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून असंवैधानिक और संघवाद की भावना के खिलाफ है। बहस की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता और जाने-माने वकील अभिषेक सिंघवी ने दिल्ली सेवा विधेयक को असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार दिया और सभी विपक्षी दलों से इस चेतावनी के साथ इसका विरोध करने की अपील की कि किसी दिन यह संघीय-विरोधी दस्तक उनके दरवाजे पर भी आएगी। उनकी पार्टी के सहयोगी पी. चिदंबरम ने इस विधेयक को असंवैधानिक करार देते हुए इसकी तुलना एक पतंगे से की, जो आग के पास जाने पर जलता है, फिर भी वह बार-बार उसी आग के पास जाता है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा ने कहा कि दिल्ली सेवा विधेयक एक राजनीतिक धोखाधड़ी और संवैधानिक पाप है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में एक निर्वाचित सरकार की शक्तियों को छीनना है। एमडीएमके के वाइको ने विधेयक को लोकतंत्र, संघीय भावना, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की जड़ पर प्रहार बताया। समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान ने कहा कि अगर विधेयक पारित हो गया तो मुख्यमंत्री का दर्जा नगर निगम और टाउन एरिया के अध्यक्ष से भी कम हो जाएगा। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सदस्य के केशव राव ने कहा कि अध्यादेश गलत इरादे से आया है। यदि कोई भ्रष्ट है तो गृह मंत्री को उसके खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है। राजद सदस्य मनोज झा ने कहा कि यह एक प्रतिगामी विधेयक है और मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कोरम बनाया जाएगा, जो एक निर्वाचित सरकार के विचार को खत्म करने का एक साधन है। हालांकि, भाजपा के घनश्याम तिवारी ने कहा कि यह विधेयक संविधान, लोकतंत्र और दिल्ली के लोगों के खिलाफ नहीं है जैसा कि विपक्षी दल दावा कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट...

जिसका उल्लेख शीर्ष अदालत ने एक अगस्त को किया था। अटॉर्नी जनरल ने पीठ से कहा, सरकार बहुत परिपक्व तरीके से हालात से निपट रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने संवेदनशील मामलों की जांच के लिए जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षकों की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा 11 मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) करेगा। वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह, संजय हेगड़े, सीयू सिंह, गोपाल शंकरनारायणन और वकील प्रशांत भूषण, वृंदा ग्रोवर, निज़ाम पाशा, विशाल तिवारी सहित कई वकीलों ने जातीय हिंसा के मामलों की जांच के लिए एसआईटी के गठन को लेकर पीठ को सुझाव दिए। इससे पहले मणिपुर की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए उच्चतम न्यायालय ने एक अगस्त को कहा था कि वहां कानून-व्यवस्था एवं संवैधानिक तंत्र पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। शीर्ष अदालत ने जातीय हिंसा की घटनाओं, खासतौर पर महिलाओं को निशाना बनाने वाले अपराधों की धीमी और बहुत ही लचर जांच के लिए राज्य पुलिस की खिंचाई की थी और उसके सवालों का जवाब देने के लिए सात अगस्त को डीजीपी को तलब किया था। केंद्र ने पीठ से आग्रह किया था कि भीड़ द्वारा महिलाओं के यौन उत्पीड़न के वीडियो से संबंधित दो प्राथमिकी के बजाय, 6,523 प्राथमिकियों में से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा से संबंधित 11 मामलों को सीबीआई को सौंपा जाए और मुकदमे की सुनवाई मणिपुर के बाहर कराई जाए। पीठ हिंसा से संबंधित लगभग 10 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। मणिपुर में मई की शुरुआत में कुकी और मेइती समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें अब तक 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## कोर्ट ने...

उन्होंने शिकायत में कहा, लेकिन जब मैंने वहां जाकर देखा, तो मजार में रखी गई चढ़ावे की सामग्री जल चुकी थी। राम ने कहा कि उन्हें पता चला कि पांच-छह युवा वहां एकत्र हुए थे और उन्होंने मजार में आग लगाई। राम ने कहा कि वह करीब सात साल से मजार की देखरेख का काम कर रहे हैं और उन्होंने सभी धर्मों के लोगों को वहां इबादत करते देखा है। बाजार के बीच स्थित इस छोटी सी मजार की भीतरी दीवारों पर पीर बाबा की कब्र के साथ हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरें भी हैं। बाहरी दीवार पर एक हिंदू देवता की तस्वीर और ॐ तथा स्वास्तिक के चिह्न बने हुए हैं। राम ने अपनी शिकायत में कहा कि मजार को आग लगाने की घटना से लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने मांग की कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। राम ने सोमवार को बताया, यह पीर बाबा की दशकों पुरानी मजार है और सभी ग्रामीण यहां आस्था से नमन करते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि मजार में रखी सामग्री में आग लगाने की घटना में कुछ बाहरी लोग संलिप्त रहे होंगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मजार में आगजनी के मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 34 (समान इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा मिलकर काम करना), 153 ए (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देना), 188 (एक लोक सेवक के आदेश की अवज्ञा), 436 (मकान को नष्ट करने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ से किया गया कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, नूंह के उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद जिले में ध्वस्तीकरण अभियान रोक दिया गया है। उन्होंने कहा, मैंने अधिकारियों को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान रोकने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने कहा कि पिछले तीन दिन में जिले में 37 जगहों पर 57.5 एकड़ जमीन से अवैध निर्माण हटाया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार तक जिले में 162 स्थाई और 591 कच्चे ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया है।

## संसद में...

उन्हें चीनी पैसा दिया गया। हालांकि, रोहिणी सिंह चतुर्वेदी ने अपने खिलाफ आरोपों से इनकार किया है और कथित तौर पर उनके नाम रिकॉर्ड से हटा दिए गए हैं। दुबे ने कहा कि 2005 और 2014 के बीच आए संकट के समय कांग्रेस को चीन से पैसा मिला। वर्ष 2008 में उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को आमंत्रित किया। वर्ष 2017 में डोकलाम संकट के दौरान वे चीनियों से बात कर रहे थे। जब दोपहर को लोकसभा की बैठक शुरू हुई, तो कांग्रेस सांसद राहुल के साथ भारत जोड़ो, भारत जोड़ो और राहुल गांधी जिंदाबाद जिंदाबाद जैसे नारे लगाते हुए सदन में दाखिल हुए। इसके तुरंत बाद दुबे खड़े हुए और कांग्रेस व राहुल गांधी पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने जैसे आरोप लगाए और जांच की मांग की। अध्यक्ष किरीट सोलंकी ने सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भाजपा सांसद द्वारा लगाए गए आरोपों के खिलाफ आसन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया। चौधरी ने कहा कि हमारे नेता राहुल के खिलाफ निम्न स्तर के और बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। ये टिप्पणियां उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए की गई हैं। सोलंकी ने कहा कि इस पर बाद में विचार किया जाएगा, क्योंकि फिलहाल एक विधेयक विचाराधीन है। इसके बाद कांग्रेस सांसदों ने वॉकआउट कर दिया। स्पीकर को लिखे पत्र में अधीर रंजन चौधरी ने दुबे के आरोपों को अपमानजनक और मानहानि पूर्ण बताया। उन्होंने मांग की कि भाजपा सांसद की टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटा दिया जाए। मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के विरोध के बीच सदन ने ध्वनिमत से चार विधेयक पारित कर दिए। इनमें डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2023, अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक, 2023, फार्मेसी (संशोधन) विधेयक, 2023 और मध्यस्थता विधेयक, 2023 शामिल हैं। सदन के बाहर केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चीन, कांग्रेस और न्यूजक्लिक की सांठगांठ का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी को घेरा। यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में ठाकुर ने आरोप लगाया कि चीन, न्यूजक्लिक वेबसाइट और कांग्रेस भारत विरोधी गठजोड़ का हिस्सा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल जी की नकली मोहब्बत की दुकान में चीनी सामान बेचा जा रहा है।

## राहुल की...

विपक्षी सांसदों ने राहुल गांधी संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं , राहुल गांधी जिंदाबाद और इंडिया-इंडिया के नारे लगाए। सदस्यता बहाल होने के बाद राहुल गांधी ने अपने ट्विटर प्रोफाइल का ब्योरा बदला और संसद सदस्य लिखा। सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्होंने डिस्क्वालिफाइड एमपी (अयोग्य ठहराए गए सांसद) लिखा था। कांग्रेस ने अपने नेता की सदस्यता बहाल होने का स्वागत किया और कहा कि वह चाहती है कि राहुल गांधी लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में मुख्य वक्ता हों।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे भारत के लोगों, खासकर वायनाड संसदीय क्षेत्र की जनता को राहत मिली है। खरगे ने ट्वीट किया, राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह (कदम) भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड की जनता के लिए राहत लेकर आया है। उन्होंने कहा, भाजपा और मोदी सरकार के कार्यकाल का अब जो भी समय बचा है, उन्हें उसका उपयोग विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें शासन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि देश की जनता के असल मुद्दों की आवाज एक बार फिर संसद में गूंजेगी। कांग्रेस के अलावा कई अन्य विपक्षी नेताओं ने भी राहुल गांधी की सदस्यता बहाल किए जाने का स्वागत किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राहुल गांधी को बधाई दी और कहा कि सभी विपक्षी दल मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा, यह सभी लोगों के लिए खुशी की बात है। उन्हें बधाई है। उनके साथ जो हुआ था, सबको खराब लगा था। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि खुशी की बात है कि राहुल गांधी को राहत मिल गई है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को कमजोर करने का जितना प्रयास किया जा रहा है, उतना ही वे मजबूत हो रहे हैं और गोलबंद हो रहे हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह संसद में उन्हें जनता के मुद्दों पर शेर की तरह दहाड़ते हुए देखना चाहती हैं। उधर, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली, मामला सुलझने तक कांग्रेस नेता के लिए एक अस्थाई राहत है। उच्चतम न्यायालय ने गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए, मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर, शुक्रवार चार अगस्त को रोक लगा दी थी।

## घुसपैठ की...

उन्होंने कहा, एक आतंकवादी को तुरंत मार गिराया गया, जबकि दूसरे आतंकवादी ने वापस नियंत्रण रेखा (एलओसी) की ओर भागने की कोशिश की। इस दौरान उसने गोलीबारी की और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्वाई में उसे भी गोली लग गई, जिससे उसे जमीन पर गिरते हुए देखा गया। लेफ्टिनेंट कर्नल बर्तवाल के मुताबिक, देगवार तेरवा में आतंकवादियों की गतिविधि देखी गई थी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए एक आतंकवादी का शव बरामद कर लिया गया है और पुलिस रिकॉर्ड के आधार पर उसकी पहचान हुसैन के रूप में की गई है, जो पुंछ के बग्यलादरा गांव का रहने वाला था और हिज्बुल मुजाहिद्दीन का स्वयंभू डिविजनल कमांडर था। बर्तवाल ने कहा, हुसैन 1993 में हथियारों का प्रशिक्षण लेने के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में गया था और तीन साल बाद वापस आया था। 1998 में पीओके लौटने से पहले उसने सुरक्षा बलों पर कई हमलों की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि हुसैन की दो पत्नियां और कई बच्चे हैं तथा वह पीओके में मौजूद हिज्बुल के आका सैयद सलाउद्दीन के करीबी सहयोगी मौलाना दाऊद कश्मीरी का बेहद खास माना जाता था। बर्तवाल ने कहा, जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों पुंछ और राजौरी में संगठन को पुनर्जीवित करने की योजना तैयार करने के लिए हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में हिज्बुल मुजाहिदीन की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी। माना जाता है कि हुसैन को उसके अंगरक्षक के साथ पीर-पंजाल पर्वतमाला के दक्षिण में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के एजेंडे के साथ भेजा गया था। उन्होंने दावा किया, हुसैन पिछले 10 वर्षों में राजौरी और पुंछ क्षेत्र में मारा गया सबसे खूंखार आतंकवादी है। उसकी मौत से यह स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान युवाओं को बरगलाने और उनकी भर्ती करने के लिए पुराने शीर्ष आतंकवादियों को भेजने की कोशिश कर रहा है, ताकि वह क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों को फिर से अंजाम देने में सक्षम हो सके।

## भारत को...

आपमें से किसी को अगर गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने का अवसर मिला होगा तो वहां एक एकता मॉल बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, अगर हमें भविष्य में दूसरों से आगे निकलना है तो हमें आज ही स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला में निवेश करना होगा। यह विकसित भारत के निर्माण और पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने को साकार करने का तरीका है।

## गुजरात में...

हालांकि गठबंधन की बातचीत अभी प्राथमिक स्तर पर ही है, लेकिन यह तय है कि आप और कांग्रेस दोनों गुजरात में आगामी लोकसभा चुनाव सीट-बंटवारे के फॉर्मूले के तहत लड़ेंगे। आप की गुजरात इकाई के अध्यक्ष की अचानक की गई घोषणा के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व को अंतिम निर्णय करना है। गुजरात कांग्रेस प्रवक्ता मनीष दोशी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि दूसरे दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व करता है। चुनाव पूर्व गठबंधन पर निर्णय करना उनका विशेषाधिकार है। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने पर प्रदेश नेतृत्व इस पर चर्चा करेगा। भाजपा ने आप प्रमुख गढ़वी के ऐलान को कोई तवज्जो नहीं दी है।

# एनआरएलएम की महिलाओं ने गांवों से वसूल किये बिजली बिल के सात करोड़

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला समूहों ने आर्थिक निर्भर बनने के लिये हर क्षेत्र में काम करना शुरु कर दिया है। एक वर्ष में 77 महिलाओं यानी विद्युत सखी ने ग्रामीण क्षेत्र से सात करोड़ छह लाख 22 हजार रुपये 225 रुपये का विद्युत विल वसूल कर दिये है जिसमे महिलाओं को कमीशन के रुप में 13 लाख 98 हजार 599 रुपये धनराशि प्राप्त की है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि जिले में एनआरएलएम में 7987 महिला समूह गठित है जिसमे 90,213 महिलाए सक्रिय सदस्य है। इस समूह में 77 महिलाएं जिनको विद्युत सखी कहते है वे सभी आसपास के गावो में विजली विल काटकर वहां से वसूली करती है जिसमें एक हजार रुपये की धनराशि में बीस रुपये व एक लाख से वसूली गयी धनराशि में एक फीसदी कमीशन मिलता है। बिलिंग करने वाली मशीन विद्युत सखियों ने अपने पास से खरीदी है, श्री मिश्रा ने बताया कि सुमेरपुर ब्लाक के चंदपुरवा गांव की विद्युत सखी ने एक साल में एक करोड़ 27 लाख रुपये की विलिंग काटकर वसूली की है जिसे एक लाख पचासी हजार रुपये कमीशन विभाग ने दिया है। इसी प्रकार अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित कर ग्रामीण क्षेत्र में विलिंग काटने का काम दिया जायेगा। उनका कहना है कि विजली विभाग की वसूली ग्रामीण क्षेत्र में नही हो पाती थी इसलिये एनआरएलएम की महिलाएं मेहनत कर वसूली करती है और इन महिलाओं की आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी हो गयी है। ये 77 महिलाओं को आसपास के कम से कम दस गावों का टारगेट विजली विभाग से मिल जाता है महिलाएं अपने निजी वाहन स्कूटी से जाकर दौड़ा कर राजस्व वसूली कर रही है। इसी प्रकार बैंकों में बैंक सखी व राशन सखी के रुप में महिलाएं काम कर रही हैं।

# फिलीपीन ने चीनी राजदूत को तलब किया

- दक्षिण चीन सागर में विवाद को लेकर नाराज
- कड़ा कूटनीतिक विरोध दर्ज कराया

**भाषा।** मनीला

फिलीपीन सरकार ने दक्षिण चीन सागर के विवादित क्षेत्र में उसकी एक आपूर्ति नौका पर चीनी तटरक्षक बल द्वारा पानी की बौछार किए जाने की घटना को लेकर सोमवार को चीन के राजदूत को तलब किया और कड़ा कूटनीतिक विरोध दर्ज कराया।फिलीपीन की सेना ने विवादित समुद्री क्षेत्र में फिलीपीन के सेकंड थॉमस शोआल द्वीप पर सैनिकों का नया जत्था, भोजन, पानी और ईंधन लेकर जा रही आपूर्ति नौका को रोकने के लिए उस पर चीनी तटरक्षक बल के जहाज से अत्यधिक और आक्रामक रूप से पानी की बौछार किए जाने की रविवार को निंदा की।अमेरिका, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया और जापान समेत अहम सहयोगियों ने चीनी जहाज की कार्वाई पर चिंता जताई और फिलीपीन का समर्थन किया। अमेरिका ने चेतावनी दी कि अगर फिलीपीन के सरकारी जहाजों और सेना पर सशस्त्र हमला किया जाता है, तो वह अपने लंबे समय के सहयोगी की रक्षा करेगा। चीन, फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ताइवान और ब्रूनेई, दक्षिण चीन सागर पर अपना-अपना दावा जताते हैं। फिलीपीन के विदेश मामलों के विभाग की प्रवक्ता टेरेसिटा दाजा ने बताया कि फिलीपीन की अवर सचिव थेरेसा लजारो ने सोमवार सुबह मनीला में चीन के राजदूत हुआंग शिलियान को तलब किया और उन्हें कड़े शब्दों वाला कूटनीतिक विरोध पत्र सौंपा। दाजा के मुताबिक, पत्र में फिलीपीन ने कहा कि वह दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी जहाजों के खिलाफ अपनी अवैध कार्वाई रोके, वैध फिलीपीनी गतिविधियों में हस्तक्षेप करना बंद करे और समुद्री व्यवस्था पर 1982 के युक्त राष्ट्र संधि सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करे।



## चीन ने एक वृत्तचित्र जारी कर ताइवान पर हमला करने की सैन्य तैयारी दिखाई

**ताइपे।** चीन ने ताइवान पर हमला करने की सैन्य क्षमताएं प्रदर्शित करने वाला एक वृत्तचित्र जारी किया है जिसमें सैनिक देश के लिए जान देने की प्रतिज्ञा करते भी नजर आ रहे हैं।श की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के गठन के 96 वर्ष पूरे होने पर पिछले सप्ताह सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने आठ भागों वाला चेजगि ड्रीम्स वृत्तचित्र प्रसारित किया था। इसमें सैन्य अभ्यास तथा सैनिकों के बयान है। अधिकतर सैनिक ताइवान पर हमले की सूरत में देश के लिए प्राण त्यागने की बात कहते नजर आए।चीन, ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है और उसका कहना है कि ताइवान को मिलाने के लिए अगर बलप्रयोग की आवश्यक्ता हुई तो वह इससे गुरेज़ नही करेगा।सरकारी मीडिया और पीएलए सैन्य आधुनिकीकरण तथा सैन्य अभ्यासों से जुड़े वीडियो अक्सर प्रसारित करते है। इस तरह के प्रचार प्रसार के वीडियो का मकसद लोगो मे चीनी राष्ट्रवाद की भावना प्रबल करना तथा ताइवान को लेकर, खासतौर पर अमेरिका के साथ उसके संबंधो की पृष्ठभूमि मे सेना की तैयारियों के बारे मे बताना है।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पात्रता की खातिर आवेदन किया

**भाषा।** सिंगापुर

**सिंगापुर** में भारतीय मूल के पूर्व वरिष्ठ मंत्री थर्मन षणमुगरत्नम ने अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की पात्रता हासिल करने के लिए सोमवार को अपना आवेदन जमा किया। षणमुगरत्नम (66) ने पिछले महीने औपचारिक रूप से अपना राष्ट्रपति चुनाव अभियान शुरू किया था। उन्होंने देश की संस्कृति को दुनिया में चमकदार बनाने का वादा करते हुए अपना अभियान शुरू किया। राष्ट्रपति चुनाव सितंबर में होना है। वर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का छह साल का कार्यकाल 13 सितंबर को खत्म हो रहा है। हलीमा देश की आठवीं राष्ट्रपति और पहली महिला राष्ट्रपति हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, षणमुगरत्नम ने पात्रता प्रमाण पत्र के लिए अपना आवेदन जमा कर दिया है। उनके अलावा तीन अन्य संभावित उम्मीदवारों ने भी अपने आवदेन जमा करने की घोषणा की है। ए तीनों संभावित उम्मीदवार चीनी मूल के हैं। जीआईसी कंपनी के पूर्व निवेश प्रमुख एनजी कोक सॉन्ग (75) ने मीडिया को बताया कि उन्होंने पात्रता के लिए दो अगस्त को अपना आवेदन जमा किया। वहीं उद्यमी जॉर्ज गोह (63) ने चार अगस्त को पात्रता आवेदन जमा किया।रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति पद के पूर्व उम्मीदवार टैन किन लियान (75) ने कहा कि उन्होंने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए पात्रता संबंधी प्रमाण पत्र की खातिर अपना आवेदन जमा किया है, लेकिन उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह चुनाव लड़ेंगे या नहीं। सिंगापुर में राष्ट्रपति पद के चुनाव में उतरने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए सख्त मानदंड हैं। सिंगापुर के संविधान में वर्णित मानदंडों के तहत, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को मंत्री, मुख्य न्यायाधीश, अटॉर्नी-जनरल या अन्य उच्च-स्तरीय पदों पर कम से कम तीन वर्षों तक रहना चाहिए।

## पाक अधिकारी रेल दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का रेलवे विभाग सोमवार को सिंध प्रांत मे उस दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करेगा जहां एक एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण कम से कम 31 यात्रियो की मौत हो गई थी और 130 लोग घायल हुए थे।कराची से रावलपिंडी जा रही हजारा एक्सप्रेस ट्रेन रविवार को कराची से 275 किलोमीटर दूर नवाबशाह मे सरहरि रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई थी। इस दौरान 10 डिब्बे पटरी से उतरकर ट्रेन से अलग हो गए थे क्योंकि पटरी पर मरम्मत का काम चल रहा था। जियो न्यूज की खबर मे बताया गया कि बेनजीराबाद स्थित पीपुल्स मेडिकल कॉलेज के प्रशासन ने कहा कि 120 से अधिक घायलो को अस्पताल मे भर्ती कराया गया था जिनमे से अधिकतर लोगो को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि 30 लोगो का अब भी इलाज जारी है। इसके अलावा कुल 29 शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## ईरान में संसदीय चुनाव के लिए उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू

**दुबई।** ईरान मे पिछले साल हुए राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनो के बाद पहले संसदीय चुनावो के लिए उम्मीदवारो का पंजीकरण सोमवार को शुरू कर दिया गया। ईरान मे 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही राष्ट्रपति पद एवं संसद के लिए चुनाव लगातार हो रहे है, लेकिन धार्मिक नेताओं का एक निकाय इन उम्मीदवारो की समीक्षा करता है और इस्लामी गणराज्य के प्रति विश्वासघाती माने जाने वाले उम्मीदवारो को अयोग्य घोषित कर देता है। सभी बड़ी नीतियो मे देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अंतिम फैसला करते है। ईरान मे 22 वर्षीय महसा अमीनी की पुलिस हिरासत मे मौत को लेकर देशभर मे महीनो तक विरोध प्रदर्शन हुए थे। अमीनी को हिजाब संबंधी देश के कड़े नियमो का कथित रूप से उल्लंघन करने पर नैतिकता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस घटना के बाद सत्तारूढ़ धार्मिक नेताओं के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन हुए थे जो उनके चार दशक के शासन की सबसे बड़ी चुनौतियो मे से एक थे। इसके बाद प्राधिकारियों की कड़ी कार्वाई से प्रदर्शनों को काफी हद तक दबा दिया गया। इस कार्वाई मे 500 से अधिक प्रदर्शनकारियो की मौत हो गई और करीब 20,000 लोगो को हिरासत मे लिया गया। देश की 290 सीट वाली संसद के उम्मीदवारो के पास ऑनलाइन पूर्व-पंजीकरण के लिए एक सप्ताह का समय है। यह महीने भर चलने वाली प्रक्रिया का पहला चरण है। इनमे से हरेक उम्मीदवार को 12 सदस्ईय धार्मिक निकाय गार्डियन काउंसिल की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। इस निकाय के आधे सदस्यो को सीधे सर्वोच्च नेता ने नियुक्त किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स विंडव्यू विन्डोज एक पार्टनरशिप फर्म है जो 07 अगस्त, 2019 को पुनर्गठित की गई थी सेवानिवृत्ति/बहिष्करण के कारण पार्टनर 31 दिसम्बर, 2021 की प्रभावी तिथि से पार्टनरशिप से अलग होने का इच्छुक है हम लोगों के मध्य 14 जनवरी, 2022 को निष्पादित सेवानिवृत्ति विलेख के आधार पर। इस सूचना द्वारा, हम मैसर्स विंडव्यू विन्डोज सर्वसाधारण को सूचित करते हैं कि, हम
(1) श्री सुभाष कंसल तथा
(2) सुश्री श्वेता कंसल मैसर्स विंडव्यू विन्डोज के एकमात्र पार्टनर हैं तथा जो उक्त फर्म के साथ वर्तमान में संव्यवहार रत हैं और भविष्य में होंगे केवल हमसे सम्पर्क करें।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL8CH9222, | HR55FT8071, | DL4CAV1567, |
| DL2CAD6722, | MH12DE7346, | HR26BR9529, |
| DL10CB3051, | MA3EVB11 | DL2CAP8447, |
| DL12CA0553, | S01010912, | RJ27CC1680, |
| DL9CN4329, | DL3CAY2459, | DL3CAF8198, |
| DL3CBF1877, | DL3CBZ0123, | DL9CD9521, |
| DL3CBD0676, | DL1LH6644, | DL9CC6942, |
| DL9CC0575, | DL3CAW8998, | DL4CNC0722, |
| DL3CH1820, | DL9CL3754, | DL9CR1603, |
| DL9CM0498, | RJ14CD2906, | DL3CAY3113, |
| DL9CN9224, | DL4CAF2933, | DL4SP5388, |
| DL4CND4557, | DL9CF6819, | DL8SU5655, |
| GJ219773, | DL9CR5994, | DL6SAB9476, |
| DL1LJ7239, | UP80AF6729, | DBI83, |
| DL1LH9467, | DL3CAQ7647, | DL3CBE1387, |
| DL1LJ0586, | HR26J9480, | DL2CR6290, |
| DL1LH4511, | JH10B1988, | DL3CAG2928, |
| DL1LF6382, | TN38L4354, | DL9CL1632, |
| HR678853, | HR26J4040, | DL4CN2815, |
| DL1LJ5258, | DBD9138, | DL9CS0316, |
| HR55M9569, | HR51H6693, | DL9CQ6012, |
| DL6CC4735, | DL7CJ2538, | DL1T6476, |
| DL9CG6136, | MH02BD7972, | BR01BL5392, |
| DL2CK4540, | DL3CAG9844, | MAKGD852 |
| DL3CBV4058, | DL3CAJ7823, | D6N343887, |
| DL3CAL1715, | DL4CAE7508, | MA6AB6G76 |
| DL1YC2807, | DL3CAJ2157, | 6HD34478, |
| DL3CAW7839, | DL11CA0166, | DL1LE5816, |
| DL3CAB8592, | DL8CX9015, | HR26Z2128, |
| DL2CAF7436, | DL3CAT0555, | UP16E9599, |
| DL3SAZ2560, | DL6CK2964, | HR10P0760, |
| HR26E4505, | DL3CBA0691, | MALAA51HR |
| DL1LH5890, | DL9CR6362, | 6M938379, |
| DBL310, | DL9CQ4208, | DL7CF0207, |
| 32751, | DL4CAH2683, | DL2CZ7265, |
| DL1LF4426, | DL2CP6446, | KA04P8570, |
| DL1LF7670, | DL3CAK6156, | DL4CAG6881, |
| DL9CZ3656, | GJ1AR4942, | DL4CAH5776, |
| HR26Y9847, | DL9CM8876, | DL2CP2156, |
| DL3CAF9951, | UP32AF7575, | DL3CAA4260, |
| DL3CAK2981, | DL3CAK1907, | DL9SN4363, |
| DL2CS2457, | DL1CL1314, | DBW7050, |
| DL9CC5866, | DIC6158, | DL1SA2496, |
| DL3CD2491, | DL3CBA1094, | UP15AF1658, |
| MH03AM7109, | DL3CAJ2134, | DL3SX4752, |
| DL2CAB0684, | DL4CNB5911, | HR26T9138, |
| SB308IN | DL9CN3251, | DL3SAB3661, |
| 2084532, | HR26BL3143, | DL3CAD8244, |
| DL4CAE1990, | DL7CN3481, | UK04X2136, |
| PB02AX6939, | UK06Y1488, | MA6NF196 |
| DL3CN7633, | DL3CAJ1226, | T4H307456, |
| AP28AY9330, | DL9CZ2791, | MH24G0079, |
| DL8CK9635, | DL3CAP6195, | DL3CAZ1721, |
| 612123, | DL1RF2456, | DL2CAA5130, |
| DL3CAJ8568, | DL8CQ3041, | CH03M2015, |
| DL1CF6381, | HP17A2889, | HR55J6762, |
| DL1LF2974, | DL9CR4748, | DL1LE3015, |
| DL3CAG0674, | HR26AP9650, | UP12AA6645, |
| DAV6379, | DL9CU5452, | NOREG89, |
| DL1LD1405, | KA20N4979, | DL9CN4320, |
| DL1LJ3842, | DL5CF0343, | DL3CAJ7560, |
| DL1LF6783, | DL3CAB9926, | DL9CQ3458, |
| DL1LJ2987, | DL9CA6867, | DL9CF8250, |
| DL1LF9668, | DL3CAK1734, | DL9CM4588, |
| DL1LJ5014, | DL9CT4057, | UP16P4688, |
| HR51AN3550, | DL9CZ3652, | MH04DN2173, |
| DL3CAA6112, | DL9CJ1052, | DL2FCT0666, |
| DL1LG2116, | DL3CBA1240, | DL2CAC6229, |
| MAT445581 | DL9CQ5415, | DL2CH4582, |
| FVN39227, | DL7CF0941, | HR26AP7769, |
| DL3CAQ4624, | 59004693, | DL7SY0402, |
| DL4CAB9450, | DL2CAH8038, | DL3SBA2754, |
| HR26AP0894, | DL3CAM1265, | AP36H6191, |
| DL3CZ3649, | DL6CD5368, | DL4SBD1204, |
| DL7CJ3004, | DL2CAB0973, | MH12DZ6261, |
| HR30E1107, | DL2CR4815, | RJ075M9921, |
| DL3CAC8223, | KA03MA7038, | DL3SAW8422, |
| DL3CAW6768, | HR26AB1994, | KA03W9615, |
| DL1ZZ1109, | DL1LH7190, | WB16T4119, |
| CG08P4536, | HR26K0370, | MP04AP5051, |
| DL1LC2904, | HR29Q0203, | DL5SL0444, |
| DL1LJ6118, | HR51AN0303, | UP32CF5591, |
| HR39C1617, | DL8SAH7866, | DL4SBF0633, |
| DL1LJ3877, | DL8SAK0990, | DL3CAD8319, |
| DL1LH5497, | DL4SBF1161, | DL9CS1968, |
| DL3CY4942, | DL6SC1603, | DL4CAG8446, |
| DL3CZ9040, | DL9CR8066, | DL3CAL3406, |
| DL3CQ1126, | DL3CAP3269, | DL3CH6952, |
| DL4CAE4696, | DL1CD9400, | DL3CAZ4205, |
| MH03AM7376 | DL9CS1536, | DL1K5222, |
| DL3CBB4234, | DL4CAJ1245, | DL1LH9822, |
| DL4CNA1707, | DL1K4976, | MALAA51HR |
| DL9CL0343, | DL1K4981, | 7M202157, |
| HR51T1811, | DL1CQ0398, | IN396283, |
| DL3CAW6436, | HR26AK7437, | DL4CAJ2444, |
| DL6CE8544, | DL9CT0122, | DL3FAL0036, |
| DL3CC6094, | JH01E6951, | PB898750, |
| DL4CNB5134, | DL7CC9947, | DL9CH4123, |
| DL4CE4550, | HR26AN1411, | DL9CM6035, |
| DL4CNA6773, | DL1K1262, | DL3CAA1100, |
| DL9CQ1455, | DL9CR6666, | DL3CM8800, |
| DL3CBB1262, | DL1K4574, | DL8CT9984, |
| DL3CM2095, | CH01AG3746, | DL8CDA5000, |
| DL9CC4556, | HR26AK7148, | DL4CN6518, |
| HR26AP6027, | HR12K8526, | DL9CK8403, |
| DL9CR5779, | JH09F7127, | DL3CAJ8971, |
| HNW5156, | DL13C2993, | CH03W2372 |

## पेनसिल्वेनिया में चार्टर बस दुर्घटनाग्रस्त, तीन यात्रियों की मौत: पुलिस

**लोअर पैक्स्टन टाउनशिप (अमेरिका)।** अमेरिका के पेनसिल्वेनिया मे करीब 50 यात्रियों को ले जा रही एक बस एक अन्य वाहन से टकरा गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। राज्य पुलिस ने यह जानकारी दी। पेनसिल्वानिया की पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार रविवार देर रात 11 बजकर करीब 50 मिनट पर लोअर पैक्सटन टाउनशिप के डाउफिन काउंटी मे दक्षिण की ओर जा रही अंतर-राज्ईय मार्ग संख्या-81 पर हुई। उसने बताया कि बस पहले सड़क के अवरोधक से टकराई और पीछे से एक कार को टक्कर मारने के बाद पट गई। पुलिस के मुताबिक दुर्घटनास्थल हैरिसबर्ग के नजदीक है।

## श्रीलंकाई वायुसेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो सैन्यकर्मियों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंकाई वायुसेना का चीन निर्मित प्रशिक्षण विमान सोमवार को उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे पायलट और एक अन्य अधिकारी की मौत हो गई। वायुसेना के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। श्रीलंका की वायुसेना के कमांडर एयर मार्शल उदेनी राजपक्षे के हवाले से डेली मिरर वेबसाइट ने अपनी खबर में कहा कि प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल होने वाला विमान पीटी-6 त्रिंकोमाली स्थित वायुसेना अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना के मीडिया विभाग के ग्रुप कैप्टन दुशान विजेसिंघे ने बताया कि प्रशिक्षण विमान ने पूर्वाह्न 11:25 बजे उड़ान भरी थी और 11:27 पर यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## कांगो में विद्रोहियों के हमले में 11 लोगों की मौत : स्थानीय अधिकारी

**किन्शासा।** कांगो के उत्तर पूर्वी हिस्से में विद्रोहियों के एक समूह ने कम से कम 11 लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। एक स्थानीय अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मध्य अफ्रीकी देश के नॉर्थ किवु प्रांत के स्थानीय सिविल सोसाइटी संगठन के अध्यक्ष जोनास पेंडांजी ने बताया कि विद्रोही समूह एम 23 के सदस्यो ने रविवार की सुबह लोगो की गोली मार कर हत्या कर दी। एम 23 एक विद्रोही समूह है जिसके बारे में संयुक्तराष्ट्र का कहना है कि इसका संपर्क पड़ोसी रवांडा से है। रवांडा हालांकि इससे इंकार करता है। पेंडांजी ने कहा कि रविवार को हुए इस हमले से पहले बिटो गांव के निकट एम 23 और स्थानीय आत्मरक्षा समूहो के बीच गोलीबारी हुई थी। बिटो गांव के पास ही 11 नागरिकों के शव बरामद किए गए है।

## दमिश्क में इजराइल के हवाई हमलों में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

**बेरूत।** इजराइल ने सोमवार सुबह दमिश्क के आसपास के इलाकों में हवाई हमले किए, जिसमे कम से कम चार सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई। सीरिया के सरकारी टेलीविजन ने सेना के एक सूत्र के हवाले से बताया कि हमलो मे चार अन्य सैनिक घायल हुए है और इससे संपत्ति को कुछ नुकसान भी पहुंचा है।इजराइली प्राधिकारियो ने अभी इस पर टिप्पणी नही की है। सीरिया मे युद्ध पर निगरानी रखने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि हमलो मे हथियार और युद्ध सामग्री के गोदामो तथा दमिश्क के आसपास ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानो को निशाना बनाया गया। उसने दावा किया कि हमलो मे कम से कम छह लोगो की मौत हो गई है और सात अन्य घायल हुए है।

# इमरान की पार्टी ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया

**भाषा।** इस्लामाबाद

**इमरान** खान की पार्टी ने सोमवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी समृद्ध पारिवारिक पृष्ठभूमि, सामाजिक और राजनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पंजाब प्रांत की अटक जेल से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के वकील ने एक याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से अपदस्थ प्रधानमंत्री को वहां स्थानांतरित करने का अनुरोध किया जहां ए-श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि उनके परिवार, वकीलों और उनके चिकित्सक डॉ. फैसल सुल्तान को उनसे मिलने की इजाजत दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने वकीलों, कानूनी टीम और परिवार से मिलना पार्टी अध्यक्ष का मौलिक अधिकार है। खान (70) को इस्लामाबाद की एक अदालत द्वारा तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्ट आचरण का दोषी पाने और तीन साल जेल की सजा सुनाए जाने के कुछ समय बाद शनिवार को लाहौर में उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद, उन्हें पंजाब प्रांत के अटक शहर में अटक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था, हालांकि अदालत ने अपने आदेश में अधिकारियों को उन्हें रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखने का निर्देश दिया था। एक अलग घटनाक्रम में, जियो न्यूज की खबर के अनुसार यह बताया गया कि खान को अटक जेल में सेल नंबर 2 में स्थानांतरित कर दिया गया है।



## तोशाखाना मामला: इमरान की पार्टी ने फिर से मुकदमा चलाने के लिए शीर्ष अदालत में दायर की याचिका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने अपने अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए सोमवार को कानूनी लड़ाई शुरू की। साथ ही पार्टी ने उच्चतम न्यायालय मे एक याचिका दायर करके तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे उनके खिलाफ फिर से मुकदमा चलाने का अनुरोध किया। अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) हुमायूं दिलावर ने 70 वर्षीय खान को सरकारी उपहारो की बिक्री से प्राप्त आय की घोषणा नही करने का दोषी ठहराते हुए शनिवार को तीन साल की सजा सुनाई थी। याचिका संविधान के अनुच्छेद 184(2) के तहत दायर की गई और इस आधार पर तोशाखाना मामले की दोबारा सुनवाई करने का अनुरोध किया गया कि खान के खिलाफ इस मामले मे निष्पक्ष सुनवाई नही की गई।

## पीएमएल-एन सत्ता में लौटी तो नवाज शरीफ अगले पीएम : शहबाज

**लाहौर।** पाकिस्तान में नवंबर में होने वाले चुनावो मे सत्ताधारी पीएमएल-एन अगर सत्ता मे लौटी तो नवाज शरीफ देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। उनके भाई और देश के मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यह बात कही। लाहौर से करीब 50 किलोमीटर दूर कसूर मे रविवार शाम शहबाज शरीफ ने एक जनसभा मे यह टिप्पणी की। नवाज शरीफ (73) नवंबर 2019 से ब्रिटेन मे आत्म-निर्वासन मे रह रहे है। उन्हे 2018 मे अल-अजीजिया मिल्स और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलो मे दोषी ठहराया गया था। वह चिकित्सा आधार पर लंदन जाने की अनुमति देने से पहले अल-अजीजिया मिल्स से जुड़े मामले मे लाहौर की कोट लखपत जेल मे सात साल की कैद की सजा काट रहे थे।

## पाकिस्तान ने अमेरिका के दबाव में ईरान के साथ गैस पाइपलाइन परियोजना अस्थाई रूप से रोकी : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पड़ोसी देश ईरान से किफायती दर पर गैस का आयात करने के लिए अरबो रुपए की गैस पाइपलाइन परियोजना अस्थाई रूप से रोक दी है। मीडिया मे सोमवार को आई एक खबर मे यह जानकारी दी गई। ऐसा लगता है कि उसने अमेरिका के दबाव मे यह कदम उठाया है जिसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसके खिलाफ प्रतिबंध लगाए हुए है। यह कदम तब उठाया गया है जब पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मदद से नकदी संकट से जूझ रही अपनी अर्थव्यवस्था को बाहर निकालने के लिए संघर्ष कर रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को तीन अरब डॉलर का कर्ज देने पर सहमति जताई है। इस परियोजना की शुरुआत मे भारत-पाकिस्तान-ईरान गैस पाइपलाइन के रूप मे कल्पना की गई थी लेकिन बाद मे भारत इससे अलग हो गया और यह पाकिस्तान तथा ईरान के बीच एक द्विपक्षीय परियोजना बन गई। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने ने पाकिस्तान को पाइपलाइन के निर्माण से रोक दिया है। डॉन अखबार ने बताया कि पाकिस्तान ने अरबो डॉलर की ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना पूरी करने पर अपनी संविदात्मक बाध्यता निलंबित करने के वास्ते एक नोटिस जारी किया है और कहा है कि वह ऐसे कुछ कारणो से यह कदम उठा रहा है जो उसके नियंत्रण से बाहर है। अखबार मे कहा गया है कि पाकिस्तान ने ईरान पर अमेरिका के प्रतिबंध जारी रहने तक इस परियोजना पर आगे बढ़ने मे अपनी असमर्थता जताई है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक ने नेशनल असेंबली मे कहा, ईरान पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधो के कारण ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन परियोजना रोकी जाती है।

## कंबोडिया के राजा ने प्रधानमंत्री हुन सेन के बेटे को उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के राजा ने देश के प्रधानमंत्री हुन सेन के बेटे एवं सेना प्रमुख हुन मानेत को सोमवार को औपचारिक रूप से उनका उत्तराधिकारी नियुक्त कर दिया। लंबे समय से प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुन सेन की पार्टी ने पिछले महीने एकतरफा चुनाव मे जीत हासिल की थी। हुन मानेत को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त करने के शाही आदेश पर राजा नोरोडोम सिहामोनी ने हस्ताक्षर कर दिए और इसे सरकार के सोशल मीडिया खाते पर साझा किया गया। इस आदेश के अनुसार, 45 वर्षीय हुन मानेत आधिकारिक तौर पर भावी प्रधानमंत्री है और वह 22 अगस्त को पदभार ग्रहण करेंगे। हुन मानेत ने उन पर भरोसा करने के लिए राजा को धन्यवाद दिया। उन्होने टेलीग्राम पर लिखा कि देश और उसके लोगो की सेवा करना उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होने कहा कि वह अपने कर्तव्यो का निर्वहन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाने और देशवासियो के जीवन स्तर को सुधारने का वादा किया।

# नाइजर के जुंटा शासन ने हवाई क्षेत्र को बंद किया

- पड़ोसी देशों पर हमले की योजना बनाने का आरोप लगाया

**भाषा।** नियामी (नाइजर)

**नाइजर के** बागी सैनिकों ने देश की हवाई सीमा को बंद कर दिया है और आरोप लगाया है कि पड़ोसी देश हमले की योजना बना रहे हैं, क्योंकि जुंटा शासन ने तय सीमा बीतने के बावजूद अपदस्थ राष्ट्रपति को बहाल नहीं किया है। तख्तापलट कर सत्ता पर काबिज सैन्य शासन ने चेतावनी दी है कि देश के ऊपर से उड़ान भरने की किसी भी कोशिश का पूरी ताकत से और तत्काल जवाब दिया जाएगा। देश के सैन्य शासन ने रविवार रात को हवाई क्षेत्र बंद करने की घोषणा की। यह घोषणा क्षेत्रीय ब्लॉक इकोनॉमिक कम्युनिटी ऑफ वेस्टर्न अफ्रीकन स्टेट्स (ईसीओडब्ल्यूएएस) द्वारा तय समयसीमा से कुछ घंटे पहले की गई। ईसीओडब्ल्यूएएस ने अपदस्थ राष्ट्रपति मोहमेद बाजोउम को दोबारा पद पर बैठाने या सैन्य कार्वाई का सामना करने की चेतावनी दी थी। बगावत करने वाले सैन्य नेताओं के प्रवक्ता कर्नल मेजर अमादोउ अब्द्रामाने ने कहा कि अगले आदेश तक नाइजर के हवाई क्षेत्र को बंद किया जाता है। जुंटा शासन ने दावा किया कि दो मध्य अफ्रीकी देश हमले की योजना बना रहे हैं, लेकिन उसने उन देशों का नाम नहीं बताया।

## ब्रिटेन: व्याख्याताओं का उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से इनकार

**लंदन।** ब्रिटेन में श्रम विवाद के कारण व्याख्याताओं ने परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने से इनकार कर दिया है जिससे हजारों विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्री नहीं मिल पा रही है। हफ्सा यूसुफ पिछले सप्ताह स्नातक करने वाली थीं। अंग्रेजी साहित्य की छात्रा यूसुफ ने समारोह में भाग लेने के लिए 200 पाउंड खर्च करके ग्रेजुएशन गाउन की व्यवस्था करने के साथ फोटोग्राफी तथा अपने परिवार के लिए टिकट का प्रबंध किया। लेकिन समारोह से ठीक दो हफ्ते पहले, लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने उन्हें एक ई-मेल भेजा जिसमें कहा गया कि ब्रिटेन में अकादमिक कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल के कारण अभी वह स्नातक की डिग्री हासिल नहीं कर सकेंगी।

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने अवैध प्रवासन पर नकेल कसने के लिए तकनीकी साझेदारी की घोषणा की

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अवैध गतिविधियों से जुड़ी सूचनाओं के ऑनलाइन आदान-प्रदान करने वाले लोगों से निपटने के लिए कार्वाई में तेजी लाने के मकसद से सोशल मीडिया कंपनियों और ब्रिटिश सरकार के बीच एक स्वैच्छिक साझेदारी की घोषणा की। इस बाबत सप्ताहांत हुई घोषणा में सुनक ने कहा कि इस कदम से अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने के उनके लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। अवैध रूप से नौकाओं के जरिए लोगों को खुले समुद्र के रास्ते ब्रिटेन में पहुंचाने के लिए मानव तस्करों द्वारा बड़ी रकम वसूली जाती है। नई साझेदारी द्वारा लक्षित की जा रही ऑनलाइन सामग्री में लोगों के समूहों के लिए छूट की पेशकश, बच्चों के लिए मुफ्त स्थान, फर्जी दस्तावेजों की पेशकश और सुरक्षित मार्ग के झूठे दावे शामिल होंगे। सरकार का कहना है कि ए सभी लाभ के लिए कमजोर लोगों को लक्षित कर खतरनाक और अवैध यात्राओं के माध्यम से उनके जीवन को खतरे में डालते हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास-सह-कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट द्वारा जारी एक बयान में सुनक ने कहा, नावों को रोकने के लिए, हमें शुरुआती स्तर पर ही कुटिल लोगों के कामकाज के तरीके से निपटना होगा। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि लोगों को अवैध रूप से सीमा पार करने के लिए लुभाने और जीवन को जोखिम में डालकर लाभ कमाने के उनके (मानव तस्करों) प्रयासों पर नकेल कसना। तकनीकी कंपनियों की यह नई प्रतिबद्धता इन अपराधियों के खिलाफ लड़ने के हमारे प्रयासों को दोगुना कर देगी, उनके घृणित व्यापार को बंद करने के लिए मिलकर काम करेगी।

# रेटिनॉल: आधुनिक एंटी-एजिंग त्वचा देखभाल के लिए जरूरी

**भाषा।** न्यूयार्क

**त्वचा देखभाल** के शौकीनों और निर्माताओं द्वारा प्रचारित चमत्कारिक सामग्रियों में रेटिनॉल सबसे लोकप्रिय में से एक है। यह एक शक्तिशाली घटक है जो झुर्रियों से लेकर मुँहासे तक त्वचा संबंधी कई तरह की समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है। लेकिन यह कैसे काम करता है और क्या आपको तत्काल बाजार जाकर जो सबसे पहले दिखाई दे वहीं रेटिनॉल उत्पाद खरीद लेना चाहिए?

रेटिनोल क्या है? रेटिनॉल एक सामान्य शब्द है जिसका उपयोग अक्सर विटामिन ए और अन्य रेटिनोइड्स (वसा में घुलनशील यौगिकों का एक समूह जिसमें रेटिनॉल और अन्य संरचनात्मक रूप से संबंधित पदार्थ होते हैं) का वर्णन करने के लिए किया जाता है। विटामिन ए एक आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व है जो अधिकांश स्तनपाई प्रजातियों में विभिन्न शारीरिक कार्यों को सहज तरीके से करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सामान्य दृष्टि को बढ़ावा देता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है, प्रजनन में सहायता देता है और इष्टतम वृद्धि और विकास को बढ़ावा देता है।त्वचा की देखभाल में विटामिन ए लोकप्रिय हो गया है क्योंकि इसे अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा एक एंटी-एजिंग एजेंट के रूप में अनुमोदित किया गया है जो त्वचा की सतह की स्थिति को बदल देता है। यह त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है और, चूंकि यह कोलेजन और इलास्टिन जैव संश्लेषण को उत्तेजित करता है, यह त्वचा के पुनर्योजी तंत्र को बढ़ा सकता है। रेटिनॉल के एंटीऑक्सीडेंट गुण त्वचा को पराबैंगनी प्रकाश, जैसे सूरज के संपर्क में आने से होने वाले फोटोडैमेज से बचाने में भी मदद करते हैं।रेटिनॉल के व्युत्पन्नों में से एक, रेटिनोइक एसिड का उपयोग त्वचा विकारों के उपचार के लिए भी किया जाता है, जैसे कि फोटोडैमेज, मुँहासे वल्गरिस, झुर्रियाँ, सोरायसिस और हाइपरट्रॉफिक निशान, केलोइड्स और स्क्लेरोडर्मा।



## रेटिनिल रेटिनाल का हल्का रूप

रेटिनॉल, रेटिनॉल की तुलना मे विटामिन ए का अधिक स्थिर रूप है। सबसे आम रूप रेटिनिल एसीटेट और रेटिनिल पामिटेट है। क्रियाशील होने के लिए रेटिनिल को त्वचा द्वारा रेटिनॉल और फिर रेटिनोइक एसिड मे परिवर्तित करने की आवश्यकता होती है।रेटिनिल रेटिनॉल की तुलना मे रेटिनोइड का एक हल्का रूप है, और अक्सर त्वचा देखभाल उत्पादो मे उपयोग किया जाता है जो महत्वपूर्ण एंटी-एजिंग लाभ प्रदान करने के बजाय त्वचा को पोषण और मॉइस्चराइज करने, त्वचा की बनावट और जलयोजन मे सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते है। रेटिनॉल की तुलना मे इसकी कम क्षमता के कारण, यह त्वचा के लिए कम परेशान करने वाला है, जो इसे संवेदनशील त्वचा वाले लोगों या विटामिन ए उत्पाद पहली बार इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए उपयुक्त बनाता है। रेटिनाल्डिहाइड: रेटिनल्डिहाइड, जिसे रेटिनल भी कहा जाता है, रेटिनॉल से अधिक शक्तिशाली है लेकिन रेटिनोइक एसिड से कम शक्तिशाली है। आणविक दृष्टि से, यह रेटिनॉल की तुलना मे रेटिनोइक एसिड के करीब है और जैविक रूप से सक्रिय होने के लिए रूपांतरण के केवल एक और चरण की आवश्यकता होती है। रेटिनोइक एसिड के निकट होने के कारण, रेटिनॉलडिहाइड को रेटिनॉल की तुलना मे त्वचा लाभ पैदा करने मे अधिक कुशल माना जाता है। रेटिनल ने कुछ बैक्टीरिया के खिलाफ जीवाणुरोधी गुण भी दिखाए है। हालाँकि, रेटिनॉल की तुलना में रेटिनल अधिक अस्थिर है इसलिए इसे एक स्थिर फॉर्मूलेशन मे तैयार करना बहुत चुनौतीपूर्ण है, जो बताता है कि बाजार मे बहुत कम रेटिनल कॉस्मेटिक उत्पाद क्यों है।किसे चुनना हैरेटिनोइड उत्पाद विभिन्न शक्तियों मे उपलब्ध है, निम्न से लेकर उच्च सांद्रता तक। आम तौर पर, ओवर-द-काउंटर कॉस्मेटिक उत्पादो मे रेटिनॉल सांद्रता 0.1ऊ से ।ऊ तक हो सकती है। ए सांद्रता प्रिस्क्रिप्शन-स्ट्रेंथ रेटिनोइड्स से कम है, जिनमे अधिक मात्रा मे रेटिनॉल या ट्रेटिनोइन जैसे अधिक शक्तिशाली डेरिवेटिव हो सकते है। लेकिन यूरोपीय संघ विनियमन सौंदर्य प्रसाधनो मे रेटिनॉल और इसके समकक्षो के उपयोग को बॉडी लोशन मे 0.05ऊ और हाथ और चेहरे की क्रीम और अन्य लीव-ऑन या रिंस-ऑफ उत्पादो मे 0.3ऊ की अधिकतम सांद्रता तक सीमित करता है। यही कारण है कि आप यूरोप या यूरोप के साथ ज्यादा व्यापार करने वाले देशो की तुलना मे अमेरिका जैसे बाजारो मे बिक्री पर मजबूत रेटिनॉल उत्पाद देख सकते है।रेटिनिल एस्टर सबसे अधिक स्थिर होते है लेकिन प्लेसिबो की तुलना मे त्वचा पर उपयोग करने पर इनमे कोई महत्वपूर्ण अंतर नही दिखता है। इसलिए, रेटिनॉल और रेटिनल का चयन करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

## पोप का स्वास्थ्य ठीक, पुर्तगाल में युवाओं से किया सीधा संवाद

**पेपल प्लेन से।** पोप फ्रांसिस ने कहा कि वह हाल में हुई पेट की सर्जरी के बाद स्वस्थ हो रहे है तथा उन्होंने पुर्तगाल के पांच दिवसीय दौरे पर पहले से तय किए भाषण देने के बजाए युवाओं से सीधा संवाद किया। फ्रांसिस ने लिस्बन में विश्व युवा दिवस उत्सव की अध्यक्षता की और उनसे वहां से स्वदेश लौटते वक्त रविवार को उनकी सेहत के बारे में पूछा गया। उनकी जून मे पेट की सर्जरी हुई थी तथा वह नौ दिन तक अस्पताल मे भर्ती रहे थे। अपने स्वास्थ्य के बारे में पोप ने कहा कि उनके पेट में आए टांके हटा दिए गए है लेकिन उन्हें अच्छी तरह स्वस्थ होने के लिए दो से तीन महीने सुरक्षात्मक बेल्ट पहननी होगी। उन्होंने कहा, मेरा स्वास्थ्य ठीक है। पोप ने कहा कि उन्होंने पहले से तैयार किए भाषण नही दिए क्योंकि उन्होंने महसूस किया कि युवा लोगो पर बहुत ज्यादा ध्यान नही दिया जाता है और उन्हें उनसे बात करने की जरूरत है न कि उन्हें लंबे-चौड़े भाषण या प्रवचन देने की। पोप ने साथ ही कैथोलिक चर्च में एजीबीटीक्यू प्लस कैथौलिक लोगों का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा, चर्च मां है। हममें से हर कोई चर्च में ईश्वर को तलाशता है और चर्च मां है तथा हर किसी को उसकी राह दिखाता है...।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 अगस्त 2023



# प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

**भाषा।** चंडीगढ़

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के राज में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को विपक्षी दल को आड़े हाथ लिया और कहा कि आजादी के चार दशक बाद तक पार्टी को यह समझ नहीं आया कि गांवों में पंचायती राज प्रणाली लागू करना कितना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए फरीदाबाद के सूरजकुंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो दिवसीय कार्यक्रम हरियाणा क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस के राज में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए।

● **कहा, पार्टी चार दशक तक नहीं समझ सकी कि पंचायती राज प्रणाली लागू करना कितना जरूरी है**



मोदी ने कहा कि देश आज विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने और अमृत काल के प्रस्तावों को साकार करने की दिशा में एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, इस अमृत काल की 25 वर्ष की यात्रा के दौरान हमें पिछले दशकों के अनुभवों को भी याद रखना होगा। मोदी ने कहा, आजादी के चार दशकों तक कांग्रेस यह नहीं समझ पाई कि गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करना कितना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बाद में स्थापित जिला पंचायत प्रणाली को भी उसके हाल पर छोड़ दिया। मोदी ने कहा, इसका नतीजा यह हुआ कि गांवों में रहने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को सड़क, बिजली, पानी, बैंक और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए तरसना पड़ा... इस लापरवाही की वजह से आजादी के सात दशक बाद भी देश के लगभग 18,000 गांवों में बिजली नहीं पहुंच सकी थी। उनकी सरकार द्वारा किसानों के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी की गारंटी चुनावी वादा नहीं है। मोदी जब गारंटी देता है तो उसे जमीन पर भी उतारता है। सूरजकुंड में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, भाजपा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ और अन्य नेता भी मौजूद थे। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सहित भाजपा से जुड़े उत्तर भारत के राज्यों के जिला परिषद अध्यक्ष, जिला पंचायत प्रमुख सहित कुल 182 प्रतिनिधि शामिल हुए। नड्डा ने कहा कि अगली कार्यशाला 12-13 अगस्त को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में आयोजित की जाएगी जिसमें 134 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने कभी पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया और कांग्रेस शासन में अधिकतर कार्य कागजों तक सीमित रहे एवं जम्मू-कश्मीर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त कने के बाद पहली बार वहां जिला स्तर पर ग्राम पंचायत चुनाव कराए गए। वहां जमीनी स्तर पर स्थापित लोकतंत्र में पहली बार 33 हजार प्रतिनिधियों का चुनाव संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि आज देश एकजुट होकर विकसित भारत के लक्ष्य को मूर्त रूप देने और अमृत काल के संकल्पों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, विकसित भारत का मार्ग टियर-2, टियर-3 शहरों और गांवों से होकर गुजरता है। मुख्य शहरों से दूर के कस्बों और छोटे शहरों में उम्मीद की नई किरण एवं ऊर्जा दिखाई देती है। उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा, पंचायतों के पास किसी भी क्षेत्र में बदलाव की ताकत है और इसलिए इस संदर्भ में भाजपा प्रतिनिधियों के तौर पर आपकी भूमिका बहुत अहम बन जाती है। भाजपा प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें पंचायती प्रणाली के लाभ को कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक ले जाना है। उन्होंने कहा, आज केंद्र सरकार प्रत्एक योजना की शत प्रतिशत संतृप्तता के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। यह तभी संभव है जब हम इस लक्ष्य को प्रत्एक गांव में हासिल करें। प्रधानमंत्री ने कहा, जब हम 100 प्रतिशत लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचा देंगे तब जातिवाद, परिवारवाद, मेरा-तेरा नहीं बचेगा। वास्तविक सामाजिक न्याय के भाव के साथ भ्रष्टाचार की कोई आशंका नहीं होगी।

# बिहार जातिगत गणना: शीर्ष अदालत का उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जातिगत गणना को मंजूरी देने के पटना उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया और इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 14 अगस्त तक के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) एक सोच एक प्रयास की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की। अपीलकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सी एस वैद्यनाथन ने यह कहते हुए मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया कि इसी मुद्दे पर सुनवाई वाली अन्य याचिकाएं सूचीबद्ध नहीं हैं। उन्होंने पीठ से मामले की सुनवाई 11 अगस्त या 14 अगस्त को करने का अनुरोध किया। अपीलकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने भी मामले की सुनवाई 14 अगस्त को करने का अनुरोध किया, जिस पर पीठ सहमत हो गई।

एक अपीलकर्ता की तरफ से उपस्थित एक अन्य वकील ने पीठ से उच्च न्यायालय के आदेश से पहले की यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देने का आग्रह किया। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, कौन सी यथास्थिति? हमने इस मामले में नोटिस भी जारी नहीं किया है। हमने इस मुद्दे पर आपको सुना भी नहीं है। आप वास्तव में अपनी बात कर रहे हैं। फिलहाल मामले में यथास्थिति का कोई सवाल ही नहीं है। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में कहा है कि गणना से संबंधित 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। एनजीओ एक सोच एक प्रयास द्वारा दायर याचिका के अलावा एक अन्य याचिका नालंदा निवासी अखिलेश कुमार द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने दलील दी है कि इस कवायद के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है। कुमार की याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, केवल केंद्र सरकार ही जनगणना कराने का अधिकार रखती है। याचिका में कहा गया, वर्तमान मामले में, बिहार ने केवल आधिकारिक राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित करके भारत सरकार की शक्तियों को हड़पने की कोशिश की है। याचिका में कहा गया है कि बिहार सरकार द्वारा जनगणना कराने की पूरी कवायद बिना अधिकार और विधाई क्षमता के है और इसमें गलत इरादे का संकेत मिलता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि राज्य जातिगत जनगणना नहीं कर रहा है, बल्कि केवल लोगों की आर्थिक स्थिति और उनकी जाति से संबंधित जानकारी एकत्र कर रहा है, ताकि सरकार द्वारा उन्हें बेहतर सेवा देने के लिए विशिष्ट कदम उठाए जा सकें।

# न्यायाधीशों की सेवानिवृति आयु बढ़ाने का समर्थन किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद की एक समिति ने उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के कार्यकाल को वर्तमान सेवानिवृति की आयु से आगे बढ़ाने के लिए एक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली की सिफारिश की है। वर्तमान में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की सेवानिवृति की आयु 65 वर्ष है जबकि देश के 25 उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के सेवानिवृति की आयु 62 वर्ष है।

विधि एवं कार्मिक संबंधी स्थाई समिति ने न्यायिक प्रक्रिया और उनमें सुधार विषय पर संसद में पेश रिपोर्ट में कहा है कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में सेवानिवृति के बाद सार्वजनिक करदाताओं द्वारा वित्त पोषित निकायों या संस्थनों में काम (एसाइनमेंट) करने के चलन की पुन: समीक्षा करनी चाहिए ताकि निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने नोट किया है कि कई पक्षकारों ने न्यायाधीशों को सेवानिवृति के बाद दायित्व दिए जाने पर आपत्ति व्यक्त की है।

रिपोर्ट के अनुसार, समिति महसूस करती है कि चिकित्सा विज्ञान की उन्नति और स्वास्थ्य की स्थिति, फैसलों की संख्या एवं गुणवत्ता के आधार पर न्यायाधीशों की सेवानिवृति की आयु बढ़ाए जाने पर विचार करने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया, इसके अनुरूप समिति सिफारिश करती है कि भारत के संविधान के संबंधित अनुच्छेद का संशोधन करने की आवश्यकता है तथा उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु को समुचित रूप से बढ़ाया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि अभी की स्थिति के अनुसार, उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की सेवानिवृति की आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

# केजरीवाल, संजय सिंह को मानहानि मामले में राहत देने से अदालत का इनकार

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात में** अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की ओर से दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में सुनवाई पर अंतरिम रोक लगाने का आग्रह किया था। सत्र न्यायाधीश एजे कनानी की अदालत ने मेट्रोपोलिटन अदालत में चल रहे आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई पर अंतरिम रोक लगाने का आग्रह करने वाली आप नेताओं की याचिकाएं खारिज कर दी हैं। यह मामला गुजरात विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री के सिलसिले में केजरीवाल और सिंह के व्यंगात्मक और अपमानजनक बयानों को लेकर दायर किया था।

● **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री का है मामला**

आप नेताओं के वकील पुनित जुनेजा ने कहा कि अदालत ने शनिवार को अपना आदेश जारी किया और गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा समय मांगे जाने के बाद मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त के लिए मुकर्र कर दी। जुनेजा ने कहा कि केजरीवाल और सिंह ने मानहानि मामले में मेट्रोपोलिटन अदालत के समन को चुनौती देते हुए सत्र अदालत में एक पुनर्विचार याचिका दायर की थी और अपनी मुख्य याचिका के लंबित रहने के दौरान सत्र अदालत से अंतरिम राहत मांगी थी तथा उनकी मुख्य याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया था। मेट्रोपोलिटन अदालत ने दोनों नेताओं को इस संबंध में जारी समन को लेकर 11 अगस्त को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। जुनेजा ने कहा, हमने यहां मेट्रोपोलिटन अदालत में चल रहे आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई पर अंतरिम रोक लगाने के लिए सत्र अदालत में एक याचिका दायर की थी। अदालत ने शनिवार को हमारी याचिका खारिज कर दी और मामले को 21 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

अदालत ने उन्हें इस आधार पर मामले में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया कि दोनों नेताओं ने मेट्रोपोलिटन अदालत से कहा है कि वे 11 अगस्त को उसके समक्ष उपस्थित रहेंगे। जुनेजा ने कहा कि वे गुजरात उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। गुजरात विश्वविद्यालय के कुलसचिव पीयूष पटेल की ओर से दायर मानहानि याचिका में कहा गया है कि विश्वविद्यालय को निशाना बनाने वाली इन दोनों नेताओं की टिप्पणियां अपमानजनक थीं और विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाती हैं।

## चंद्रयान-3 को 100 किमी की कक्षा से नीचे उतारना बहुत महत्वपूर्ण चरण

**नई दिल्ली(भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने सोमवार को कहा कि चंद्रयान-3 अच्छी हालत में है और इसका सर्वाधिक महत्वपूर्ण चरण कक्षा निर्धारण प्रक्रिया होगी, जब अंतरिक्षयान 100 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा से चंद्रमा के करीब जाना शुरू करेगा। प्रक्षेपण यान मार्क-3 रॉकेट से 14 जुलाई को प्रक्षेपित किया गया चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान अब चंद्रमा की 4,313 किलोमीटर (किमी) दीर्घवृत्ताकार कक्षा में मौजूद है और इसे 100 किमी की वृत्ताकार कक्षा में ले जाने के लिए नौ से 17 अगस्त के बीच सिलसिलेवा प्रक्रियाएं किए जाने की जरूरत है। विक्रम लैंडर के चंद्रमा पर 23 अगस्त को उतरने की उम्मीद है। सोमनाथ ने यहां पीटीआई-भाषा से कहा, 100 किमी तक हम कोई कठिनाई नहीं देख रहे हैं। समस्या केवल पृथ्वी से लैंडर की स्थिति का अनुमान लगाने में है। यह माप एक बहुत महत्वपूर्ण माप है।

## क्विक न्यूज

### गौरीकुंड भूस्खलन के लापता लोगों का सुराग नहीं

**रुद्रप्रयाग (भाषा)।** गौरीकुंड भूस्खलन के बाद लापता 20 लोगों को ढूंढने के लिए तलाशी और बचाव अभियान लगातार चौथे दिन सोमवार को भी चलाया गया लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने सोमवार को बताया कि शुक्रवार को गौरीकुंड के पास डाटपुलिया में भारी भूस्खलन के बाद लापता हो गए 20 लोगों की खोजबीन के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है लेकिन उनका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। भूस्खलन में कुल 23 लोग लापता हुए थे जिनमें से तीन के शव घटना वाले दिन ही 50 मीटर नीचे बह रही मंदाकिनी नदी से बरामद हुए थे। रजवार ने बताया कि तलाशी अभियान में ड्रोन कैमरों की सहायता भी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन दलों द्वारा सोमवार को धारी देवी, खांकरा, रूद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, चंद्रापुरी, कुंड बैराज आदि स्थानों में तलाश की गई। हालांकि, अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। घटना के शिकार ज्यादातर लोग नेपाल के हैं। तेइस लोगों में से 17 लोग नेपाल के हैं जबकि छह अन्य स्थानीय निवासी हैं।

### पिछले 10 महीने में केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में कुल 13,371 रिक्तियों को भरा गया

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि मिशन चलाकर भर्ती अभियान के तहत केवल 10 महीने में केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में कुल 13,371 रिक्तियों को भरा गया है। लोकसभा में ए राजा के प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने यह जानकारी दी। सदस्य ने पूछा था कि क्या यह सच है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में मिशन मोड में संकायों की भर्ती की गई है जबकि शिक्षकों के 6,000 से अधिक पद अब भी रिक्त हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि मंत्रालय ने सभी केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों को रिक्तियों को आरक्षित श्रेणी के पदों के लिए एक विशेष अभियान चलाकर भरने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया, तीन अगस्त 2023 तक की स्थिति के अनुसार, मिशन प्रारूप में भर्ती अभियान के तहत केवल 10 महीने में केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में कुल 13,371 रिक्तियों को भरा गया है। प्रधान ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) संसद के संबंधित केंद्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित सांविधिक स्वायत्त संगठन हैं और इसके तहत बनाए गए अधिनियमों, अध्यादेशों, विनियमों के प्रावधान द्वारा संचालित होते हैं। मंत्री ने कहा, रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत प्रक्रिया होती है। उन्होंने कहा कि रिक्तयां सेवानिवृति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के चलते अतिरिक्त आवश्यतकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

### सहस्त्रधारा में सेल्फी लेते नदी में गिरी छात्रा की मौत

**देहरादून (भाषा)।** देहरादून में प्रसिद्ध सहस्त्रधारा पर्यटन स्थल में मेडिकल की एक छात्रा नहाते समय सेल्फी लेने के दौरान पैर फिसलने से नदी में जा गिरी और उसकी मौत हो गई। राजपुर के पुलिस थानाध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने सोमवार को बताया कि उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में पढ़ने वाली स्वाति जैन (20) अपने एक मित्र के साथ रविवार को सहस्त्रधारा घूमने गई थी। उन्होंने बताया कि दोनों सहस्त्रधारा में ऊपर की ओर जाकर नहाने लगे और इसी दौरान स्वाति एक पत्थर पर चढ़कर अपने मोबाइल फोन से सेल्फी लेने लगी। सेल्फी लेने के चक्कर में उसका पैर फिसल गया और वह सीधे नदी में जा गिरी। बारिश के कारण उफनाई नदी के तेज बहाव में स्वाति को बहते देख उसके मित्र तथा अन्य लोगों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने नदी में गहन तलाशी अभियान चलाया और घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर उसे बेहोशी की हालत में रस्सियों की सहायता से बाहर निकाला। चौहान ने बताया कि स्वाति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के खतौली की रहने वाली स्वाति के माता पिता देहरादून पहुंच गए हैं। स्वाति के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के विस्तार के लिए नौ लोगों ने पांच करोड़ रुपए दान किए

**तिरुपति (भाषा)।** तमिलनाडु में नौ लोगों के एक समूह ने चेन्नई स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के विस्तार के वास्ते जमीन खरीदने के लिए तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को सोमवार को पांच करोड़ रुपए का दान दिया। तमिलनाडु राज्य के लिए टीटीडी की स्थानीय सलाहकार समिति (एलएसी) के अध्यक्ष शेखर रेड्डी के नेतृत्व में दानदाताओं के प्रतिनिधिमंडल ने अन्नमय्या भवन में मंदिर निकाय के अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी को मांग ड्राफ्ट (डीडी) सौंपा। टीटीडी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, यह राशि चेन्नई के व्यस्त टी. नगर में वेंकटनारायण रोड पर स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के विस्तार के लिए भूमि की प्रस्तावित खरीद में योगदान देने के लिए दी गई है। एलएसी ने मंदिर के विस्तार के लिए उससे सटी 35 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन को चिह्नित किया है।

# अफ्रीकी ठंड के अनुमान से चीतों की त्वचा पर 45-46 डिग्री की गर्मी में फर विकसित

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र सरकार की** महत्वकांक्षी परियोजना प्रोजेक्ट चीता अहम मुश्किल का सामना कर रही है क्योंकि अफ्रीका से लाकर बसाए गए चीतों की त्वचा पर सर्दी से बचने के लिए मोटी फर विकसित हो रही है और ऐसा अफ्रीकी सर्दी के मौसम के आने के उनके पूर्वानुमान की वजह से है। यह जानकारी सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को दी। अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि यह प्रक्रिया ऐसे समय में हो रही है जब कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी), जहां इन चीतों को बसाया गया है, का तापमान 45-46 डिग्री है।

इस साल मार्च से अब तक मध्यप्रदेश के केएनपी में नौ चीतों की मौत हो चुकी है जिनमें भारत में पैदा हुए तीन शावक भी शामिल हैं जिसके बाद परियोजना के प्रबंधन पर सवाल खड़े हो गए हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ के समक्ष सुनवाई के शुरुआत में भाटी ने कहा कि कुनो में चीतों की मौत समस्या है, लेकिन यह चेतावनी के स्तर पर नहीं है।

न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने केंद्रीय पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय , राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की ओर से पेश हुए भाटी से कहा, 20 चीतों को स्थानांतरित करने के मद्देनजर उनकी मौत की संख्या कम नहीं है। आपके तर्क का एक पहलू ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सबकुछ ठीक है और कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन आम जनता इस बात को लेकर चिंतित है कि इन मौतों पर क्या किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने दक्षिण अफ्रीका के चार वन्य जीव विशेषज्ञों के पत्र पर संज्ञान लिया जिन्होंने कहा है कि कुछ चीतों की मौत को बेहतर निगरानी और पशु चिकित्सा से रोका जा सकता था।

● **केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना प्रोजेक्ट चीता कठिनाइयों का कर रही सामना**

खबरों के मुताबिक विशेषज्ञों ने कथित तौर पर कहा कि उनकी राय को परियोजना परिचालन समिति ने नजरअंदाज किया और उन्होंने कुछ उपचारात्मक कदम के भी सुझाव दिए हैं। पीठ ने भाटी के इस तर्क को संज्ञान में लिया कि केएनपी में चीतों की मौत को रोकने के लिए विशेषज्ञों से सलाह ली जा रही है और जिस पत्र के बारे में कहा जा रहा है कि चार विशेषज्ञों ने लिखा है, उसपर केवल एक विशेषज्ञ का हस्ताक्षर है।

पीठ ने कहा, हमें भारत सरकार के अधिवक्ता पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है। बेहतर है कि इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ दिया जाए क्योंकि अदालत मामले का विशेषज्ञ नहीं है। समिति में किसी विशेषज्ञ की जरूरत संबंधी विषय पर विचार करना केंद्र सरकार का काम है। यह अदालत किसी विशेषज्ञ को समिति में शामिल नहीं करेगी। कुछ विशेषज्ञों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत चंद्र सेन ने कहा कि आपात स्थिति है और एमके रंजीतसिंह और वाईबी झाला जैसे विशेषज्ञों को परियोजना के लिए चीतों के विशेषज्ञ समिति में शामिल किया जाना चाहिए।

पीठ ने सवाल किया कि वह कैसे किसी खास व्यक्ति को विशेषज्ञों की समिति में शामिल करने का निर्देश दे सकती है जब पहले ही दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के विशेषज्ञ शामिल हैं। अदालत ने कहा, सिर्फ इसलिए की आप विशेषज्ञ हैं और आपको सीमिति में शामिल होना हैं? माफ करिए, ऐसा नहीं किया जा सकता। पहले ही पर्याप्त विशेषज्ञ समिति में शामिल हैं। भाटी ने अदालत को बताया कि प्रोजेक्ट चीता के तहत चीता प्रजाति का अंतर महाद्वीपीय स्तर पर स्थानांतरण दुनिया में अपनी तरह की पहली कोशिश है। उपलब्धता के आधार पर अगले पांच साल में हर साल 12 से 14 चीतों का स्थानांतरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि कई मीडिया खबरों में चीतों के बारे में गलत जानकारी दी गई है और इससे बहुत भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट चीता की नियमित जानकारी देने के लिए व्यवस्था बनाने पर विचार किया जा रहा है। भाटी ने कहा, किसी भी चीते की मौत शिकार किए जाने, जहर देने, सड़क दुर्घटना, बिजली का करंट लगने आदि से नहीं हुई है। चीता बहुत ही संवेदनशील प्रजाति है।प्रोजेक्ट चीता सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहा है। प्रोजेक्ट चीता के तहत, सितंबर 2022 और इस साल फरवरी में दो खेप में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से केएनपी में कुल 20 चीतों को लाया गया था। उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2020 में एनटीसीए द्वारा दायर एक याचिका के बाद परियोजना पर 2013 में लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया था। अदालत परियोजना की निगरानी जारी रखे हुए है।

# आध्यात्मिक पर्यटन से पुडुचेरी के विकास को मिल सकता है बढ़ावा : राष्ट्रपति

**भाषा।** पुडुचेरी

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। पुडुचेरी के अपने पहले दौरे के दौरान जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जेआईपीएमईआर) में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि पुडुचेरी आध्यात्मिक पर्यटन के लिए एक अद्भुत गंतव्य है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन एक वैश्विक प्रवृत्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, आध्यात्मिक पर्यटन से पुडुचेरी में सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी में पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत कई कदम उठाए हैं।



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का स्वागत करतीं पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन

इससे पहले, जेआईपीएमईआर में कैंसर रोगियों के इलाज के लिए 17 करोड़ रुपए के अत्याधुनिक उपकरण का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रपति ने कहा कि यह सुविधा रेडियो थेरेपी से होने वाले नुकसान को घटाएगी। उन्होंने पड़ोस के विल्लियानूर में 10.51 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित आयुष अस्पताल का डिजिटल तरीके से उद्घाटन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत इसका निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा की तीन प्रणालियों आयुर्वेद, सिद्ध और होम्योपैथी के तहत सस्ती और संपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सुविधा प्रदान करेगा। साक्षरता और शिक्षा के क्षेत्र में पुडुचेरी द्वारा किए गए विविध विकास की सराहना करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि पुडुचेरी ने विभिन्न संस्कृतियों के मिलन का प्रदर्शन किया और इस कहावत की भावना पर खरा उतरा कि यहां अनेकता में एकता है। पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने राष्ट्रपति का स्वागत पहले उड़िया में, फिर अंग्रेजी तथा तमिल में किया। उपराज्यपाल द्वारा ओडिया में स्वागत करने के भाव पर राष्ट्रपति ने कहा, भारत की हर भाषा मेरी अपनी भाषा हैै। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, गवर्नर मैडम (तमिलिसाई) ने मेरी अपनी मातृभाषा उड़िया में मेरा स्वागत किया लेकिन भारत की हर भाषा मेरी अपनी भाषा हैै।


पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने अपना संबोधन अंग्रेजी में देते हुए क्षेत्रीय सरकार द्वारा जरूरतमंद वर्गों की मदद के लिए लागू की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। इससे पहले, चेन्नई से पुडुचेरी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति का उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों ने स्वागत किया। मुर्मू पुडुचेरी के दो दिवसीय दौरे पर हैं और राष्ट्रपति बनने के बाद इस केंद्र शासित प्रदेश का उनका पहला दौरा है। राष्ट्रपति ने नागरिक अभिनंदन समारोह में हिस्सा लेने के बाद प्रसिद्ध मनाकुला विनायकर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# पूर्वी लद्दाख में विवाद हल करने का हो रहा प्रयास

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और चीन ने पिछले तीन वर्ष में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव वाले पांच-छह बिन्दुओं पर वार्ता के जरिए प्रगति की है तथा बाकी के मुद्दों को हल करने का प्रयास किया जा रहा है। विपक्ष द्वारा सीमा विवाद पर सरकार की आलोचना को खारिज करते हुए उन्होंने पत्रकारों के एक समूह से कहा कि कुछ जटिलाएं हैं और दोनों पक्ष समाधान तलाशने पर काम कर रहे हैं। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कुछ बिन्दुओं पर तीन साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है। दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई इलाकों से सैनिकों को वापस भी बुलाया है।

जयशंकर ने कहा, ऐसा कहा गया था कि हम कुछ नहीं कर पाएंगे, वार्ता सफल नहीं होगी, कोई प्रगति नहीं होगी, सैनिकों को नहीं हटाया जा सकता लेकिन पिछले तीन वर्ष में कुछ प्रमुख बिन्दुओं पर समाधान निकाला गया। पांच-छह इलाकों में काफी तनाव था। वहां प्रगति हुई है। सीमा पर बुनियादी ढांचा विकसित करने की सरकार की प्राथमिकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल अब तेजी से सैनिकों की तैनाती करने तथा चीनी सेना की गतिविधि का प्रभावी जवाब देने के लिए बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि अगर आप पूछे कि 2014 के बाद भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना किसी भी चीनी गतिविधि का बेहतर तरीके से जवाब देने में सक्षम है तो जवाब हां, बिल्कुल है , होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि सीमांत इलाकों में बुनियादी ढांचा तेजी से बढ़ाने पर सरकार द्वारा ध्यान केंद्रित किए जाने के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में सशस्त्र सेनाओं और असैन्य आबादी दोनों की समग्र गतिशीलता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, यह क्षमता साल-दर-साल बढ़ रही है। जयशंकर ने कहा कि उत्तरी सीमा पर बुनियादी ढांचा मजबूत करने से राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष मौजूदा चुनौतियों के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया की राह तय होगी। भारत और चीन के बीच जून 2020 में गलवान घाटी में भीषण झड़प के बाद से संबंधों में तनाव बना हुआ है। जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश, नेपाल और भूटान के साथ भारत कनेक्टिविटी बढ़ा रहा है। विदेश मंत्री ने बताया कि भूटान और असम के बीच रेल संपर्क स्थापित करने के लिए भारत पड़ोसी देश के साथ बातचीत कर रहा है।



नई दिल्ली में सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते विदेश मंत्री एस जयशंकर

# कोरिया को हराकर भारत सेमीफाइनल में

## ● एशियाई चैंपियंस ट्राफी हाकी

भाषा। चेन्नई




**भारत ने** अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए सोमवार को यहां एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के राउंड रोबिन मैच में गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 3–2 से हरा दिया।सोमवार को ही मलेशिया के खिलाफ जापान की हार के कारण मैच से पहले ही सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित कर चुके भारत की ओर से मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में निलाकांता शर्मा (छठे मिनट), हरमनप्रीत सिंह (23वें मिनट) और मनदीप सिंह (33वें मिनट) ने गोल दागे।कोरिया की ओर से किम सुंगह्युन ने 12वें मिनट जबकि यैंग जीहुन ने 58वें मिनट में गोल किया। इस जीत की बदौलत भारत चार मैच में 10 अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है। मेजबान टीम ने तीन मैच में जीत दर्ज की है जबकि एक मैच ड्रॉ छूटा।भारत अपना आखिरी लीग मैच बुधवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि अंतिम चार में जगह सुनिश्चित करने के लिए कोरिया की भिड़ंत मलेशिया से होगी।भारत ने मैच की अच्छी शुरुआती की। निलाकांता ने छठे ही मिनट में भारत को बढ़त दिलाई। शमशेर सिंह ने अच्छा मूव बनाते हुए गेंद सुखजीत के पास पहुंचाई जिन्होंने दो डिफेंडर को छकाते हुए गेंद को निलाकांता के पास पहुंचा दिया। निलकांता ने गेंद को गोल में डालने में कोई गलती नहीं की।भारत को हालांकि जश्न मनाने का अधिक समय नहीं मिला और कोरिया ने छह मिनट बाद ही सुंगह्युन के गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली। सुंगह्युन ने मेनजेई जुंग के पास पर भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को अपने दमदार शॉट से पछाड़ते हुए गोल किया। पाठक अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे।दूसरे क्वार्टर में भारत का दबदबा देखने को मिला। मेजबान टीम ने चार मौके बनाए और 23वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के गोल की बदौलत स्कोर 2–। कर दिया। भारत ने आक्रामक रुख जारी रखा। टीम को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन यह बर्बाद चला गया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 2–। से आगे थी।

### चीन को हराकर पाक सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार

**चेन्नई।** मोहम्मद खान और अफराज के गोल की मदद से पाकिस्तान ने सोमवार को यहां चीन को 2-। से हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदो को बरकरार रखा। दूसरी तरफ चीन इस हार के कारण अंतिम चार मे पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गया। पहले क्वार्टर मे कोई खास गतिविधि नही हुई और इस दौरान दोनो टीम में से कोई भी गोल नही कर पाई। पाकिस्तान को इस बीच दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह उन्हे गोल मे नही बदल पाया। पाकिस्तान को दूसरे क्वार्टर के पांचवे मिनट में फिर से पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर मोहम्मद खान गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाने में सफल रहे। चीन ने हालांकि गेंद की ऊंचाई को लेकर गोल को चुनौती दी लेकिन टीवी अंपायर ने भी पाकिस्तान केपक्ष मे फैसला दिया। इस गोल की बदौलत पाकिस्तान मध्यांतर तक।-0 से आगे था। चीन तीसरे क्वार्टर के शुरू मे गोल करने के लिए उतावला दिखा। उसने जल्द ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे जिशेंग गाओ ने गोल में बदलकर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। पाकिस्तान हालांकि 39वे मिनट मे फिर से बढ़त हासिल करने मे सफल रहा।

### मलेशिया ने जापान को 3-। से हराया

**चेन्नई।** मलेशिया ने जापान की आखिरी क्षणो मे वापसी करने की क्वायद को नाकाम करते हुए सोमवार को यहां 3-। से जीत दर्ज की और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।मलेशिया की तरफ से नजमी जाज़लान (13वे मिनट, पेनल्टी कॉर्नर), अशरन हमसानी (37वे) और शेलो सिल्वरियस (59वे मिनट) ने गोल दागे। जापान ने गोल करने के कई मौके गंवाए। उसके लिए एकमात्र गोल निवा ताकुमा ने 59वें मिनट में किया। इस जीत से मलेशिया के तीन जीत और एक हार से नौ अंक हो गए है।भारत के हाथों 0-5 से करारी हार झेलने के बाद इस मैच मे उतरे मलेशिया ने पहले क्वार्टर में ही जाज़लान के ड्रैग फ्लिक पर किए गए गोल से बढ़त बनाई। मलेशिया को रेफरल के बाद यह गोल मिला था। पिछले मैच में पाकिस्तान को 3-3 से ड्रॉ पर रोकने वाला जापान कुछ अवसरों पर गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन अंतिम क्षणो की चूक के कारण वह बराबरी का गोल नही कर पाया। इसके अलावा उसने कई पेनल्टी कॉर्नर भी बर्बाद किए। हमसानी ने तीसरे क्वार्टर में फित्तरी सारी के शानदार प्रयास को गोल में बदलकर मलेशिया की बढ़त दोगुनी कर दी।

# भारत को पूरन पर लगाना होगा अंकुश

भाषा। प्रोविडेंस




**वेस्टइंडीज** के खिलाफ लगातार तीसरी हार और श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में बेखौफ प्रदर्शन करना होगा।

यहां की धीमी पिचें बल्लेबाजी के अनुकूल नहीं रही हैं लेकिन जैसा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने रविवार को कहा , भारत को 10 . 20 अतिरिक्त रन बनाने के तरीके तलाशने होंगे। भारत को आखिरी बार द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज ने 2016 में हराया था। यहां पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती दो मैच हारने के बाद भारत 0–2 से पीछे है। इस प्रारूप में बल्लेबाजों को पहली गेंद से ही आक्रामक खेलना पड़ता है लेकिन अभी तक भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज ईशान किशन, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव ऐसा नहीं कर पाए हैं। इससे संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव बना है।वर्मा ने हालांकि शानदार पदार्पण करके पिछले दोनों मैचों में उम्दा पारियां खेली। इस साल फोकस वनडे विश्व कप पर होने के बीच गिल, ईशान और सूर्यकुमार को 31 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप से पहले रन बनाने होंगे। हार्दिक ने रविवार को दो विकेट से मिली हार के बाद कहा , बल्लेबाजों को और जिम्मेदारी से खेलना होगा। भारत का बल्लेबाजी क्रम छठे नंबर तक ही है और सातवें नंबर पर हरफनमौला अक्षर पटेल उतर रहे हैं। फॉर्म में चल रहे स्पिनर कुलदीप यादव अंगूठे में सूजन के कारण रविवार को नहीं खेल सके और अभी यह देखना होगा कि वह कल फिट होते हैं या नहीं। गेंदबाजों खासकर स्पिनरों को निकोलस पूरन के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा। पूरन ने युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई का सहजता से सामना किया। पिछले मैच में अक्षर को गेंदबाजी का मौका नहीं दिया गया। हार्दिक और अर्शदीप को दूसरे मैच में स्विंग मिली थी और यही दोनों गेंदबाजी की शुरूआत करेंगे। दो महीने बाद खेल रहे चहल प्रभावी रहे लेकिन बिश्नोई कोई कमाल नहीं कर सके। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने काफी रन दिए जिनकी जगह आवेश खान या उमरान मलिक को उतारा जा सकता है। दूसरी ओर वेस्टइंडीज श्रृंखला जीतने से एक मैच की दूरी पर है।उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की नाकामी की भरपाई पूरन ने बखूबी कर दी है। पूरन और शिमरोन हेटमाएर एक बार फिर भारतीय स्पिनरों पर दबाव बनाना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कहा , हमने 2016 के बाद से भारत को टी20 श्रृंखला में नहीं हराया है और यह कमी इस बार पूरी करेंगे।

### नीरज चोपड़ा के ओलंपिक स्वर्ण पदक की याद में मनाया राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों ने नीरज चोपड़ा की तोक्यो ओलंपिक मे स्वर्ण पदक जीतने की उपलब्धि को चिह्नित करने के लिए सोमवार को राष्ट्रीय भाला दिवस मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतियोगिता ने भाग लिया। अधिकारियो के अनुसार, भाला प्रतियोगिताएं गुजरात, असम, हरियाणा और दिल्ली सहित अन्य राज्यों मे आयोजित की गईं। नीरज ने सात अगस्त 2021 को तोक्यो ओलंपिक के फाइनल में 87.58 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

### निशानेबाजी कोच दीपक दुबे को एशियाई परिसंघ से मिली प्रशंसा

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी टीम से जुड़े सीनियर राइफल कोच दीपक कुमार दुबे को श्रीलंका और इंडोनेशिया में शीर्ष निशानेबाजों और कोचों के लिए एशियाई युवा और कोचिंग शिविर आयोजित करने के लिए एशियाई निशानेबाजी परिसंघ से प्रशंसा मिली है। ओलंपियन राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार की सफलता के सूत्रधार रहे दुबे ने कोलंबो में (20 से 28 जून) और जकार्ता में (एक से 11 जुलाई) शिविर का आयोजन किया।

### अदिति संयुक्त 55वें स्थान पर रहीं

**ट्रून (स्कॉटलैंड)।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में दो अंडर 70 का टूर्नामेंट का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यहां महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। अदिति ने कल की तुलना मे 10 स्थान का सुधार किया है। अदिति और स्कॉटिश ओपन में कट से चूकने वाली दीक्षा डागर अगले दो हफ्ते में एआईजी महिला ओपन और आईएसपीएस हांडा आमंत्रण में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगी।

### कोको गॉ ने डीसी ओपन खिताब जीता

**वाशिंगटन।** अमेरिका की 19 वर्ष की कोको गॉ ने मारिया सक्कारी को 6-2, 6-3 से हराकर डीसी ओपन खिताब जीत लिया जो उनके डब्ल्यूटीए टूर कैरियर का चौथा एकल खिताब है। राजधानी में इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के महिला वर्ग में गॉ सबसे युवा विजेता बनी। फ्रेंच ओपन 2022 उपविजेता गॉ ने एक भी सेट नही गंवाया और चार मैचों में महज 19 गेम हारी। वहीं 33 वर्ष के डैन इवांस पुरूष वर्ग में 1988 के बाद सबसे उम्रदराज चैम्पियन बन गए।

### भारत की अगुवाई करेंगे शेट्टी और हुड्डा

**नई दिल्ली।** उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा अमेरिका मे 25 सितंबर से होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में भारत की 16 सदस्ईय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम का चयन दिल्ली में 26 से 29 जुलाई के बीच हुए ट्रायल में किया गया। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा , ट्रायल काफी प्रतिस्पर्धी था और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटो के लिए ट्रायल अनिवार्य किए जाने के बाद से कई नए चेहरे आए है।

### इंटर मियामी ने एफसी डलास को हराया

**फ्रिस्को।** लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए लगातार तीसरे मैच में गोल किया जिसके दम पर उनकी टीम ने लीग्स कप फुटबॉल में एफसी डलास को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हरा दिया। मेस्सी ने 85वें मिनट में फ्रीकिक पर गोल दागा। इस जीत से इंटर मियामी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है जहां उसका सामना चार्लोट एफसी और ह्यूस्टन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# रोहित को दर्शकों के समर्थन का भरोसा

## ● बारह बरस बाद भारत में वनडे विश्व कप जीतने के लिए कोशिश करेंगे

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा को भरोसा है कि भारत में वनडे विश्व कप के दौरान दर्शकों से मिलने वाले जबर्दस्त समर्थन के दम पर उनकी टीम खिताब जीतेगी। भारत ने 2011 में अपनी मेजबानी में हुए विश्व कप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खिताब जीता था। रोहित ने कहा , मैने इसे इतने करीब से कभी नहीं देखा। हम 2011 में जीते थे लेकिन मैं उस टीम में नहीं था। यह सुंदर ट्रॉफी है और इसके पीछे कई यादें, अतीत, इतिहास है। अमेरिका में रोहित के हवाले से आईसीसी ने कहा , यह बहुत सुंदर है और उम्मीद है कि हम इसे जीतेंगे। टूर्नामेंट भारत के दस शहरों में पांच अक्टूबर से खेला जाएगा। रोहित ने कहा , मुझे पता है कि हम मैदान पर हमें जबर्दस्त समर्थन मिलेगा। यह विश्व कप है और हर किसी को इसका इंतजार रहता है। भारत में यह 12 साल बाद हो रहा है। पिछली बार हमने 2011 में वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी। हमने 2016 में 20 ओवरों का विश्व कप खेला लेकिन वनडे विश्व कप देश में 12 साल बाद हो रहा है।लोग काफी रोमांचित हैं और अभी से हाइप बननी शुरू हो गई है। विश्व कप की अपनी यादों के बारे में रोहित ने कहा , भारत ने 2003 में फाइनल तक अच्छा खेला। सचिन ने इतने रन बनाए। फिर 2007 विश्व कप में हम पहले दौर से बाहर हो गए। 2011 हम सभी के लिए यादगार विश्व कप रहा। मैने घर पर हर मैच, हर गेंद देखी। दो तरह के भाव थे। एक तो टीम में नहीं होने का दुख था और मैने तय किया था कि मैं नहीं देखूंगा। दूसरा भारत के शानदार प्रदर्शन की खुशी थी। उन्होंने कहा , मैने 2015 और 2019 विश्व कप खेला। यह शानदार अनुभव था।हम सेमीफाइनल तक पहुंचे लेकिन फाइनल नहीं खेल सके। अब विश्व कप फिर भारत में है और हम पूरे टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### रोहित भाई हमेशा से मेरी प्रेरणा रहे हैं : वर्मा

**प्रोविडेंस।** युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे शानदार शुरूआत उनके मेंटर रोहित शर्मा से लगातार मिले मार्गदर्शन की देन है। वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों मे शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दूसरे मैच मे अर्धशतक जमाया हालांकि भारत यह मैच भी हार गया। मैच के बाद उन्होने कहा , रोहित भैया हमेशा मुझे खेल का मजा लेने के लिए कहते है। वह हमेशा बताते है कि कैसे खेलना है। बचपन से मेरी प्रेरणा सुरेश रैना भाई और रोहित भाई रहे है। मै अधिकांश समय रोहित भाई के साथ बिताता हूं। पहले आईपीएल मे उन्होने कहा था कि तिलक सभी प्रारूपो मे खेल सकता है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढा। दूसरे मैच के बारे मे उन्होने कहा , विकेट धीमा था और पहले हमें लगा कि 150 . 160 का स्कोर अच्छा होगा। पूरन को श्रेय जाता है जिसने शानदार बल्लेबाजी की। हमें पता था कि अगर एक विकेट मिल गया तो हम मैच बचा सकते है क्योंकि विकेट आसान नही था। उन्होने कहा , वेस्टइंडीज ने उम्दा गेंदबाजी की। उन्होंने तेज हवाओ का फायदा उठाया। अर्धशतक जमाने के बाद अपना जश्न उन्होंने रोहित की बेटी समायरा को समर्पित किया जिसके वह काफी करीब है। यह सैमी के लिए था। रोहित भाई की बेटी। मै उसके काफी करीब हूं।

### मार्नस लाबुशेन आस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप टीम से बाहर

**सिडनी।** मार्नस लाबुशेन को भारत में अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया की 18 सदर्स्ईय प्रारंभिक टीम से बाहर कर दिया गया है। लाबुशेन आस्ट्रेलिया की पिछली वनडे टीम में थे जिसने भारत में तीन मैच खेले थे। जनवरी 2020 में आस्ट्रेलिया टीम में पदार्पण करने के बाद से वह 30 वनडे खेल चुके हैं। लेग स्पिनर तनवीर संघा और हरफनमौला आरोन हार्डी टीम में नए चेहरे हैं। इस 18 सदर्स्ईय टीम में से विश्व कप के लिए अंतिम 15 का चयन किया जाएगा। यही टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ सितंबर में होने वाली श्रृंखला के लिए भी चुनी गई है। कप्तान पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर भी जानकारी दी है जिनकी बाईं कलाई में पांचवें एशेज टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। वह दक्षिण अफ्रीका में टी20 नहीं खेल सकेंगे लेकिन दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ वनडे खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा , पैट को कलाई में फ्रेक्चर हुआ है।

### तेंदुलकर यूनिसेफ के क्षेत्रीय सद्भावना दूत के तौर पर श्रीलंका के स्कूल में पहुंचे

**कोलंबो।** भारत के पूर्व महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोमवार को यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) के सद्भावना दूत के रूप में श्रीलंका के दो स्कूलों का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की। तेंदुलकर 2013 को सफाई और स्वच्छता को लेकर लोगो को प्रेरित करने लिए दक्षिण एशिया के लिए यूनिसेफ का दूत नियुक्त किया गया था। उन्होंने सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी सबारागामुवा प्रांत के केगाले जिले के चुनिंदा स्कूलों का दौरा किया। न्यूजवायर पोर्टल के मुताबिक 50 साल के तेंदुलकर ने दो स्कूलों का दौरा किया जहां उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के छात्रों और सीनियर छात्रों के साथ बातचीत की तथा पुरुष और महिला विद्यार्थियों की टीमो के साथ क्रिकेट के खेल में भी भाग लिया। प्रांतीय गवर्नर नवीन डिसनायके ने सोशल मीडिया मंच एक्स (ट्विटर) पर तेंदुलकर के साथ मुलाकात की तस्वीरों को साझा करते हुए कहा कि जब इस दिग्गज क्रिकेटर ने प्रांत के एक प्री-स्कूल का दौरा किया तो उनसे दिलचस्प बातचीत हुई।

### पीसीबी ने इंजमाम को फिर मुख्य चयनकर्ता बनाया

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम उल हक को दोबारा अपना मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया। पूर्व कप्तान इंजमाम का मुख्य चयनकर्ता के रूप में यह दूसरा कार्यकाल होगा।इंजमाम ने इससे पहले 2016 से 2019 के बीच मुख्य चयनकर्ता की भूमिका निभाई थी।विश्व कप 1992 विजेता टीम के सदस्य इंजमाम ने पिछले हफ्ते वेतनभोगी चयनकर्ता बनने पर हामी भरी थी।इंजमाम ने 120 टेस्ट में 25 शतक और 46 अर्धशतक की मदद से 49.60 की औसत से 8830 रन बनाए। उन्होंने 378 एकदिवसीय मे 39.52 के औसत से 11739 रन बनाए जिसमें 10 शतक और 83 अर्धशतक शामिल है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेला।मुख्य चयनकर्ता के रूप में अपनी नई भूमिका में इंजमाम हारून रशीद की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले महीने पद छोड़ दिया था।इंजमाम को कुछ महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की टीम का चयन करना होगा जिसमें अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाला 50 ओवर का विश्व कप भी शामिल है।

### अंपायर की आलोचना के लिए पूरन पर जुर्माना

**प्रोविडेंस (गुयाना)।** भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मे वेस्टइंडीज की जीत के हीरो विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन पर सोमवार को यहां मैच के दौरान अंपायरो की सार्वजनिक आलोचना करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। पूरन का अपराध लेवल एक का था। उन्हें खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ की आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.7 का दोषी पाया गया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी घटना की सार्वजनिक आलोचना से जुड़ा है। पूरन ने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रैफरी रिची रिचर्डसन की फटकार की प्रस्तावित सजा को भी स्वीकार कर लिया जिसके कारण औपचारिक सुनवाई की जरूरत नही पड़ी। जोड़ा गया जिनका पिछले 24 महीने के समय मे यह पहला अपराध है। पारी के चौथे ओवर मे पगबाधा के फैसले के रिव्यू के बाद यह घटना हुई। पूरन ने अंपायरो की आलोचना की क्योंकि उन्होने फैसले के लिए खिलाड़ियों के रिव्यू का इस्तेमाल किया जबकि उन्हे लगता था कि बल्लेबाज साफ नॉट आउट है। मैदानी अंपायरो लेस्ली रीफर और नाइजेल डुगुइड, तीसरे अंपायर ग्रेगरी ब्रेथवेट और चौथे अंपायर पैट्रिक गस्टार्ड ने आरोप लगाए। लेवल एक के अपराध की न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार और अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना तथा एक या दो डिमेरिट अंक है।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने लारा को हटाकर विटोरी को मुख्य कोच नियुक्त किया

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने पूर्व दिग्गज ब्रायन लारा के साथ दो सत्र तक चले गठबंधन को तोड़कर न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी को अपना मुख्य कोच नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। यह न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी का आईपीएल मे दूसरा कोचिंग कार्यकाल होगा। उन्होंने इससे पहले 2014 से 2018 तक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को कोचिंग दी थी। विटोरी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के सहायक कोच के तौर पर काम किया है। उन्होंने इससे पहले बांग्लादेश के साथ स्पिन सलाहकार के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी है। सनराइजर्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर ऑरेंज आर्मी हैशटैग के साथ लिखा, कीवी (न्यूजीलैंड के खिलाड़ी) दिग्गज डेनियल विटोरी टीम में मुख्य कोच के रूप में शामिल हुए है। पूर्व दिग्गज वामहस्त स्पिनर विटोरी वर्तमान में द हंड्रेड टूर्नामेंट मे बर्मिंघम फीनिक्स को कोचिंग दे रहे है। विटोरी ने आरसीबी के साथ अपने कार्यकाल के दौरान टीम को 2015 मे आईपीएल प्लेऑफ और 2016 मे फाइनल तक पहुंचाया था। लारा से अलग होने की पुष्टि करते हुए एसआरएच ने कहा, लारा के साथ जैसे ही हमारा दो साल का जुड़ाव खत्म हुआ, हमने उन्हे अलविदा कह दिया।

# ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत और पाकिस्तान मजबूत दावेदार :मैकग्रा

## ● विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना

भाषा। चेन्नई



पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने अक्टूबर–नवंबर में भारतीय सरजमीं पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए सोमवार को यहां भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने का दावेदार बताया। मैकग्रा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप से पहले भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने का फायदा मिलेगा। पिछले कुछ समय से आईसीसी प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का दबदबा रहा है। मैकग्रा का मानना है कि यह इन दोनों टीमों के पास अंतिम चार में पहुंचने का सबसे अच्छा मौका है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ने एमआरएफ पेस फाउंडेशन की अपनी यात्रा के दौरान कहा, ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम वनडे से काफी अलग है, मुझे लगता है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली शीर्ष चार टीमों में से एक है। ऑस्ट्रेलिया को बड़े टूर्नामेंट और बड़े मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करना पसंद है। वे ऐसे मौके पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं और उनके पास पर्याप्त अनुभव है। टीम में कुछ युवा खिलाड़ी भी है।

### ब्रेक से बुमराह को वापसी करने में मदद मिलेगी

**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने सोमवार को कहा कि चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के कारण भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को फायदा हो सकता है और वह आईसीसी विश्व कप 2023 से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तरोताजा होकर वापसी करेंगे। बुमराह को कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर से उबरने में लगभग एक साल का समय लग गया और वह भारत की ओर से पिछली बार सितंबर 2022 में हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेले थे। यह 29 वर्षीय तेज गेंदबाज अब इस महीने आयरलैंड के खिलाफ उसकी सरजमी पर तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय की श्रृंखला मे भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहा है। मैकग्रा ने कहा, यह इस पर निर्भर करता है कि चोट कैसी है और उसकी क्या अपेक्षा है।

# भगत व कदम को चार देशों के पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्वर्ण

भाषा। नई दिल्ली



**दुनिया** की नंबर एक पुरूष युगल टीम प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने इंग्लैंड के शेफील्ड में चार देशों के पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एसएल3 . एसएल4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भगत ने एकल एसएल3 वर्ग में भी रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा मिश्रित युगल एसएल3 . एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास के साथ रजत पदक जीता। कदम ने एकल एसएल4 वर्ग में कांस्य पदक जीता। भगत और कदम ने भारत के ही दीप रंजन बिसोई और मनोज सरकार को 21–17, 21–17 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। एकल में भगत इंग्लैंड के डेनियल बेथेल से हार गए। मिश्रित युगल में भगत और रामदास को इंडोनेशिया के हिकमत रमदानी और लीनी रात्रि ने 21–17, 21–17 से हराया। भगत ने कहा , युगल के नतीजे से मैं खुश हूं लेकिन एकल और मिश्रित युगल से नहीं। इस साल बेथेल ने मुझे काफी चुनौती दी है और उसे हराने के लिए खेल में सुधार करना होगा। कदम को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान ने 17–21, 21– 15, 21–16 से हराया। अन्य भारतीयों में कृष्णा नागर ने एसएच6 वर्ग में स्वर्ण जीता जबकि मानसी जोशी और टी मुरूगेसन ने महिला युगल एसएल3 . एसयू5 वर्ग में स्वर्ण हासिल किया। पारूल परमार और शांतिया विश्वनाथन ने भी इस वर्ग में पदक जीता। नित्याश्री ने महिलाओं के एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीता ।

### एशियाई खेलों की सूची में शामिल हो सकती है जिमनास्ट दीपा करमाकर

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर को एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल में चुने जाने की संभावना है क्योंकि भारतीय जिमनास्टिक महासंघ (जीएफआई) ने खेल मंत्रालय से उनको टीम में शामिल करने का अनुरोध किया है। रियो ओलंपिक (2016) में चौथे स्थान पर रहकर भारतीय जिमनास्टिक को सुर्खियों में लाने वाली दीपा को मंत्रालय के चयन मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने के कारण 23 सितंबर से शुरू होने वाले आगामी हांग्झोउ एशियाई खेलों के लिए महिला जिमनास्टिक टीम की अंतिम सूची से हटा दिया गया था। खेल मंत्रालय के चयन मानदंड में मुताबिक प्रतियोगिता (एशियाई खेल) शुरू होने से पहले पिछले 12 महीनों के दौरान व्यक्तिगत स्पर्धाओं में खिलाड़ियों का प्रदर्शन 2018 एशियाई खेलों के आठवें स्थान धारक द्वारा हासिल किए।

# भारतीय सेना ने ओडिशा एफसी को 1-0 से हराया

भाषा। कोकराझार (असम)

## ● डूरंड कप फुटबाल

**लिटन शिल के गोल** के दम पर भारतीय सेना ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच में सोमवार को यहां आखिरी 13 मिनट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बाद बावजूद ओडिशा एफसी को।–0 से हराया। शिल ने मैच के 42वें मिनट में गोल किया जो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम के खिलाफ भारतीय सेना को जीत दिलाने के लिए काफी साबित हुआ। शिल को हालांकि रेड कार्ड मिलने के कारण मैच के 77वें मिनट में मैदान से बाहर जाना पड़ा। ओडिशा के डिफेंडर तंकाधर बाग के साथ फाउल करने पर रेफरी ने शिल को रेड कार्ड दिखाया जिसके बाद टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पर मजबूर होना पड़ा।

### मोहन बागान ने पंजाब को 2-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की मौजूदा चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट्स ने डूरंड कप फुटबॉल मैच में आई–लीग विजेता पंजाब एफसी को सोमवार को यहां 2–0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद भी मोहन बागान का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं था और उसे किस्मत का भी साथ मिला। बारिश के बीच खेले गए इस ग्रुप ए के इस मुकाबले में पंजाब एफसी के सेंटर–बैक मेलरॉय असिसी के आत्मघाती गोल से मोहन बागान ने 23वें मिनट में बढ़त ले ली।

### डब्ल्यूएफआई चुनावः उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी, करतार उपाध्यक्ष पद की दौड़ में

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज पहलवान करतार सिंह उन पांच उम्मीदवारो मे शामिल है जो भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के 12 अगस्त को होने वाले चुनाव मे उपाध्यक्ष के चार पदो के लिए दौड़ मे है। बैंकाक (1978) और सियोल (1986) एशियाई खेलो में स्वर्ण पदक जीतने वाले करतार पूर्व मे डब्ल्यूएफआई के महासचिव रह चुके है और उन्हे कई वर्षो का प्रशासनिक अनुभव है। उनके अलावा उपाध्यक्ष पद की दौड़ में असित कुमार साहा (बंगाल), जय प्रकाश (दिल्ली), मोहन यादव (मध्य प्रदेश) और एन फोनी (मणिपुर) शामिल है। अध्यक्ष पद के लिए डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के वफादार संजय कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश) और राष्ट्रमंडल खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण के बीच सीधा मुकाबला होगा। पता चला है कि 38 वर्षीय अनीता को बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित उन छह पहलवानो का समर्थन हासिल है ।

# डेनमार्क हारा, ऑस्ट्रेलिया क्वार्टर फाइनल में

## ● महिला विश्व कप

भाषा। सिडनी



**ऑस्ट्रेलिया ने** सोमवार को यहां डेनमार्क को 2–0 से हराकर महिला विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कैटलिन फोर्ड और हेली रासो ने गोल दागे। खिताब के प्रबल दावेदारों अमेरिका, जर्मनी और ब्राजील के बाहर हो जाने से ऑस्ट्रेलिया के पास चैंपियन बनने का सुनहरा मौका है। टूर्नामेंट का सह आयोजक ऑस्ट्रेलिया शनिवार को ब्रिसबेन में होने वाले क्वार्टर फाइनल में फ्रांस और मोरक्को के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह अच्छी खबर है कि उसकी स्टार स्ट्राइकर सैम केर ने पिंडली की चोट से उबर कर वापसी कर ली है। उन्होंने 75,784 दर्शकों के सामने जब 80वें मिनट में मैदान पर कदम रखा तो उनके प्रशंसकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया।

### नाइजीरिया को हराकर इंग्लैंड क्वार्टर फाइनल में

**ब्रिसबेन।** लाल कार्ड दिखाकर मुकाबले से बाहर की गई स्टार खिलाड़ी लॉरेन जेम्स की गैरमौजूदगी में इंग्लैंड ने सोमवार को यहां नाइजीरिया को पेनल्टी शूट आउट में हराकर महिला फुटबॉल विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह प्री क्वार्टर मुकाबला नियमित और अतिरिक्त समय के बाद गोल रहित बराबर था जिससे नाइजीरिया के पास नौ प्रयास में महिला फुटबॉल विश्व कप मे पहली बार नॉकआउट मुकाबला जीतने का मौका था। लेकिन यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड ने उसकी उम्मीदो पर पानी फेरते हुए पेनल्टी किक में 4-2 से जीत दर्ज की। स्वीडन ने रविवार को पेनल्टी शूटआउट में गत चैंपियन अमेरिका को हराकर बाहर कर दिया था जिससे इंग्लैंड खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है।